य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 19 | अंक 330 | पृष्ठ 12 | मूल्य 5.00 | नई दिल्ली सोमवार, 24 जून, 2024 | आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया, संवत् 2081
दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सप्ताह की शुरुआत प्रेरक विचारों के साथ, जो जीवन में भरेंगे नई ऊर्जा और जोश



**लियोनेल मेसी**
फुटबॉलर

लियोनेल मेसी का आज जन्मदिन है।

# राजस्थान पत्रिका

मंडे मोटिवेशन
MONDAY MOTIVATION

**प्रेरणा**
सर्वोत्तम निर्णय दिमाग से नहीं, बल्कि सहज बुद्धि से लिए जाते हैं।

*जीत का मंत्र देतीं लियोनेल मेसी की प्रेरक बातें-*

1 कभी-कभी, **आपको यह स्वीकार करना होगा** कि आप हर समय जीत नहीं सकते।

2 जीवन में **खेल जीतने या हारने से भी अधिक महत्त्वपूर्ण** चीजें हैं।

3 हासिल करने की इच्छा, **कोशिश करने की तमन्ना ही सबकुछ है।** फिर चाहे परिस्थितियां अनुकूल हों या विपरीत।

4 चांस मिस करते हैं तो **स्कोर करने के अगले मौके के बारे में सोचें।** अफसोस में डूबना छोड़ें।

**18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से :** पहले ही दिन जोर आजमाइश के आसार

# सरकार के चेहरे वही के वही, इस बार सदन का रूप बदला-बदला

**अनंत मिश्रा**
patrika.com

**नई दिल्ली.** अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। सरकार और विपक्ष के बीच कई मुद्दों पर पहले ही दिन जोर आजमाइश के आसार नजर आ रहे हैं। खास बात यह कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में इस बार खास बदलाव नहीं है। सभी बड़े मंत्रालय पुराने मंत्री ही संभाल रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर भी अजीत डोभाल को फिर नियुक्ति दी जा चुकी है। मतलब सरकार लगभग वैसी ही है, जैसी पांच महीने पहले थी, लेकिन पिछली बार के मुकाबले इस बार लोकसभा काफी बदली-बदली नजर आएगी। सदन में सोनिया गांधी समेत अनेक बड़े चेहरे इस बार नजर नहीं आएंगे। भाजपा के पास अकेले बहुमत नहीं है। उसे सहयोगी दलों के समर्थन से सरकार चलानी होगी।

एक दशक के बाद पहला अवसर होगा, जब लोकसभा में मान्यता प्राप्त विपक्ष के रूप में कांग्रेस उपस्थित होगी। देखना दिलचस्प होगा कि क्या राहुल गांधी विपक्ष के नेता का पद संभालते हैं या कोई और यह जिम्मेदारी उठाएगा। शेष@पेज04




### मिलेगा विपक्ष का नेता...

**दस** साल बाद लोकसभा में विपक्ष का नेता नजर आएगा। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 44 और 52 सीटें जीत पाई थी। विपक्षी दल का दर्जा हासिल करने के लिए किसी भी दल को न्यूनतम 55 सीटें जीतना जरूरी है। इस बार कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं, लिहाजा विपक्ष का नेता पद उसके पास जाना तय है।

### इन चेहरों पर रहेगी नजर

**चंद्रशेखर** आजाद, बांसुरी स्वराज, कृति देव बर्मन, कंगना रनौत, वाइकेसी वाइयार, राहुल गांधी, शशि थरूर, अखिलेश यादव, महुआ मोइत्रा, इमरान मसूद, निशिकांत दुबे, गौरव गोगोई, अनुराग ठाकुर।

### पहले दिन पीएम सहित 280 सांसद लेंगे शपथ

**लोकसभा** सत्र के पहले दिन सोमवार को प्रोटेम स्पीकर भर्तहरि महताब अपने पैनल को सांसद पद की शपथ दिलाएंगे। उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मंत्री परिषद में शामिल 58 लोकसभा सदस्यों को सांसद पद की शपथ दिलाएंगे। बाद में अल्फाबेटिकलक्रम में राज्यों के सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी। पहले दिन 280 सांसदों का शपथ ग्रहण होगा। शेष सांसदों को मंगलवार को शपथ दिलाई जाएगी। स्पीकर का चुनाव बुधवार को होगा तथा गुरुवार को संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण होगा। संबंधित@पेज 02

**नहीं दिखेंगे ये चेहरे**

**सोनिया** गांधी, अधीर रंजन चौधरी, स्मृति ईरानी, मेनका गांधी, महबूबा मुफ्ती, उमर अब्दुल्ला, ब्रजभूषण शरण सिंह, अर्जुन मुंडा लोकसभा में नजर नहीं आएंगे। ढाई दशक बाद पहला मौका होगा, जब सोनिया गांधी सदन में नजर नहीं आएंगी। वह राज्यसभा में पहुंच गई हैं। 20 साल बाद गांधी परिवार से सिर्फ एक सांसद लोकसभा में दिखेगा।

**विवाह**

## एक-दूजे के हुए सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल



**मुंबई.** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल रविवार को शादी के बंधन में बंध गए। मुंबई में सोनाक्षी के घर पर पहले सगाई की रस्में हुई और उसके बाद सिविल मैरिज की गई। देर शाम रिसेप्शन हुआ। समारोह में सोनाक्षी सिन्हा के पिता और अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा और मां पूनम सिन्हा ने मेहमानों की अगवानी ही। इस दौरान फिल्म जगत की कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद थी।

## न्यूज विंडो

### पहली बार अफगान टीम से हारा ऑस्ट्रेलिया

**सेंट विंसेंट@पत्रिका.** टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर 8 के मुकाबले में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हराकर उलटफेर कर दिया। ऑस्ट्रेलिया पहली बार अफगानिस्तान से हारा है। सोमवार को ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला भारत से होगा।
विस्तृत@स्पोर्ट्स&गेमिंग

### मां-बेटी की हत्या के बाद नेता ने दी जान

**चंडीगढ़@ पत्रिका.** पंजाब के बरनाला में अकाली दल के नेता कुलवीर सिंह मान ने अपनी मां, बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। पालतू श्वान को भी गोली मारने के बाद उन्होंने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय कुलवीर की पत्नी दूध लेने गई हुई थीं। पुलिस के मुताबिक कुलवीर कुछ दिन से डिप्रेशन में थे।

### लड़के ने मजाक में भेजी बम की धमकी

**नई दिल्ली@पत्रिका.** विमानों में बम की झूठी सूचना देने के दो मामलों में पुलिस ने दिल्ली में 13 साल के नाबालिग व चेन्नई में 27 साल के युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि नाबालिग लड़के ने कुछ दिन पहले बम की झूठी सूचना का फोन करने वाले किशोर की खबरों से प्रभावित होकर मजाक में दुबई जाने वाले विमान में बम का ई-मेल भेजा था।

**पहली बार :** सुकमा के जंगलों में तलाशी के दौरान पर्दाफाश

# नक्सलियों के अड्डों से पकड़ी नकली नोट छापने की मशीन

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**रायपुर.** फंड की कमी से जूझ रहे नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ में नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। राज्य के सुकमा जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान यह खुलासा हुआ। पहली बार नक्सलियों के पास नोट छापने की मशीन पकड़ी गई है। सुरक्षा बलों ने नकली नोटों के सैंपल, प्रिंटर, बड़ी मात्रा में स्याही और अन्य सामग्री बरामद की। इसके अलावा 50, 100, 200 और 500 रुपए के नकली नोट भी बरामद किए हैं। जवानों को आता देख नक्सली जंगल की आड़ लेकर भाग गए।

सुकमा पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सली नकली नोट छापकर खपाने की फिराक में हैं। पुलिस, डीआरजी बस्तर फाइटर के साथ सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने हेतुग्राम मैलासूर, कोराजगुड़ा, दंतेशपुरम और आसपास के इलाके के जंगलों में तलाशी अभियान शुरू किया। कोराजगुड़ा के जंगलों में अलग-अलग जगह नक्सलियों की ओर से छिपाकर रखे गए नकली नोट बनाने के उपकरण, कलर प्रिंटर, इन्वर्टर, कलर इंक, लोडेड बंदूक, वायरलेस सेट और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई।

सुकमा के एसपी किरण चव्हाण ने आम लोगों से अपील की है कि नक्सलियों के पैसों का उपयोग न करें। उन्होंने बताया कि जिले में नकली नोटों की खपत रोकने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा मीटिंग के जरिए जानकारी दी जाएगी।

**नक्सल विरोधी अभियान में सफलता**



सुकमा में रविवार को बरामद की गई नकली नोट छापने की सामग्री।

### साप्ताहिक बाजारों में खपा रहे थे

**बड़े** नक्सली कैडरों ने 2022 में एरिया कमेटी के एक-एक नक्सली सदस्य को नकली नोट छापने का प्रशिक्षण दिया था। नक्सली नकली नोट छापकर अंदरूनी इलाकों के साप्ताहिक बाजारों में खपा रहे थे। एक अधिकारी ने कहा, खुद को आदिवासियों का हितैषी बताने वाले नक्सली नकली नोट छापकर उन्हीं के साथ छल-कपट कर रहे हैं। वे आदिवासियों के सामान को नकली नोट से खरीद रहे थे। नकली नोटों से भारतीय अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा था।

### आइईडी ब्लास्ट से ट्रक उड़ाया, दो जवान शहीद

**सुकमा/जगदलपुर.** सुकमा जिले के जगरगुंडा इलाके में नक्सलियों ने रविवार को एक ट्रक को आइईडी ब्लास्ट से उड़ा दिया। धमाके में 201 कोबरा बटालियन के दो जवान शहीद हो गए। यह हमला सुकमा व बीजापुर जिले की सरहद पर सिलगेर से टेकलगुड़ेम के बीच हुआ। सूत्रों के मुताबिक जवान सिलगेर से टेकलगुड़ेम रवाना हुए थे। आइईडी की चपेट से आने से 201 कोबरा वाहिनी के ट्रक चालक और सहचालक की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य जवान सुरक्षित हैं। शहीद जवानों के नाम विष्णु आर. और शैलेन्द्र बताए गए। उनके शव घटनास्थल से मुख्यालय लाए गए।

**नापाक हरकत :** पाकिस्तान की सेना करती है इस्तेमाल

## जम्मू-कश्मीर में आतंकियों तक पहुंचा चीन का 'अल्ट्रा सेट'

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**श्रीनगर.** चीन द्वारा पाकिस्तान की सेना को दिए गए अत्याधुनिक दूरसंचार उपकरण 'अल्ट्रा सेट' जम्मू-कश्मीर में आतंकियों तक पहुंच गए हैं। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के रडार से बचाने के लिए अब आतंकी एक दूसरे से संपर्क के लिए इनका इस्तेमाल कर रहे हैं। इस साल 26 अप्रेल को सोपोर में मारे गए दो आतंकियों और सुरनकोट में हुई मुठभेड़ में ढेर चार विदेश आतंकियों से अल्ट्रा सेट बरामद हुए थे।

अल्ट्रा सेट के आतंकियों के पास से मिलने से स्पष्ट है कि पाकिस्तानी सेना जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता और हिंसा के लिए आतंकियों की घुसपैठ कराने, गोला-बारूद व हथियार और चीन निर्मित उपकरण मुहैया करा रही हैं। इनका इस्तेमाल पाकिस्तान की सेना खुद भी करती है।

व्हाइट नाइट कॉर्प के वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि भारत में आतंक फैलाने का काम कौन कर रहा है यह दुनिया जानती हैं। आतंकी तो सिर्फ मोहरा हैं। पाकिस्तानी सेना आतंकियों को हथियार, ट्रेनिंग देने का काम पहले से ही करती रही है। ऐसे यह सेट देना कोई बड़ी बात नहीं हैं। इसमें बड़ी बात यह है कि इस हैंडसेट का इस्तेमाल आतंकी करते हैं तो उन्हें चीनी सेटेलाइट का इस्तेमाल करना पड़ता है यानी साजिश में अब सिर्फ पाकिस्तान ही नहीं है।

### ऐसे काम करता है दूरसंचार उपकरण

**अल्ट्रा** सेट रेडियो तरंगों के आधार पर काम करता है। यह उपकरण चीन के सेटेलाइट आधारित हैं। इसमें कालिंग व मैसेजिंग दोनों सुविधाएं हैं। कोई भी दो अल्ट्रा सेट आपस में सीधे नहीं जुड़े होते। प्रत्येक अल्ट्रा सेट के माध्यम से पाकिस्तान में स्थित मास्टर सर्वर से जुड़ा होता है। इस सर्वर में संदेशों को डिकोड कर लक्षित जगह सेटेलाइट के माध्यम से पहुंचाया जाता है। एक तरह से अल्ट्रा सेट मोबाइल फोन और विशेष रेडियो सेट का मिश्रण है।

**नीट विवाद :** सीबीआइ ने एफआइआर दर्ज कर शुरू की जांच, दो विशेष टीमें जाएंगी पटना और गोधरा

# पेपर लीक के तार बिहार के बाद महाराष्ट्र से जुड़े, नांदेड़ की स्कूल के दो अध्यापकों से पूछताछ

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर जारी बवाल के बीच रोज नए खुलासे हो रहे हैं। परीक्षा में गड़बड़ी के तार न केवल बिहार, बल्कि महाराष्ट्र से भी जुड़े हुए हैं। एटीएस ने नांदेड़ के दो शिक्षकों संजय तुकाराम जाधव और जलील उमर खान पठान को हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोनों जिला परिषद के स्कूल में पढ़ाते हैं और निजी कोचिंग भी चलाते हैं। बताया जाता है कि दोनों को कई घंटों की पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। उन्हें फिर पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। सीबीआइ ने परीक्षा में गड़बडियों को लेकर शिक्षा मंत्रालय से मिली जानकारी के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ पहली एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीबीआइ ने 120-बी, 420 समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया है। सीबीआइ ने जांच के लिए दो विशेष टीमें बनाई हैं। टीमें पटना और गोधरा जाकर जांच करेंगी। इस बीच बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने केंद्र सरकार को सौंपी रिपोर्ट में कहा है कि उसकी जांच से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि नीट परीक्षा में पेपर लीक हुआ था। रिपोर्ट में एक अंतरराज्यीय गिरोह की संलिप्तता व बिहार के कुख्यात 'सॉल्वर गिरोह' की संदिग्ध भूमिका का जिक्र किया गया है। ईओयू ने छह पृष्ठ की रिपोर्ट में कहा कि कथित प्रश्नपत्र की फोटोकॉपी के जले हुए अवशेषों की जब्ती, आरोपियों से पूछताछ तथा दो अन्य परीक्षार्थियों से पूछताछ से पेपर लीक होने के संकेत मिलते हैं। इस बीच बिहार पुलिस की ओर से की जा रही जांच भी सीबीआइ को सौंप दी है।

**डिजिटल लॉक नहीं कर रहे थे काम :** ईओयू की जांच में एक और गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एटीए) की ओर से परीक्षा केंद्रों पर जो बुकलेट बॉक्स भेजे गए थे, उनमें डिजिटल लॉक था। शेष@पेज04

**अब बड़े खुलासे की उम्मीद**



**पटना.** नीट पेपर लीक के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी।

### ग्रेस मार्क्स : परीक्षा नहीं दी आधे अभ्यर्थियों ने

**परिणाम** में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 अभ्यर्थियों के लिए रविवार को देश के छह शहरों में दोबारा परीक्षा हुई। इसमें 813 अभ्यर्थी शामिल हुए, वहीं 750 ने परीक्षा नहीं दी। चंडीगढ़ में सिर्फ दो अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया था। दोनों नहीं पहुंचे।

### घोटाले के लिए शीर्ष अफसर दोषी : खरगे

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने परीक्षा में कथित अनियमितताओं के बाद एनटीए में फेरबदल को लेकर कहा कि इस धांधली की जिम्मेदारी केंद्र सरकार के शीर्ष अधिकारियों पर है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि एनटीए को स्वायत्त निकाय के रूप में पेश किया था, लेकिन इसे भाजपा व संघ के हितों की सेवा के लिए बनाया गया था।



**उत्तर प्रदेश**

## प्रेमिका के चक्कर में डिमोशन, डीएसपी को बनाया कांस्टेबल

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**लखनऊ.** शादीशुदा होने के बावजूद दूसरी महिला से प्रेम के चक्कर में उत्तर प्रदेश के उन्नाव में डिमोशन कर डिप्टी एसपी कृपाशंकर कनौजिया को कांस्टेबल बना दिया गया। उन्हें गोरखपुर में तैनात किया गया है। विभागीय जांच में पाया गया कि कनौजिया ने छह जुलाई, 2021 को पारिवारिक परेशानी का हवाला देकर छुट्टी मांगी थी। छुट्टी मंजूर होने के बाद वह घर नहीं गए। वह कानपुर की एक होटल में महिला सिपाही के साथ ठहरे थे। उनकी पत्नी से उनके घर नहीं पहुंचने की शिकायत मिलने पर पुलिस मोबाइल लोकेशन के आधार पर होटल पहुंची। वहां सीओ कृपाशंकर महिला सिपाही के साथ मिले। उन्हें तभी सस्पेंड कर दिया गया था। इसके बाद राज्य सरकार ने मामले की पूरी जांच कराई। इसके बाद कनौजिया को रिवर्ट कर कांस्टेबल बनाने की सिफारिश की गई। कनौजिया कांस्टेबल पद से प्रमोशन पाते हुए डीएसपी पद पर पहुंचे थे।

**झरोखा**




**ट्रेंडिंग न्यूज**

**दिल्ली**

### अनशन पर आतिशी की तबीयत बिगड़ी

**नई दिल्ली@पत्रिका.** दिल्ली के जल संकट के खिलाफ दिल्ली की मंत्री आतिशी का अनशन रविवार को तीसरे दिन जारी रहा। उनकी तबीयत बिगड़ने लगी है। दिल्ली सरकार के मुताबिक आतिशी के शुगर लेवल में 16 यूनिट की गिरावट आई। उनका रक्तचाप व वजन भी कम हो गया है।



**डोपिंग केस**

### बजरंग पूनिया फिर किए गए सस्पेंड

**नई दिल्ली@पत्रिका.** नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी ने पहलवान बजरंग पूनिया को डोपिंग रोधी नियम के उल्लंघन को लेकर फिर सस्पेंड कर दिया है। उन्हें नोटिस भेजकर 11 जुलाई तक जवाब मांगा गया है। सोनीपत में नेशनल ट्रायल के दौरान उन्होंने डोप सैंपल देने से मना कर दिया था।

**जमानत मामला**

### अरविंद केजरीवाल पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली@पत्रिका.** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी घोटाले से जुड़े पीएमएलए मामले में निचली अदालत से जमानत के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। केजरीवाल ने याचिका दायर कर जल्द सुनवाई की मांग की है।

**इसरो ने रचा एक और इतिहास** | **इस बार परखा गया ज्यादा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में**

# दोबारा उपयोग की तकनीक वाले 'पुष्पक' के परीक्षण की हैट्रिक

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**बेंगलूरु.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक और इतिहास रच दिया है। उसने रविवार को प्रक्षेपण यान दोबारा इस्तेमाल करने की तकनीक का तीसरी बार सफल परीक्षण किया। इस बार ज्यादा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रक्षेपण यान 'पुष्पक' का परीक्षण किया गया। यह सभी मानकों पर खरा उतरा। परीक्षण में इसरो ने लैंडिंग इंटरफेस और तेज गति में विमान की लैंडिंग की जांच की। शेष@पेज04




### रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल अहम

**भविष्य** में प्रक्षेपण यान को अंतरिक्ष में भेजने, पृथ्वी पर सुरक्षित उतारने और फिर से अंतरिक्ष में भेजने के लिहाज से रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक अहम है। इसकी मदद से मिशन की लागत में कमी आएगी। अभी अंतरिक्ष मिशन में प्रक्षेपण यान की लागत काफी ज्यादा है और एक बार इस्तेमाल के बाद यान को दोबारा इस्तेमाल नहीं किया जाता। नई तकनीक से अंतरिक्ष कचरे की समस्या से भी निपटा जा सकेगा।

**मेडिकल महान :** वैज्ञानिकों ने पहली बार शोध के दौरान सेहतमंदों पर किया प्रयोग

# कुछ लोग होते हैं कोरोना प्रूफ, नाक के ऊतक में रोग प्रतिरोधक से नहीं होता कोई संक्रमण

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**लंदन.** कुछ लोगों पर कोरोना वायरस के हमले का असर नहीं होता। कोविड इंफेक्शन उनके नेजल (नाक) चैंबर में पहुंचने के फौरन बाद बेअसर हो जाता है। लंदन के वैज्ञानिकों के शोध में यह खुलासा हुआ। यह पहला शोध है, जिसमें स्वस्थ लोगों को सार्स-कोव-2 के प्री अल्फा स्ट्रेन के संपर्क में लाया गया। जो लोग संक्रमित नहीं हुए, उनकी नाक के ऊतक में रोग प्रतिरोधक प्रतिक्रिया संक्रमित हुए लोगों से तेज थी। नेचर जर्नल में छपे शोध के मुताबिक कुछ लोगों में रोग प्रतिरोधक सेल्स तेजी से काम करती हैं। इससे पहले कि वायरस कोशिकाओं को संक्रमित करे, उसे खत्म कर देते हैं। एक जीन की इसमें भूमिका होती है, जो कुछ लोगों में बहुत एक्टिव होता है।

### एक्टीवेट करती हैं मैट कोशिकाएं

**कुछ** लोगों की नाक के ऊतक में रोग प्रतिरोधक क्षमता को मैट (म्यूकोसल-एसोसिएटेड इनवेरिएंट टी) कोशिकाएं एक्टीवेट करती हैं। ऐसे लोगों में एचएलए-डीक्यूए-2 नाम का जीन भी ज्यादा मिला। शोध से पता चला कि कैसे इम्यून सिस्टम इंफेक्शन से बचाता है।

### रोकथाम में मदद

**लंदन** के इंपीरियल कॉलेज के प्रोफेसर क्रिस्टोफर चियू का कहना है कि कोविड की रोकथाम के लिए यह शोध मददगार हो सकता है। अन्य महामारियों की रोकथाम के लिए भी इससे नई दिशा मिल सकती है। महामारी के लिए जो वैक्सीन इस्तेमाल की जाती हैं, उनमें कुछ लोगों के इम्यून सिस्टम को कॉपी किया जा सकता है।

## दिल्ली : बिरला ने की नायडू से मुलाकात



**नई दिल्ली.** भाजपा सांसद ओम बिरला रविवार को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से मुलाकात करते हुए।

## शिष्टाचार भेंट



**नई दिल्ली.** केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। शेखावत ने कहा कि अमित शाह से वार्ता में सदैव अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त होता है।



नई दिल्ली में रविवार को राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने केंद्रीय विधि और न्याय (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। उपमुख्यमंत्री ने मुलाकात कर केंद्रीय मंत्री मेघवाल से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

### आज से अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र

# स्पीकर के चुनाव पर दिख सकता है सरकार और विपक्ष में टकराव

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com



फाइल फोटो

**नई दिल्ली.** अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है। सरकार और विपक्ष ने अपनी-अपनी पूरी तैयारी की है। दस साल में पहली बार मजबूत विपक्ष इस बार मोदी सरकार को घेरने के लिए शुरुआत से ही दम लगा रही है। इसकी शुरुआत प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति पर टकराव को लेकर हो चुकी है। वहीं सत्र के पहले दो दिन सांसदों का शपथ ग्रहण के दौरान सदन में ज्यादा कुछ नहीं होगा, लेकिन 26 जून को स्पीकर के चुनाव में सरकार और विपक्ष में टकराव दिख सकता है। दरअसल, इस बार कांग्रेस ने विपक्ष को डिप्टी स्पीकर पद देने की मांग की है। वहीं एनडीए के भीतर भाजपा अपना स्पीकर बनाने को तैयार दिख रही है। डिप्टी स्पीकर को लेकर सरकार ने अब तक कोई संकेत नहीं दिए हैं। यदि सरकार विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद नहीं देती है तो स्पीकर के नाम पर सर्वसम्मति बनाना सरकार के लिए आसान नहीं होगा। इसके बाद 27 जून को राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा, जिस पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा की जाएगी। इस दौरान सरकार को घेरने के लिए विपक्ष ज्वलंत मुद्दों को उठाने की रणनीति बना रहा है।

#### इन मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

- नीट, नीट पीजी, नेट समेत अन्य परीक्षा गड़बड़ी
- एग्जिट पोल पर जेपीसी की मांग
- अग्निवीर योजना को समाप्त करने की मांग
- तीन न्याय संहिता को लागू होने से रोकने की मांग
- विपक्ष एकजुट होने को तैयार
- इंडिया गठबंधन अपने मुद्दों को उठाने के लिए संसद में एकजुट होने को तैयार है। इसको लेकर संसद में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में नियमित बैठकें हो सकती हैं।

### उत्तरपूर्व में 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को डाइवर्ट करें

# केंद्रीय जल आयोग के बाढ़ निरीक्षण केंद्र अंतरराष्ट्रीय स्तर के हों : शाह

**देश में बाढ़ प्रबंधन की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक**

**एडवाइजरी समय पर लागू करने की अपील**

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com



**नई दिल्ली.** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाढ़ प्रबंधन की पूरी तैयारियों की समीक्षा की। गृह मंत्री ने देश में बाढ़ की समस्या कम करने के लिए व्यापक, दूरगामी नीति तैयार करने के दीर्घकालिक उपायों की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री ने पिछले साल हुई बैठक में लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की भी समीक्षा की। इसके साथ ही सभी एजेंसियों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर भी बैठक के दौरान चर्चा हुई। ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (ग्लोफ) से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा हुई।

बाढ़ नियंत्रण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा उपलब्ध कराई गई सैटेलाइट इमेज के विभिन्न एजेंसियों द्वारा अधिकतम इस्तेमाल पर भी बल दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का आपदा प्रबंधन जीरो कैज्युलिटी अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है। गृह मंत्री ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बाढ़ प्रबंधन के लिए एनडीएमए द्वारा जारी एडवाइज़री को समय पर लागू करने की अपील की। उन्होंने मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग को निर्देश दिया कि उन्हें वर्षा और बाढ़ चेतावनी में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों को हर साल जांचना चाहिए। सिक्किम, मणिपुर में हाल ही में आई बाढ़ का अध्ययन कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देने के की बात कही गई। देश के सभी प्रमुख बांधों के फ्लड गेट्स का रख रखाव और उनकी जांच परख जरूरी हैं।

शाह ने कहा कि उत्तरपूर्व में कम से कम 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को डायवर्ट करने की व्यवस्था हो, जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई ठ पर्यटन विकसित हों। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी फायदा मिलेगा।

#### जंगल की आग से निपटने पर भी जोर

**बैठक** में नियमित रूप से फायरलाइन बनाने, सूखे पत्तों को हटाने और स्थानीय निवासियों और वनकर्मियों के साथ समय-समय पर मॉक ड्रिल करने की जरूरत पर बल दिया गया। एनडीएमए को जंगल में लगने वाली आग की घटनाओं से निपटने के लिए विस्तृत मैनुअल तैयार करने को भी कहा गया। बिजली गिरने को लेकर मौसम विभाग की चेतावनियों को एस एमएस, टीवी और एफएम रेडियो और अन्य माध्यमों से समय पर जनता तक पहुंचाने के लिए कहा गया।

#### बैठक में ये रहे मौजूद

**बैठक** में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केन्द्रीय गृह सचिव, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालयों एवं विभागों के सचिव, रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष, एडीएमए के सदस्य और विभागाध्यक्ष, एमडीआरएफ और आईएमडी के महानिदेशक, एनएचआई के अध्यक्ष अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### एक जुलाई से लागू करने का विरोध

## पूर्व नौकरशाहों ने नए आपराधिक कानूनों पर उठाए सवाल

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश के 109 पूर्व नौकरशाहों ने नागरिकों की स्वतंत्रता को खतरा बताते हुए नए आपराधिक कानूनों के कुछ प्रावधानों पर सवाल उठाया है। पूर्व नौकरशाहों ने इन प्रावधानों के सरकार का विरोध करने वाले आम नागरिकों व ईमानदार लोकसेवकों के खिलाफ दुरुपयोग की आशंका जताई है। साथ ही इन कानूनों को एक जुलाई से लागू नहीं करने के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृह मंत्री, सभी राजनीतिक दलों के मुखियाओं व सांसदों के नाम खुला पत्र लिखा है।

पूर्व नौकरशाहों ने कांस्टिट्यूशन कंडक्ट ग्रुप (सीसीजी) के बैनर तले यह पत्र लिखा है। सीसीजी ने पत्र में सवाल उठाया है कि शांतिपूर्ण विरोध अथवा सरकार या राजनीतिक दल का विरोध करने पर बलप्रयोग की आशंका बढ़ जाएगी। विरोध करने वाले नागरिकों व ईमानदार लोकसेवकों को आतंकी या असामाजिक तत्व बताकर गिरतार किए जाने का डर सताता रहेगा। सीसीजी ने केन्द्र सरकार, संसद के दोनों सदन, राजनीतिक दलों से यह गारंटी देने की मांग की है कि विरोध के अधिकार, नागरिकों के संवैधानिक अधिकार और लोकतंत्र को सुरक्षित रखा जाएगा।

## टी 20 क्रिकेट वर्ल्ड कप : मैचों का अवैध प्रसारण करने वाला गिरोह पकड़ा

**अहमदाबाद @ पत्रिका.** शहर पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच ने अमरीका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में खेले जा रहे मेन्स टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप मैचों का अवैध रूप से कई वेबसाइटों पर प्रसारण (स्ट्रीमिंग) करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह पाकिस्तान के एक केबल ऑपरेटर के जरिए वर्ल्ड कप मैचों की लाइव फीड प्राप्त कर रहा था। गिरोह के तार दुबई और कनाडा से भी जुड़े हैं। इस मामले में दो आरोपियों दिव्यांशु पटेल और आकाशगिरी गोस्वामी को गिरतार किया है। तीन आरोपी फरार हैं। इसमें शुभम पटेल, हर्ष पटेल और पाकिस्तान निवासी अजहर अमीन शामिल हैं। अहमदाबाद शहर साइबर क्राइम ब्रांच की उपायुक्त डॉ. लवीना सिन्हा ने बताया कि आईसीसी प्रतिनिधि निलेश सावंत की शिकायत पर कॉपी राइट एक्ट, आईपीसी और आईटी एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### राजस्थान समेत कई राज्यों के प्रभावितों ने की नीट दोबारा कराने की मांग

# परीक्षार्थियों,अभिभावकों का जंतर-मंतर पर धरना

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com




**नई दिल्ली.** नीट परीक्षा दोबारा करवाने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर परीक्षार्थियों ने अभिभावकों के साथ धरना दिया। इस धरने में हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, और राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से आए पीड़ित छात्र और उनके अभिभावकों ने भाग लिया।

धरने में राजस्थान के महावीर सिंह शेखावत ने कहा कि भारत सरकार ने नीट-2024 प्रकरण में कई सराहनीय कदम उठाए हैं, लेकिन जो कदम हमें तत्काल राहत दे सकता है, उसे उठाने में चूक रही है। हमें उम्मीद है कि सरकार जल्द ही नीट परीक्षा को रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने की घोषणा करेगी। सुप्रीम कोर्ट भी अपने पूर्ववर्ती फैसलों में कह चुका है कि अगर एक भी छात्र को लीक पेपर मिला है, तो परीक्षा रद्द होनी चाहिए। बिहार पुलिस की जांच में सामने आया है कि एक ही जगह पर करीब 25 बच्चों को पेपर बताया गया था। इस धरने में राजस्थान से राजेश सिंह, शफीक खां, रामनाथ दूबे, विष्णु मलिक, गोपाल शास्त्री, रघु शास्त्री, राजकुमार गोयल, देवेंद्र चौधरी, संजय मलिक, डॉ. मोनिका, भूपेंद्र सिंह शेखावत, हर्ष दूबे, अब्बास खान सहित कई अभिभावक और छात्र शामिल हुए। धरने के अंत में प्रदर्शनकारियों ने सरकार से अपील की कि वह 8 जुलाई की सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का इंतजार करने की बजाय नीट -24 को तुरंत रद्द कर नई तारीख की घोषणा करें, ताकि छात्रों और उनके अभिभावकों की भावना और अधिक आहत न हो।

#### प्रमुख मांगें

- धरने में शामिल लोगों ने नीट -24 को रद्द कर दुबारा परीक्षा कराने की मांग की। पेपर लीक के कारण परीक्षा की निष्पक्षता प्रभावित हुई है और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है।
- प्रदर्शनकारियों ने पेपर लीक के खिलाफ ज्यादा कठोर कानून बनाने की मांग की, जिसमें दोषियों को फांसी की सजा का प्रावधान हो, ताकि भविष्य में ऐसे अपराधों को रोका जा सके।
- शिक्षा मंत्री के एनटीए की विफलताओं की नैतिक जिम्मेदारी लेने की सराहना की गई, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने तत्काल राहत देने वाले कदम उठाने पर जोर दिया।

### राहत की बूंदें : राजस्थान में जल्द दस्तक के आसार

# आधे से ज्यादा देश में छा गया मानसून, कई राज्यों में बारिश

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com



भोपाल में रविवार रात हुई बारिश के बाद नर्मदापुरम रोड का दृश्य।

**नई दिल्ली.** देश में मानसून अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। आइएमडी के मुताबिक मानसून ने रविवार तक आधे से ज्यादा देश को कवर कर लिया है। यह मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, गुजरात, बिहार और झारखंड में आगे बढ़ चुका है। कुछ दिन में बिहार, झारखंड, गुजरात के शेष हिस्सों, पूर्वी यूपी और राजस्थान के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में मानसून की बारिश की शुरुआत हो चुकी है। उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में भी प्री-मानसून गतिविधियां शुरू हो गई हैं। दिल्ली में मानसून की तय तारीख 30 जून से पहले बारिश की संभावना है। मानसून अब तक केरल, कर्नाटक, गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम व सभी पूर्वोत्तर राज्यों के अधिकांश हिस्सों में दस्तक दे चुका है।

**अमरीका में बाढ़-गर्मी की विपदा साथ-साथ:** अमरीका में एक तरफ लोग बाढ़ से परेशान हैं तो दूसरी ओर गर्मी कहर बरपा रही है। आयोवा में बारिश के कारण कई इलाके पानी में डूब गए। लोग दूसरे स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हैं।

## बंगाल : अल-कायदा से जुड़े एक नए आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**कोलकाता @ पत्रिका.** पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने शहादत नामक एक नए आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल बांग्लादेश के प्रतिबंधित आतंकी संगठन अंसार अल इस्लाम की शाखा है, जो अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन अल-कायदा से जुड़ा है। संगठन के प्रमुख मोहम्मद हबीबुल्लाह शेख को पश्चिम वर्धमान जिले के कांकसा से गिरतार किया गया है।

हबीबुल्लाह पर गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम व भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। दुर्गापुर की अदालत ने उसे 14 दिन तक विशेष कार्यबल की हिरासत में भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हबीबुल्लाह कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कर रहा है और द्वितीय वर्ष का छात्र है।

### कोलकाता में 20वां महानिरीक्षक स्तर का वार्षिक अधिवेशन

# सीमा पर बेहतर माहौल बनाने को बीएसएफ-बीजीबी का अधिवेशन

**अवैध तस्करी, आपराधिक घटनाओं को रोकने में कारगर साबित होता है अधिवेशन**

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com




**नई दिल्ली.** भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हो रही तस्करी, आपराधिक घटना, सीमा विवाद, अवैध घुसपैठ सहित तमाम मुद्दों पर बातचीत के लिए दोनों देशों के अफ़सरों की बैठक शुरू हुई। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) के महानिरीक्षक और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के रीजनल कमांडरों के 20वां वार्षिक अधिवेशन में इन सभी मुद्दों पर अधिवेशन में बातचीत होगी।

इसके अलावा बॉर्डर मैनेजमेंट के अन्य विषयों पर भी दोनों देशों के बीच बातचीत होगी। साथ ही सीमा पर आने वाली समन्वय और प्रशासनिक समस्याओं से जुड़े समाधान को लेकर चर्चा होगी। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर विकास के तमाम कार्य लंबित पड़े हुए हैं। इन कामों को पूरा करने के साथ साथ सीमा पर अन्य सुविधाओं को बढ़ाने और विकास के दूसरे काम की शुरुआत को लेकर भी दोनों देशों के प्रतिनिधि मंडल के बीच बातचीत होगी।

बांग्लादेश की तरफ से प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ब्रिगेडियर जनरल शमीम अहमद कर रहे हैं। शमीम अहमद, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के दक्षिण पश्चिमी रीज़न के अतिरिक्त महानिदेशक हैं। उनके साथ ब्रिगेडियर जनरल खंडकर सफीकुरजमा भी आए हैं। बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल में 10 अन्य सदस्य भी शामिल हैं।

भारत की तरफ़ से 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीएसएफ के पुलिस महानिरीक्षक आयुष मणि तिवारी कर रहे हैं। आयुष मणि तिवारी साउथ बंगाल फ्रंटियर के प्रमुख हैं। हर साल होने वाला दोनों देशों के बीच महानिरीक्षक स्तर और रीजन कमांडर स्तर का ये वार्षिक अधिवेशन, बॉर्डर मैनेजमेंट, सीमा से जुड़े विवाद को सुलझाने के साथ-साथ, अवैध घुसपैठ और तस्करी से निपटने के लिए बेहद कारगर साबित होता है।

#### सुरक्षित सीमा और अच्छा वातावरण

**इसके** अलावा अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दोनों देशों के बीच सुरक्षित सीमा और अच्छा वातावरण बनाने की दिशा में दोनों देशों के अधिकारी मिलकर बातचीत करते हैं और अधिवेशन में निकले निष्कर्षों को अमल में लाने की कोशिश करते हैं।

### राजस्थान के मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# बजरी माफियाओं के खिलाफ सीबीआइ जांच हो : बेनीवाल



**नई दिल्ली@पत्रिका ब्यूरो.** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष और नागौर से लोकसभा सांसद हनुमान बेनीवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर प्रदेश में बजरी माफियाओं के खिलाफ दर्ज सभी मुकदमों और परिवादों की जांच सीबीआइ से करवाने की मांग की है। बेनीवाल ने पत्र में उल्लेख किया कि टोंक में शंकर मीणा की हत्या के मामले की भी सीबीआइ जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बजरी की महंगी दरों के कारण गरीब व्यक्ति के लिए घर बनाना या मरम्मत करवाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान के बजरी माफिया ने अवैध खनन के जरिए नदियों के अस्तित्व को खतरे में डाल दिया और पर्यावरण के साथ खिलवाड़ किया। सरकार के आला अधिकारियों और पुलिस अफसरों ने भी बजरी माफिया के साथ मिलीभगत की है।

पत्र में उल्लेख है कि नागौर, बाड़मेर, और टोंक जिलों में बजरी माफिया के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। हाल ही में राजस्थान हाईकोर्ट ने चंबल और बनास नदी के आसपास सक्रिय बजरी माफियाओं के खिलाफ सीबीआइ जांच के आदेश दिए थे। उन्होंने मांग की है कि प्रदेश में बजरी माफिया के खिलाफ दर्ज सभी मुकदमों की जांच सीबीआइ को सौंपी जाए और अवैध खनन को रोका जाए।

पोलमपोल भायो

बजरी-भाटा माफिया, कयी देखल्या राज।
फल्या फूलग्या नित घणा, सियासती सरताज!!

**कोचिंग सिटी में नई डिमांड : बच्चों को आत्महत्या से बचाने के लिए कोटा में हो रहे कई नवाचार, आर्किटेक्ट मल्टीस्टोरी में हाइट बढ़ाने के साथ सेफ्टी पर भी कर रहे फोकस**

# कोचिंग, हॉस्टल और पीजी में पैरेंट्स तलाश रहे 'सुसाइड प्रिवेंशन कैम्पस'

मंडे मोटिवेशन

आशीष जोशी
patrika.com

**कोटा.** कोचिंग सिटी कोटा में बढ़ रही सुसाइड की घटनाओं के मद्देनजर अब अभिभावक यहां पढ़ाई और सुविधाओं के साथ सुसाइड प्रिवेंशन कॉम्प्लेक्स (आत्महत्या रोधी परिसर) भी तलाश रहे हैं। कोचिंग से लेकर हॉस्टल-पीजी तक वे एंटी सुसाइड फीचर्स को तरजीह दे रहे हैं। अभिभावकों के इस बदलते नजरिए को देखते हुए कोटा वालों ने भी प्रयास तेज कर दिए हैं। यहां तक कि नई बनने वाली मल्टीस्टोरी बिल्डिंग्स में भी सुसाइड प्रिवेंशन फीचर का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। बालकॉनी, गैलरी और लॉबी तक में इसके लिए खास इंतजाम किए जा रहे हैं। आर्किटेक्ट मल्टीस्टोरी में हाइट बढ़ाने के साथ ही सेफ्टी पर भी पर फोकस कर रहे हैं। हर साल करीब दो लाख बच्चे कोचिंग के लिए कोटा आते हैं। इनकी सुरक्षा के लिए हॉस्टल और पीजी के पंखों में डिवाइस लगाने के बाद कई नवाचार हो रहे हैं।


सीसीटीवी फुटेज की नियमित निगरानी।

**चिंता... कोटा में हर महीने औसतन 2 सुसाइड**

| वर्ष | आत्महत्या |
|---|---|
| 2015 | 18 |
| 2016 | 17 |
| 2017 | 7 |
| 2018 | 20 |
| 2019 | 28 |
| 2022 | 15 |
| 2023 | 25 |
| 2024 | 11 |

(इस साल अब तक के आंकड़े)

## इन घटनाओं से ले रहे सबक

- *9 फरवरी 2023:* कुन्हाडी थाना क्षेत्र में बाड़मेर की एक छात्रा ने 10वीं मंजिल से छलांग लगा सुसाइड कर लिया।
- *27 अगस्त 2023:* महाराष्ट्र के एक स्टूडेंट ने टेस्ट देने के बाद कोचिंग की बिल्डिंग की छठी मंजिल से छलांग ली।
- *6 जून 2024:* मध्यप्रदेश के रीवा की छात्रा ने अपॉर्टमेंट की 9वीं मंजिल की गैलेरी से कूदकर जान दे दी।

## बनाना है कामयाब कोटा... किए कई उपाय

- **बहुमंजिला** इमारतों में छत पर ताले लगा दिए गए हैं।
- **कई** मल्टीस्टोरी बिल्डिंग्स की लॉबी, गैलरी और बालकॉनियों में जाल और ग्रिल लगाई जा रही हैं।
- **हॉस्टल** और पीजी के कमरों में पंखों में एंटी हैंगिंग डिवाइस लगाई गई। ये स्प्रिंग लोडेड पंखे हैं।
- **जगह-जगह** कैमरे लगाकर उनका एक्सेस पैरेंट्स को भी दिया है।
- **कोटा** पुलिस ने हाल ही फेसबुक की कंपनी मेटा से करार किया है। मैटास्किमा टैगिंग और एस्केमा से कोलेब्रेशन किया है। कोई भी फेसबुक और इंस्टाग्राम पर तनाव या सुसाइड के विचार वाले और स्वयं को नुकसान पहुंचाने वाले मैसेज, फोटो या वीडियो जैसी कुछ भी पोस्ट डालेगा तो मेटा इसे तुरंत अपने एल्गोरिदम (सिस्टम) में फ्लैग (चिह्नित) कर देगा। इसकी जानकारी तुरंत कोटा पुलिस से शेयर होगी।
- **जिला** प्रशासन ने 'कामयाब कोटा' नाम से अभियान छेड़ रखा है। जिलाधिकारी कोचिंग और हॉस्टल में जाकर न केवल विद्यार्थियों से संवाद कर रहे हैं, बल्कि उन्हें मोटिवेट करते हुए उनके साथ डिनर भी करते हैं।

## एक प्रयास से रुक सकते हैं सुसाइड

एक कमरे में एक स्टूडेंट को रखने का लग्जरी कल्चर बंद करना होगा। पैरेंट्स खुद अपने बच्चे के लिए सिंगल रूम की डिमांड करते हैं। इससे बच्चा अकेलेपन का शिकार हो जाता है। कम्युनिकेशन जरूरी है। दो-तीन बच्चे एक साथ रहेंगे तो उन्हें एक-दूसरे की परेशानियां ध्यान रहेंगी और वे आगे भी इसे शेयर करेंगे। यदि सिंगल ऑक्यूपेंसी को बंद कर दिया तो सुसाइड केस काफी हद तक रुक जाएंगे। -**अखिलेश दीक्षित,** कोचिंग सेक्टर एक्सपर्ट

---

**ट्रेंडिंग वीडियो** पत्रिका TV

1\.


पानी की किल्लत: आतिशी के अनशन का तीसरा दिन

2\.


नीट (यूजी)- 2024: बिहार-झारखंड में बड़ा खुलासा !

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

**न्यूज शॉर्ट्स**

### 630 किलो अवैध डोडा-चूरा पकड़ा, 1 गिरफ्तार

**रावतभाटा(कोटा) @ पत्रिका.** बेगूं पुलिस ने रविवार को नाकाबंदी के दौरान एक टेम्पो से 630 किलो अवैध डोडा चूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। डोडा चूरा की कीमत एक करोड़ बताई गई है। पुलिस ने बताया कि धामंचा रोड पर चालक नाकाबंदी देख टेम्पो रोककर भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ टेम्पो की तलाशी ली। प्लास्टिक कट्टों में 630 किलोग्राम डोडा-चूरा मिला, उसे जब्त कर बडलियास निवासी जगदीशचंद्र जाट को गिरफ्तार किया।

### गोवंश से भरे दो ट्रक पकड़े, चार गिरफ्तार, 25 गोवंश मुक्त करवाए



**सुकेत (कोटा) @ पत्रिका.** क्षेत्र में दो ट्रकों में भरकर हरियाणा से हैदराबाद जा रहे गोवंश तस्करी के खिलाफ गोपुत्र सेना के युवाओं ने रविवार को कार्रवाई की। गोपुत्र सेना ने राष्ट्रीय राजमार्ग 52 स्थित बीड़मंडी टोल प्लाजा पर गोवंश से भरे 2 ट्रकों को रुकवाया। इसके बाद दोनों ट्रकों में भरे 25 गोवंश को आजाद करवाया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और 4 तस्करों को गिरफ्तार कर ट्रकों को जब्त कर लिया। वही सभी गोवंश को रोसली गोशाला पहुंचाया। सभी गोवंश पर बीमा टैग लगे हुए हैं। एएसआइ देवेंद्र सिंह ने बताया कि गो तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तस्कर लालचंद, वेद प्रकाश, जयसिंह और दिलावर को गिरफ्तार किया है। गोवंशों पर लगे बीमा टैग की जांच की जा रही है।

---

**2018 के बाद बांटे नहीं टैबलेट, अब सत्र 2021-22 एवं 2022-23 के विद्यार्थियों को ही देंगे**

# मेधावी विद्यार्थियों से छलावा, चार नहीं दो शिक्षा सत्रों के बकाया टैबलेट ही मिलेंगे

पत्रिका डे-स्पेशल मंडे मेगा स्टोरी

बृजमोहन आचार्य
patrika.com

**बीकानेर.** कक्षा 8वीं, दसवीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को पांच साल से टैबलेट मिलने का इंतजार है। शिक्षा विभाग ने अंतिम बार 2017-18 के शिक्षा सत्र के मेधावी विद्यार्थियों को लेपटॉप का वितरण किया था। इसके बाद कांग्रेस की सरकार आने के बाद लेपटॉप की जगह टैबलेट देने की घोषणा की। पहले एक साल के टैबलेट का वितरण लंबित था, इसी बीच कोरोना आने से दो शिक्षा सत्रों में लेपटॉप का वितरण टाल दिया गया। अब दो शिक्षा सत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को एक साथ टेबलेट वितरण की बात चली, लेकिन वितरित नहीं किए गए।

अब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद पिछले दो सत्रों के 55 हजार मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट वितरण के लिए कार्यवाही आगे बढ़ी है। शिक्षा विभाग को सरकार से 120 करोड़ का बजट भी मिल गया है। विभाग शिक्षा सत्र 2021-22 तथा 2022-23 के आठवीं, दसवीं और बारहवीं बोर्ड में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को टैबलेट का वितरण शीघ्र करेगा।




**इन सत्रों के नहीं मिलेंगे**

शिक्षा सत्र 2018-19, 2019-20, 2020-21 के तीन शिक्षा सत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट नहीं मिलेंगे। ऐसे में इन सत्रों के मेधावी विद्यार्थी खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। हालांकि साल 2018-19 के 8वीं के मेधावी विद्यार्थी अब कॉलेज में पहुंच गए हैं। जबकि दसवीं और बारहवीं के मेधावी विद्यार्थी अब स्नातक कर रहे है। शिक्षा सत्र 2019-20 और 2020-21 के विद्यार्थी जरूर अब स्कूल-कॉलेज में अध्ययनरत हैं।

### अधिकारियों ने चुप्पी साधी, सूची से पता चला

**शिक्षा** निदेशालय और शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से राजस्थान पत्रिका ने दो शिक्षा सत्र के ही विद्यार्थियों को टैबलेट देने के बारे में जानकारी चाही, लेकिन सभी अधिकारियों ने कुछ भी नहीं बोलने की हिदायत के चलते बताने से मना कर दिया। असल में प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों से आठवीं बोर्ड, दसवीं और बारहवीं बोर्ड के मेधावी विद्यार्थियों की सूची मांगने पर पता चला कि शिक्षा सत्र 2021-22 एवं 2022-23 के 55 हजार 727 विद्यार्थियों को ही टैबलेट दिए जाएंगे। इसमें 2021-22 के 27 हजार 861 तथा 2022-23 के 27 हजार 866 मेधावी विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं।

### टैबलेट खरीद के ऑर्डर जारी

अधिकारियों ने बताया कि 55 हजार से अधिक विद्यार्थियों को देने के लिए टैबलेट खरीद के ऑर्डर दिए जा चुके हैं। संबंधित फर्म टैबलेट में प्रोग्रामिंग कर उपलब्ध करवा देगी, इसके बाद वितरण शुरू किया जाएगा। जुलाई में विद्यार्थियों के हाथ लेपटॉप पहुंचने की उम्मीद है।

### जयपुर में सबसे ज्यादा और प्रतापगढ़ में कम

टैबलेट लेने वाले विद्यार्थियों में सबसे अधिक जयपुर के शामिल है। सबसे कम प्रतापगढ़ के विद्यार्थी है। शिक्षा सत्र 2021-22 में जयपुर के 1667 एवं प्रतापगढ़ के 439 मेधावी विद्यार्थी रहे हैं। शिक्षा सत्र 2022-23 में जयपुर के 1745 एवं प्रतापगढ़ के 435 विद्यार्थी हैं।

### किसी को निराश नहीं करें

शिक्षा सत्र 2020-21 में केवल कोरोना की वजह से परीक्षाएं स्थगित की गई थी। ऐसे में इस शिक्षा सत्र को छोड़कर शेष सभी सत्रों के विद्यार्थियों को सरकार की ओर से टैबलेट का वितरण किया जाना चाहिए। किसी भी विद्यार्थी को निराश नहीं करें।- **बसंत कुमार ज्याणी,** प्रदेश प्रवक्ता, राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ रेस्टा

---

**सुहाना मौसम: कायलाना झील में स्पीड बोट का लिया आनंद**


**जोधपुर.** मंडोर में हुई बारिश के बाद रविवार को कायलाना झील घूमने आए पर्यटक स्पीड बोट का आनंद लेते हुए। फोटो: *एसके मुन्ना*

### बिजयनगर थाना प्रभारी व कांस्टेबल लाइन हाजिर

**बिजयनगर(अजमेर).** बहादुरपुरा से लापता युवक का शव कुएं में मिलने के मामले में ग्रामीणों के आक्रोश के चलते बिजयनगर थाना प्रभारी करण सिंह खंगारोत व एक हेड कांस्टेबल विजेंद्र सिंह को लाइन हाजिर किया गया है। गौरतलब हैं कि गांव से लापता हुए युवक दिलखुश गुर्जर का शव शनिवार को कुएं में मिला। मृतक के परिजन व ग्रामीणों ने युवक की हत्या कर कुएं में शव पटकने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने पुलिस पर असहयोगात्मक रवैया अपनाने का आरोप लगा धरना शुरू कर दिया। ब्यावर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड़ व वृताधिकारी राजेश कसाना ने समझाइश की, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। बाद में थाना प्रभारी व हेड कांस्टेबल को लाइन हाजिर करने के आदेश जारी किए।

### मंत्री किरोड़ी ने पकड़वाए अवैध बजरी से भरे वाहन

**मलारना डूंगर (सवाईमाधोपुर) @ पत्रिका.** स्थानीय विधायक एवं कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने अवैध रूप से बजरी परिवहन का खेल पकड़ा है। मंत्री मीणा शनिवार रात करीब 12 बजे कोटा-लालसोट हाईवे स्थित भाड़ौती पुलिस चौकी से डेढ़ किमी दूर रसूलपुरा गांव पहुंचे। यहां उन्हें सड़क किनारे अवैध बजरी से भरे आधा दर्जन डंपर, ट्रक व ट्रेलर खड़े मिले। कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ चल रहे मंत्री ने बजरी से भरे इन वाहनों को पकड़ लिया। किरोड़ी ने इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दी। इस पर पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व सीओ सिटी सहित स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मंत्री की ओर से पकड़े गए वाहनों को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। उधर हाईवे पर कार्रवाई की भनक लगते ही बजरी माफिया में हड़कंप मच गया। इलाके की अलग-अलग सड़कों पर दर्जनों डंपर चालक बजरी खाली कर भाग गए।

---

**सरकार व रेलवे के बीच विवाद में अटकी सौगात**

## 90 फीसदी लाइनें विद्युतीकृत, फिर भी इलेक्ट्रिक इंजन से 50 फीसदी से कम दौड़ रही ट्रेनें

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राजस्थान में 90 फीसदी से ज्यादा रेल लाइनें विद्युतीकृत हो चुकी हैं। उसके बाद भी रेलवे समस्त ट्रेनें, मालगाड़ियां इलेक्ट्रिक इंजन से नहीं दौड़ा पा रहा है। हाल ये है कि करोड़ों रुपए विद्युतीकरण पर खर्च के बाद भी ट्रेनें धुंआ ही फैला रही है। इसकी वजह राज्य सरकार और रेलवे के बीच बिजली की आपूर्ति को लेकर विवाद बताया जा रहा है।

दरअसल, उत्तर पश्चिम रेलवे जोन में इलेक्ट्रिक ट्रेक्शन पर ट्रेक्शन सब स्टेशन (टीपीएसएस) बनाए गए हैं। इनका काम 132 केवी विद्युत ग्रिड से बिजली को लेकर ट्रेनों के संचालन के लिए 25 हजार केवी में कंवर्ट करना है। इसके लिए राज्य सरकार को रेलवे को रियायती दरों पर ओपन एक्सेस के तहत बिजली उपलब्ध करवा रहा था, लेकिन अब सरकार ने इसमें अड़ंगा लगा दिया है। बताया जा रहा है कि सरकार ने रेलवे को रियायती दर की बजाय कंज्यूमर मोड पर बिजली देने की शर्त रखी थी, लेकिन रेलवे ने इसे मानने से इनकार कर दिया। क्योंकि उसे नई दरों के अनुसार बिजली आपूर्ति के लिए प्रति यूनिट 2 से 3 रुपए ज्यादा देने पड़ रहे हैं।

इस मामले में रेलवे बोर्ड ने दखल देते हुए प्रदेश के सीएस को समाधान के लिए पत्र लिखा था फिर हाल ही मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से बैठक में भी अधिकारियों ने मदद की बात कही, फिर भी समाधान नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। फैसला आने तक रेलवे का काम प्रभावित न हो इसके लिए बोर्ड ने जोनल रेलवे को सरकार की शर्त के माफिक दरों पर बिजली के कनेक्शन लेने के निर्देश दिए। जिसके बाद कुछ जगह कनेक्शन लिए गए हैं।



### सालाना 3 हजार करोड़ बिजली यूनिट की जरूरत

जोन में अब तक 5500 किमी रेलमार्ग में से 90 फीसदी से अधिक विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। 550 में से करीब 200 ट्रेनें ही इलेक्ट्रिक इंजन से दौड़ रही है। इनके लिए सालाना 3 हजार करोड़ यूनिट बिजली की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में अब बीकानेर से सूरतगढ़, जयपुर से वाया मेड़ता, जोधपुर, सूरतगढ़ से अनूपगढ़-श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ समेत कई रूटों पर इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है, क्योंकि ट्रेक्शन पर बने सब स्टेशन चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। इनके लिए 50 लाख यूनिट बिजली की अतिरिक्त जरूरत पड़ेगी। ऐसे में रेलवे पर नए चार्ज के अनुसार करीब 1.5 करोड़ रुपए का भार ज्यादा पड़ेगा। रेलवे इसको लेकर असमंजस में हैं।

---

**झाड़ोल के बिछीवाड़ा गांव की घटना**

## उदयपुर: जंगल में पैंथर ने ग्रामीण पर किया हमला, मौत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**झाड़ोल (उदयपुर).** बिछीवाड़ा गांव के निकट गोपा माता तालाब के पास रविवार तड़के पैंथर ने ग्रामीण पर हमला किया, इससे उसकी मौत हो गई। बिछीवाड़ा निवासी लक्ष्मीलाल भाट (55) अपनी पत्नी के साथ गोपा माता तालाब के पास जंगल से महुआ व लकड़ियां बीनने गया था। कुछ देर बाद उसकी पत्नी लकड़ियां बीनकर घर लौट आई। लक्ष्मीलाल जंगल में ही था। इसी बीच पैंथर ने उस पर हमला कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। जब वह घर नहीं लौटा तो पत्नी जंगल की तरफ गई। जंगल में खून के निशान दिखे। वह घर पहुंची और परिजन को बताया।


मृतक लक्ष्मीलाल

परिजन एवं ग्रामीण जंगल में लक्ष्मीलाल को तलाशने पहुंचे। उनकी नजर पैंथर पर पड़ी, जिसने लक्ष्मीलाल को जगह-जगह से नोंच खाया था। फलासिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सीएचसी पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

---

**अनदेखी**

**स्थानीय लोगों का कहना है राज्य सरकार काशी, उज्जैन की तर्ज पर प्राचीन मंदिर का करवाए कायाकल्प**

# पांच सौ साल पुराने केशव मंदिर को खतरा, दीवारों में बढ़ रही दरारें

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**केशवरायपाटन (बूंदी).** चंबल नदी किनारे स्थित पांच सौ साल पुराने केशव मंदिर को खतरा पैदा हो गया है। मंदिर की दीवारों में दरारें पड़ गई है। मुख्य द्वार पर पत्थर टूटने के बाद से दरारें लगातार बढ़ रही हैं। पत्थर तड़ककर दो टुकड़ों में बदल रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि राज्य सरकार काशी, उज्जैन की तर्ज पर भगवान केशव के प्राचीन मंदिर का कायाकल्प करवाए।

इस ऐतिहासिक धरोहर पर जिम्मेदारों ध्यान नहीं है। मंदिर शिखर लेकर भूतल तक जर्जर हो गया है। कभी इसके पत्थर गिरते हैं तो कभी कंगूरे टूट कर श्रद्धालुओं पर गिर रहे हैं। मंदिर का चयन प्रसादम योजना में किया गया, लेकिन धरातल पर योजना शुरू नहीं हो पाई।

**एक साल बाद भी सुध नहीं:** एक साल पहले आकाशीय बिजली गिरने से मंदिर का शिखर कलश के पास क्षतिग्रस्त हो गया। इस कारण बरसात के दौरान पानी मंदिर में जाने लग गया है। मंदिर की कलात्मक शिल्पकला नष्ट होने के कगार पर है। कई जगह पर बजरी सीमेंट लगा कर मूल स्वरूप को ही बिगाड़ दिया गया। देवस्थान विभाग के स्वतंत्र प्रभार वाले इस मंदिर के प्रति विभाग भी गंभीर नहीं है। बजट के अभाव में मंदिर का रखरखाव नहीं हो पा रहा।




**केशवरायपाटन.** भगवान केशव का मंदिर। शिखर पर आई दरारें। शिखर पर खुलने लगे जोड़।

### पूरी राशि खर्च नहीं

मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए सात साल पहले तत्कालीन भाजपा सरकार ने पांच करोड़ स्वीकृत किए थे। इसमें से सिर्फ एक करोड़ खर्च किए गए। नदी किनारे बनाई गई पचास लाख की छतरियां बनने के कुछ समय बाद ही चंबल में आई बाढ़ में बह गई।

### खुलने लगे जोड़

मंदिर के निर्माण में पत्थरों का उपयोग किया गया था, लेकिन अब पत्थरों के जोड़ खुल गए हैं। मंदिर की नींव में पानी समाने से अब इसमें दरार आ गई है। इसके पत्थर टुकड़ों में तब्दील होकर गिर रहे है। पुराना लोहा गल चुका है।

भगवान केशव रायजी के मंदिर के लिए अतिरिक्त कोई बजट नहीं आया है। इस मंदिर को पर्यटन विभाग ने स्वदेशी दर्शन योजना 2.0 में लिया हुआ है। उसके बाद ही जीर्णोद्धार संभव है। इसकी कार्य योजना पर्यटन विभाग बना रहा है जिसकी जानकारी हमारे पास नहीं है।
**आशुतोष गुप्ता,** निरीक्षक, देवस्थान विभाग, बूंदी

---

**अब घूमर कार्यक्रम की तैयारियां शुरू**

## फिर भी दिल है राजस्थानी... प्रवासियों ने मनाया योग दिवस


**नागौर.** कार्यक्रम का न्यूज लेटर जारी करते प्रवासी राजस्थानी।

**नागौर @ पत्रिका.** राजस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट, यूके शिक्षा के क्षेत्र में किए जाने वाले काम को बढ़ावा देने और राजस्थान की संस्कृति को दुनिया के हर कोने में पहुंचाने की दिशा में काम कर रहा है। इसी उद्देश्य को लेकर आगामी दिनों में होने वाले आयोजन को लेकर लंदन में ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने योग दिवस पर न्यूज लेटर जारी किया। लेटर में हमारा मिशन, नई उपलब्धियां और आगामी कार्यक्रम शामिल किए गए। इस दौरान राजस्थानी प्रवासियों ने योग दिवस भी मनाया। मीडिया प्रभारी रचना ढाका ने बताया कि 20 जुलाई को लंदन में घूमर का आयोजन होगा। मरू कोकिला सीमा मिश्रा और हनीफ खान के साथ अपनी लाइव प्रस्तुतियां देंगे।

महिला सरपंच की अनोखी पहल

# ग्रामीण छात्रों को दे रहीं अंग्रेजी की नि:शुल्क कोचिंग



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बालाघाट।** गांव के बच्चों को अंग्रेजी में दक्ष बनाने के लिए एक महिला सरपंच ने अनोखी पहल की है। मध्य प्रदेश में जनपद पंचायत बालाघाट के ग्राम पंचायत चरेगांव की महिला सरपंच मीना पुरुषोत्तम बिसेन गर्मी की छुट्टियों में को तकरीबन 40 छात्रों को निशुल्क अंग्रेजी पढ़ा रही हैं। मीना पुरुषोत्तम का कहना है कि उनका प्रयास बच्चों को अंग्रेजी में दक्ष करना है। मीना कहती हैं कि बच्चों को पढ़ाने के लिए जब हम स्वयं के स्तर पर कोशिश करेंगे तो स्कूल, सरकार और समाज हमसे जुड़ता चला जाएगा और बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सकेगी। इसके लिए वह आगे भी कई प्रयास करना चाहती हैं।

**पंचायत भवन में सुबह 9-12 बजे तक लगती है क्लास**

### निजी स्कूल में प्राचार्य रह चुकी हैं सरपंच

**मीना बिसेन,** सरपंच निर्वाचित होने के पूर्व एक निजी स्कूल में प्राचार्य रह चुकी हैं। निजी स्कूल में भी वह अंग्रेजी ही पढ़ाया करती थीं। सरपंच निर्वाचित होने के बाद उन्होंने अपने गांव के बारे में सोचा। पद से इस्तीफा दिया और ग्राम के विकास के लिए जुट गईं। साथ ही, गांव के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का संकल्प पूरा करने का निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि मीना बिसेन ने पंचायत चुनाव के दौरान अपने संकल्प पत्र में निशुल्क शिक्षा देने का जिक्र किया था। जिसे वह अब पूरा कर रही हैं।

किचन सॉल्यूशन

## प्याज काटने पर नहीं आएंगे आंसू



**हर महिला को किचन से संबंधित समस्या से दो-चार होना पड़ता है। कभी खाने के सूखे सामान में कीड़े पड़ जाते हैं तो कभी मसालों में फफूंदी लग जाती है। इसके लिए कुछ किचन सॉल्यूशन बताए जा रहे हैं, ताकि आप इस तरह की परेशानियों से बच सकें।** *-पुष्पा बांगड़, फूड ब्लॉगर*

- **पिसी हुई मिर्च** में थोड़ा सा पिसा नमक डाल दें, फफूंद नहीं लगेगी।



- **हाथों में लहसुन,** प्याज की बदबू आने पर हाथों पर थोड़ा सा नमक रगड़ लें, बदबू दूर हो जाएगी।
- **कांच** के बर्तन में चाय या कॉफी के दाग छुड़ाने के लिए सिरके से साफ करें।
- **प्याज** को काटने से पहले पूरे प्याज को 15 मिनट तक फ्रिज में रख दें, प्याज काटते समय आंसू नहीं आएंगे।
- **गर्मियों** में फ्रिज में रखें नींबू भी अक्सर सूख जाते हैं। इसके लिए नींबू पर कोकोनट ऑयल की कोटिंग करके रखने से 10-12 दिन तक फ्रेश बने रहते हैं।



- **कॉफी** को नमी से बचाने के लिए एक टिशू पेपर में 10-12 चावल के दाने डालकर रख दें।
- **अगर** कोई बर्तन जल गया है तो उसमें चाय की पत्ती व पानी डालकर 30 मिनट के लिए छोड़ दें वह साफ हो जाएगा।
- **मिक्सर** की ब्लेड खराब होने लगे तो उसमें थोड़ा सा नमक डालकर 2-3 मिनट तक चला दें, धार तेज हो जाएगी।

ट्रेंडिंग टॉपिक

## मैथिली की आवाज का जादू लंदन में



मैथिली ठाकुर ने अपनी आवाज का जादू लंदन में भी चला दिया। हाल ही में उन्होंने लंदन के वाटरफोर्ड भक्तिवेदांत मंदिर में अपनी सुरीली आवाज में कृष्ण भजन की प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर यूनाइटेड किंगडम के उप प्रधानमंत्री ओलिवर डाउडेन भी मौजूद थे। बिहार में जन्मीं मैथिली को 23 वर्ष की उम्र में कल्चरल एम्बेसडर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 2011 में मैथिली ने रियलिटी शो 'लिटिल चैम्प' से अपने संगीत कॅरियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्हें 'इंडियन आइडल जूनियर', 'राइजिंग स्टार' से लोकप्रियता मिली। 2018 में शुरू किए गए उनके यूट्यूब चैनल के 4 करोड़ सब्सक्राइबर हैं।

News ऑफ द डे

## अपने निर्णय खुद लें



**जिस** दिन आप अपने निर्णय खुद लेने लगेंगे, अपने सपनों को साकार कर पाएंगे। यह कहना है एंटरप्रेन्योर प्राची कौशिक का। दिल्ली की प्राची ने सरकारी नौकरी छोड़कर जब एंटरप्रेन्योर बनने की राह पकड़ी तो सभी ने विरोध किया। वह अपनी संस्था के माध्यम से महिलाओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करती हैं। उन्होंने 5 हजार से अधिक महिलाओं को मेंस्ट्रुअल हैल्थ मैनेजमेंट प्रोग्राम के तहत महावारी से जुड़ी हाइजीन के बारे में बताया है। साथ ही, वह कार्यालयों और कॉलेजों में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगवाती हैं। इसके लिए 2021 में नीति आयोग ने प्राची को वुमन ट्रांसफार्मिंग अवॉर्ड ऑफ इंडिया से सम्मानित किया था।

*महिलाओं से जुड़े प्रेरणास्पद वीडियोज का लिंक हमें वॉट्सऐप नंबर **9057531584** पर भेजें। हम ऐसे वीडियो को शी न्यूज में जगह देंगे।*

पत्रिका शी न्यूज़

आप पत्रिका शी न्यूज फेसबुक पेज के माध्यम से भी जुड़ सकते हैं। फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें।

हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews

झुंझुनूं, दौसा, खींवसर, देवली-उनियारा और चौरासी सीट पर चार-चार सदस्यों की बनाई समिति

# उपचुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस, समन्वय समितियां गठित

### कार्यकर्ताओं से संवाद कर लिया जाएगा फीडबैक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** लोकसभा चुनाव के परिणामों से उत्साहित प्रदेश कांग्रेस ने विधानसभा उपचुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रविवार को दौसा, झुंझुनूं, देवली-उनियारा, खींवसर और चौरासी



विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तैयारियों के लिए चार-चार सदस्यों की समन्वय समिति का गठन किया है। कमेटी विधानसभा सीटों पर ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर ग्रास रूट के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर फीडबैक लेगी।

### मौजूदा सांसदों को भी कमेटी में किया शामिल

**झुंझुनूं,** दौसा और देवली-उनियारा के लिए गठित समन्वय समिति में मौजूदा सांसदों को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा समितियों में कांग्रेस जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों को भी लिया गया है। कांग्रेस ने इस बार लोकसभा चुनावों में 8 सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि तीन सीटों पर गठबंधन प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। झुंझुनूं, दौसा और देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर कांग्रेस का कब्जा था, लेकिन झुंझुनूं से विधायक बृजेंद्र ओला, दौसा शहर से विधायक मुरारीलाल मीना और देवली-उनियारा से विधायक हरीश मीना के सांसद चुने जाने के बाद तीनों ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था, वहीं खींवसर विधायक हनुमान बेनीवाल नागौर और चौरासी से बीएपी विधायक राजकुमार रौत के भी बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर सांसद चुने के बाद विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था, ऐसे में अब इन पांच विधानसभा सीटों पर अक्टूबर-नवंबर माह में उपचुनाव होने हैं।

### ये हैं शामिल

**झुंझुनूं:** बृजेंद्र सिंह ओला, राम सिंह कस्वां, दिनेश सूंडा, मनोज मेघवाल

**दौसा:** मुरारीलाल मीना, पुष्पेंद्र भारद्वाज, रामजीलाल ओड, रफीक खान

**देवली-उनियारा:** हरीश मीना, प्रशांत शर्मा, हरिप्रसाद बैरवा, विकास चौधरी

**खींवसर:** जाकिर हुसैन गैसावत, डूंगरराम गेदर, हेम सिंह शेखावत, अभिषेक चौधरी

**चौरासी:** रतन देवासी, वल्लभ राम पाटीदार, पुष्कर लाल डांगी, रामलाल मीना

प्रदेश में पहली बार एक साथ इतने औद्योगिक पार्कों पर हो रहा होमवर्क

# 9 औद्योगिक पार्कों की बुनियाद हो रही तैयार, बढ़ेगा निवेश व रोजगार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** औद्योगिक डवलपमेंट के लिए भजनलाल सरकार ने 9 औद्योगिक पार्कों को विकसित करने की प्लानिंग पर काम शुरू किया है। इनमें से टेक्सटाइल, टॉयज मेन्यूफेक्चरिंग क्लस्टर, फार्मास्यूटिकल, जेम्स-ज्वैलरी, डिफेंस मेन्यूफेक्चरिंग, स्टोर कार्विंग, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रोनिक्स और आईटी पार्क शामिल हैं। भीलवाड़ा में टेक्सटाइल पार्क के लिए जमीन आवंटन को मुख्यमंत्री ने मंजूरी दे दी है। जबकि, दूसरे प्रस्तावित औद्योगिक पार्क पर रीको काम कर रहा है, जहां रेल, रोड और हवाई यात्रा की बेहतर कनेक्टिविटी हो। इसमें कुछ पार्क पर केन्द्र सरकार से भी चर्चा की गई है। इससे प्रदेश में करोड़ों रुपए का निवेश तो होगा ही, साथ ही रोजगार के विकल्प भी खुलेंगे। पहली बार है कि जब रीको एक साथ इतने औद्योगिक पार्क पर होमवर्क कर रहा है।



### बनेगा टेक्सटाइल पार्क

**भीलवाड़ा** में कंपनियां कारोबार का दायरा बढ़ाना चाहती थी, लेकिन जगह नहीं मिलने के कारण वे अतिरिक्त यूनिट गुजरात, मध्यप्रदेश ले गईं। इसे रोकने के लिए जल्द से जल्द टेक्सटाइल पार्क की जरूरत है। यहां करीब 160 हेक्टेयर पर टेक्सटाइल पार्क बनना प्रस्तावित है।

**राह होगी आसान:** इण्डस्ट्रीयल पार्क तय समय पर धरातल पर उतरते हैं तो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में बड़ा योगदान होगा। इससे न केवल व्यापार के कई और विकल्प मिलेंगे, बल्कि स्थानीय व्यापार को पंख लगेंगे।

### इन पर चल रहा होमवर्क

**टॉयज मेन्यूफेक्चरिंग:** इसके लिए एनसीआर क्षेत्र में ही जमीन तलाशी जा रही है। केन्द्र सरकार से भी बातचीत चल रही है। अभी खुशखेड़ा में टॉयज जोन है, जहां कई कंपनियां यूनिट लगा रही हैं।

**जेम्स-ज्वैलरी पार्क:** जयपुर में ही बनेगा। सीतापुरा में बन रहा जेम्स बोर्स के साथ ही अटैच करने की संभावना तलाश रहे हैं। इसमें ज्यादा रोजगार मिलने की संभावना है।

**फार्मास्यूटिकल पार्क:** चिकित्सा क्षेत्र में प्रदेश में बेहतर संभावना है। इसीलिए यहां फार्मास्यूटिकल पार्क के लिए ऐसी जगह देख रहे हैं, जहां पानी की उपलब्धता हो।

**डिफेंस मेन्यूफेक्चरिंग पार्क:** सशस्त्र बलों के लिए रक्षा उपकरणों के निर्माण होगा। यह बड़ा निर्णय होगा, जो भारत सरकार के सहयोग से ही बनेगा।

**स्टोन कार्विंग पार्क:** पत्थर पर नक्काशी कर उसे आकर्षक रूप देने में राजस्थान में बड़ा काम हो रहा है। दौसा, सिकंदरा के अलावा उदयपुर, राजसमंद, सिरोही, बांसवाड़ा में काम हो रहा है।

**सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी पार्क:** उदयपुर में संभावना तलाशी जा रही है। जयपुर में फिनटेक पार्क पर काम चल रहा है।

**इलेक्ट्रॉनिक क्लस्टर:** भिवाड़ी में पहले से दो पार्क डवलप हैं और अब इसका विस्तार किया जा सकता है। हालांकि, सरकार दूसरे जिलों में भी इसका दायरा बढ़ाने पर विचार कर रही है। केन्द्र सरकार के सहयोग से काम होगा।

**आईटी पार्क:** यह साइबर सिटी के रूप में होगा। इसके लिए जयपुर और उदयपुर दोनों जगह संभावना देखी जा रही है। दोनों में से एक जगह विकसित किया जाएगा।

### कार्यकर्ता सैंपल देने पहुंचे अस्पताल

**डूंगरपुर सीमलवाड़ा @ पत्रिका.** शिक्षामंत्री मदन दिलावर के डीएन से जुड़े बयान के बाद विरोध के स्वर उठने लगे हैं। भील मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक दिनेश रोत के नेतृत्व में कार्यकर्ता सीमलवाड़ा सीएससी पहुंचे और ब्लड, बाल, नाखून के सैंपल देने का दावा किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि जल्द ही बड़े स्तर पर ब्लड सैंपल देने के लिए अभियान शुरू किया जाएगा।

### 'मंत्री का बयान संघ-भाजपा की सोच'

**जयपुर @ पत्रिका.** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का बयान ही आरएसएस और भाजपा की सोच को दर्शाता है। डोटासरा ने कहा कि ऐसे व्यक्ति के पास शिक्षा और पंचायत राज जैसा महकमा है, जो उनसे संभल नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि नीट यूजी की जांच सीबीआई को दी जा चुकी है, फिर भी मोदी सरकार अपनी गलती स्वीकार नहीं कर रही हैं।

### आज का राशिफल सोमवार, 24 जून 2024

| राशि | फल |
| --- | --- |
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* मन लगा कर काम करें। व्यापार उत्तम रहेगा। निजी समस्या का समाधान होगा। परिजनों में असंतोष का वातावरण रहेगा। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह आप को महत्वपूर्ण पद दिलवा सकता है। बुद्धि एवं तर्क से वर्चस्व बनाएंगे। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह* सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग बनेंगे। कार्यपद्धति में बदलाव होगा। नौकरी में षड्यंत्र होगा। |
| कर्क | *हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो* आजीविका में नए प्रस्ताव मिलेंगे, जो आप के लिए शुभ रहेंगे। मित्रों में वर्चस्व बढ़ेगा। साहस, पराक्रम में वृद्धि सम्भव है। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे* दिन उपयुक्त है। किसी विशेष कार्य के होने से ईश्वर पर आस्था बढ़ेगी। पूर्व में किए कार्यों के शुभ परिणाम देखने को मिलेंगे। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* अपनी आदतों से जीवनसाथी से तालमेल स्थापित नहीं हो सकेगा। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति के योग बन रहे हैं। |
| तुला | *रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* वाहन सुख मिलेगा। आर्थिक निवेश में सावधानी रखें। शीत से संबंधी विकार हो सकते हैं। सही निर्णय ले पाएंगे। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* आज आपके प्रयासो से आजीविका में परिवर्तन अथवा नवीन अवसर प्राप्त हो सकेंगे। जोखिम के कार्यों से दूर रहना चाहिए। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* अपने काम करने के तरीकों को बदले भाइयों से विवाद होंगे। दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* आजीविका के नए साधन मिलेंगे। वाणी संयम रखें। यात्रा सम्भव है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। आर्थिक तंगी रहेगी। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* मन की बात कहने से शांति मिलेगी। वाहन खरीदने का मन सार्थक होगा। मन में किसी निर्णय को लेकर दुविधा रहेगी। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* धन प्राप्ति के स्रोत स्थापित होने के योग हैं। किसी विशेष वस्तु की प्राप्ति के लिए धैर्य एवं संयम बना रहेगा। |

**ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास,** पंचांगकर्ता, उज्जैन

**ग्रह-नक्षत्र** ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1445 | ऋतु: | वर्षा |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | जिलहिज-17 | मास: | आषाढ़ |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | दक्षिणायण | पक्ष: | कृष्ण |

**आज का दिन**

**सोमवार, 24 जून, 2024**

**सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति**




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज सूर्योदय से प्रात: 07-21 तक अमृत, प्रात: 09-03 से पूर्वाह्न 10-46 तक शुभ तथा दोपहर बाद 02-11 से सूर्यास्त तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12-01 से दोपहर 12-56 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त हैं, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** तृतीया जया संज्ञक तिथि रात्रि 01-24 तक, तदन्तर चतुर्थी रिक्ता संज्ञक तिथि प्रारम्भ हो जायेगी। तृतीया तिथि में अन्नप्राशन, गान-विद्या, सीमन्त कर्म, चित्रकारी, युद्ध, शस्त्रादि दूषित कर्म, यात्रा, उत्सव, घर, औषध व विपणि-व्यापारारम्भ आदि विषयक कार्य सिद्ध होते हैं।

**नक्षत्र:** उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में यदि समय शुद्ध हो तो, देवस्थापन, विभूषित करना, गृहारम्भ, यात्रा, प्रवेश, बीजादिरोपण, रत्न, अलंकार वस्त्र, विवाह और विपणि-व्यापारारम्भ के कार्य करने योग्य हैं। आज अपराह्न 03-54 तक उत्तराषाढ़ा "ध्रुव व ऊर्ध्वमुख संज्ञक" नक्षत्र, तदन्तर श्रवण "चर व ऊर्ध्वमुख" संज्ञक नक्षत्र हैं।

**योग:** ऐन्द्र नामक नैसर्गिक अशुभ योग दोपहर 11-51 तक, तदन्तर वैधृति नामक अत्यन्त दुर्द्धर्ष व बाधा कारक अशुभ योग है। वैधृति योग की समस्त घटियां शुभकार्यों में त्याज्य हैं।

**विशिष्ट योग:** सर्वार्थसिद्धि नामक शुभ योग अपराह्न 03-54 से अगले दिन सूर्योदय तक हैं।

**करण:** वणिज नामकरण दोपहर बाद 02-25 तक, तदन्तर रात्रि 01-24 तक भद्रा है। इसके बाद बवादि करण प्रारम्भ हो जायेंगे।

**चंद्रमा :** चंद्रमा मकर राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि हैं।

**ग्रह राशि-नक्षत्र परिवर्तन :** बुध आज प्रात: 08-13 पर पुनर्वसु नक्षत्र में प्रवेश करेगा।

**शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज उत्तराषाढ़ा व तृतीया तिथि में यथाआवश्यक प्रसूतिस्नान, नामकरण, अन्नप्राशन, विपणि-व्यापारारम्भ व हलप्रवहण के शुभ मुहूर्त हैं।

**दिशाशूल:** सोमवार को पूर्व दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्र स्थिति के अनुसार आज दक्षिण दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभप्रद है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): प्रात: 7-30 बजे से प्रात: 9-00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे-**आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (ज, जी, खि, खू, खे) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि मकर है। मकर राशि के स्वामी शनि देव हैं। इनका जन्म ताम्रपाद से है। सामान्यत: ये जातक होशियार, चतुर, बहादुर, परोपकारी, प्रश्नोत्तर में निपुण, धर्मपरायण, धनवान, और शास्त्रों में रुचि रखने वाले होते हैं। इनका भाग्योदय 31 वर्ष की आयु तक होता है। मकर राशि वाले जातकों के भौतिक सुख-सुविधाओं के साधनों का विस्तार होगा। धर्म-कर्म में विशेष रुचि रहेगी। धन-लाभ भी होगा।

राज्यपाल कटारिया की बुजुर्ग से बहस, धक्का दिया... वहीं पूर्व मुख्यमंत्री राजे ने कसा तंज

## ...आज तो लोग उसी अंगुली को काटते हैं, जिसको पकड़ कर चलना सीखा: वसुंधरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**उदयपुर.** सुंदरसिंह भंडारी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को टाउनहॉल में आयोजित कार्यक्रम में एक बुजुर्ग पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को माला पहनाने मंच पर चढ़ गया। असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने उसे रोक दिया। दोनों के बीच बहस हो गई और राज्यपाल ने धक्का भी मार दिया। इसके बाद राजे का बयान भी चर्चा में रहा। राजे ने कहा कि 'वफा का वह दौर अलग था, तब लोग किसी के किए हुए को मानते थे, लेकिन आज तो लोग उसी अंगुली को पहले काटने का प्रयास करते हैं, जिसको पकड़ कर वह चलना सीखते हैं'। कार्यक्रम में विस अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत व पूर्व विधायक ज्ञानचंद आहूजा सहित कई लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान राजे ने कहा कि सुंदरसिंह भंडारी ने भैरोंसिंह शेखावत सहित कई नेताओं को आगे बढ़ाया, पर वफा का वह दौर अलग था।



**उदयपुर.** मंच पर चढ़े बुजुर्ग को धक्का मारते राज्यपाल कटारिया।

**'मैं अनुशासन पसंद आदमी हूं'** राज्यपाल कटारिया ने घटना को लेकर कहा कि मैं अनुशासन पसंद आदमी हूं। कार्यक्रम की गरिमा बनाए रखना जरूरी था।

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) का अधिवेशन

## गहलोत सरकार ने राज्य के खजाने को कर दिया खाली: भजनलाल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**धौलपुर.** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने राज्य के खजाने को खाली कर दिया। लेकिन भाजपा सरकार प्रदेश के विकास के लिए संकल्पित है। सीएम ने यह बात रविवार को गांव बिजौली में आयोजित राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेश स्तरीय अधिवेशन में कही। उन्होंने शिक्षकों से बजट के लिए सुझाव भी मांगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति रोजगारोन्मुखी बनाने व विद्यार्थियों को 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने में मदद करेगी। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र को मजबूत करने का काम करते हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी संबोधित किया। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम समेत अन्य मौजूद रहे।

कोई भी सरकार बंद नहीं कर पाएगी पेंशन

## मीसा बंदी पेंशन: एक्ट लाएगी राज्य सरकार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** आपातकाल के दौरान आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था अधिनियम (मीसा) के तहत जेलों में बंद किए गए मीसा बंदियों को पेंशन सहित कई अन्य सुविधाएं कोई भी सरकार बंद नहीं कर पाएगी। इसके लिए भजनलाल सरकार एक्ट लाएगी।

इसी बजट सत्र में ही सरकार मीसा पेंशन को लेकर विधेयक लाने की तैयारी में है। विधानसभा में विधेयक पर चर्चा के बाद इसे इसी सत्र में ही पारित कराया जाएगा। प्रदेश में करीब 1100 से भी ज्यादा मीसा और डीआईआर बंदी हैं। प्रदेश में पहली बार वर्ष 2008 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने मीसा बंदियों को लोकतंत्र सेनानी बताते हुए 6 हजार रुपए पेंशन और पांच सौ रुपए चिकित्सा सहायता प्रतिमाह शुरू की थी। विधानसभा चुनाव के संकल्प पत्र में भी भाजपा ने मीसा बंदियों के लिए एक्ट लाने का वादा किया था।

> मीसा बंदियों को लेकर पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में जो वादा किया था, सरकार अब सकारात्मक सोच के साथ उसे लेकर आगे बढ़ रही है।
>
> **ओंकार सिंह लखावत,** अध्यक्ष धरोहर विकास प्राधिकरण

**2009 और 2019 में कांग्रेस सरकार ने बंद कर दी थी पेंशन:** वर्ष 2009 और 2019 में कांग्रेस ने मीसा बंदियों की पेंशन और अन्य सुविधाओं को बंद कर दिया था। वर्ष 2023 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने मीसा बंदियों की पेंशन के मुद्दे को उठाया था। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद भजनलाल सरकार ने मीसा बंदियों की पेंशन शुरू करने का निर्णय लिया। पेंशन 20 हजार रुपए और चिकित्सा सहायता चार हजार रुपए प्रति माह कर दी।

पेज एक का शेष

### सरकार के...

शिवराज की वापसी : सोलह साल तक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान की बीस साल बाद लोकसभा में वापसी हो रही है। वह 2005 में मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री बनने से पहले पांच बार लोकसभा चुनाव जीत चुके थे।

**फिर गठबंधन का दौर :** इस बार किसी एक दल को बहुमत नहीं मिलने से एक दशक बाद देश में फिर गठबंधन का दौर लौट आया है। 1989 से 2014 के बीच 25 साल में पी. वी. नरसिम्हा राव, अटल बिहारी वाजपेयी, मनमोहन सिंह, एच.डी. देवैगौड़ा और इंद्र कुमार गुजराल ने गठबंधन सरकार चलाई।

### पेपर लीक...

परीक्षा शुरू होने के पहले तय समय पर बुकलेट बॉक्स के डिजिटल लॉक खुद खुलने थे, लेकिन एनटीए का डिजिटल लॉक फेल हो गया। काफी समय तक बॉक्स नहीं खुला तो मैनुअल तरीके से बुकलेट बॉक्स खोले गए। इससे भी पेपर देरी से बांटे गए।

**आरोपियों के नार्को टेस्ट की तैयारी:** झारखंड के देवघर से गिरफ्तार छह लोगों को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम पटना ले आई है। बताया जाता है कि आरोपी परस्पर विरोधी बयान दे रहे हैं या बयान बदल रहे हैं। पुलिस आरोपियों का नार्को टेस्ट और ब्रैन मैपिंग परीक्षण करा सकती है। इससे कुछ नए सुराग मिलने के आसार हैं। सॉल्वर गैंग से जुड़े लोगों से पूछताछ के दौरान मामले के मास्टरमाइंड माने जा रहे संजीव मुखिया और राकेश कुमार से जुड़े अहम सुराग मिले हैं। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी है।

**17 छात्र परीक्षा से डिबार :** इस बीच एनटीए ने बिहार सरकार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की रिपोर्ट के आधार पर 5 मई को बिहार के परीक्षा केंद्रों हुई नीट-यूजी परीक्षा देने वाले 17 अभ्यर्थियों को परीक्षा से डिबार कर दिया। उन पर परीक्षा के दौरान कदाचार का आरोप है। गौरतलब है कि ईओयू की रिपोर्ट में पेपर लीक होने के संकेत दिए गए हैं।

### दोबारा उपयोग...

इस परीक्षण के साथ ही इसरो ने सबसे अहम तकनीक में से एक को हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल का तीसरा और अंतिम परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग की एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में किया गया। इससे पहले इसरो इसके दो सफल परीक्षण कर चुका है। तीसरे परीक्षण में प्रक्षेपण यान को ज्यादा ऊंचाई से छोड़ा गया। इस दौरान तेज हवाएं चल रहीं थी।

इसके बावजूद प्रक्षेपण यान 'पुष्पक' ने सटीक तरीके से रनवे पर सुरक्षित लैंडिंग की। 'पुष्पक' को वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। लैंडिंग के दौरान यान की रफ्तार करीब 320 किलोमीटर प्रति घंटे थी। यान में मल्टी-सेंसर फ्यूजन का इस्तेमाल किया गया। इसमें इनर्शियल सेंसर, रडार अल्टीमीटर, फ्लश एयर डेटा सिस्टम, स्यूडोलाइट सिस्टम और एनएवीआइसी जैसे सेंसर शामिल हैं।

इंटरव्यू विद फंड मैनेजर्स | कंपनियों की जैसी आय होगी, बाजार का प्रदर्शन वैसा ही होगा

# शेयर बाजार से अब पिछले साल जैसा रिटर्न मिलने की उम्मीद नहीं रखें

आकाश कुमार
patrika.com

*स्मॉल और मिडकैप में शानदार तेजी से शेयर बाजार रेकॉर्ड ऊंचाई पर है। ब्लूचिप कंपनियों की आय बढ़ने से लार्जकैप कंपनियों में भी अच्छी तेजी देखने को मिली है।* ***पत्रिका से खास बातचीत में कोटक महिंद्रा एएमसी के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर हर्ष उपाध्याय*** *ने कहा, निवेशकों को पिछले 3-4 साल में शेयर बाजार से सालाना करीब 30-35% का रिटर्न मिला है, अब अगले 4-5 साल वैसा ही रिटर्न मिलने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। निवेशकों को अपनी उम्मीदों को समायोजित करने की जरूरत है। बाजार का वैल्यूएशन अब काफी अधिक हो चुका है।*

**Q आने वाले दिनों में बाजार का हाल कैसा रहेगा?**
आने वाला तिमाहियों में कंपनियों की जितनी अर्निंग ग्रोथ होगी, बाजार का प्रदर्शन भी वैसा ही होगा। पिछले साल 24% की ग्रोथ के बाद इस साल कॉरपोरेट अर्निंग्स ग्रोथ रेट 15-16% रहने की उम्मीद है। मेरा मानना है कि लॉन्ग टर्म में बाजार का परफॉर्मेंस अर्निंग्स ग्रोथ से बहुत ज्यादा अलग नहीं होगा। वैल्यूएशन बढ़ने से बाजार एकतरफा नहीं रहेगा बाजार में उठापटक भी आएगी। अगर बाजार पिछले साल जैसा रहा तो यह निवेशकों के लिए बोनस होगा।



- आम बजट में अगर इनकम टैक्स के मामले में राहत मिलती है ***तो कंजम्पशन स्टॉक्स में तेजी आएगी।***
- अभी ऐसे स्टॉक्स में निवेश करना बेहतर है, जिनका बिजनेस भारत पर निर्भर है। ***विदेशी आय पर निर्भर आइटी जैसे स्टॉक्स से बचें।***
- बजट के बाद सीमेंट, ऑटोमोबाइल और ***इंडस्ट्रियल सेक्टर अच्छा परफॉर्म कर सकते हैं।***

***हर्ष उपाध्याय,*** सीआइओ, कोटक महिंद्रा एएमसी

**Q किन सेक्टर्स पर आपका फोकस है?**
अभी मैं उन सेक्टर्स पर ओवरवेट हूं, जिनका बिजनेस भारत पर ज्यादा निर्भर है। इसकी वजह भी साफ है। अमरीका-यूरोप सहित ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ धीमी और बहुत कम है, वहीं भारत की ग्रोथ रेट दमदार है। देश की अर्थव्यवस्था को लेकर कोई बड़ा जोखिम नहीं है। इंडिया फोकस्ड बिजनेस अगले 3-4 साल में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**Q आम बजट से आपकी क्या उम्मीदें हैं?**
एनडीए सरकार के मंत्रिमंडल से साफ हो गया है कि पिछले कुछ वर्षों से से जो आर्थिक नीतियां चल रही हैं, वो जारी रहेंगी। आम बजट का फोकस भी पॉलिसी कॉन्टिन्यूएशन पर ही रहेगा। सरकार कैपिटल एक्सपेंडिचर और बढ़ाएगी, जिससे इंफ्रा सेक्टर के स्टॉक्स अच्छा रिटर्न दे सकते हैं। अगर बजट में इनकम टैक्स में राहत मिलती है तो खपत में इजाफा होगा व कंजम्पशन रिलेटेड शेयरों में तेजी आएगी।

### म्यूचुअल फंड स्कीम चुनने से पहले क्या देखें?

1. अपनी जोखिम उठाने की क्षमता ***यानी रिस्क प्रोफाइल समझें।***
2. रिस्क लेने की क्षमता के आधार पर ***स्पष्ट एसेट एलोकेशन रणनीति अपनाएं।***
3. म्यूचुअल फंड स्कीम चुनने से पहले उस ***फंड हाउस के 5-7 साल के ट्रैक रेकॉर्ड को देखें।***
4. केवल पिछले साल के ***प्रदर्शन के आधार पर फंड हाउस का चयन नहीं करें।***
5. फंड मैनेजर के प्रोफाइल, उसकी रणनीति, ***योग्यता और ट्रैक रेकॉर्ड को देखकर ही निवेश करें।***

**सैलरी:** दूसरे उद्योगपतियों का इतना वेतन

## गौतम अदाणी को 2023-24 में मिला ₹9.26 करोड़ वेतन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति और अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 9.26 करोड़ रुपए का वेतन लिया। यह वेतन उनके अन्य उद्योग जगत के साथियों से कम है, यहां तक कि उनके अपने मुख्य कर्मचारियों से भी कम है। गौतम अदाणी ने अपनी 10 लिस्टेड कंपनियों में से केवल दो कंपनियों अदाणी एंटप्राइजेज से 2.46 करोड़ रुपए और अदाणी पोर्ट्स से 6.8 करोड़ रुपए लिए।

अदाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक विनय प्रकाश को 2023-24 में कुल 89.37 करोड़ रुपए मिले, वहीं अदाणी ग्रीन एनर्जी के सीईओ विनीत जैन का सालाना पैकेज 15.25 करोड़ रुपए रहा। गौतम अदाणी के छोटे भाई राजेश अदाणी को 8.37 करोड़ का सालाना पैकेज और उनके बेटे करण को 3.9 करोड़ रुपए पैकेज मिला। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी कोरोना के समय से ही कोई वेतन नहीं ले रहे हैं। कोरोना से पहले मुकेश अंबानी ने खुद के वेतन की अधिकतम सीमा सालाना 15 करोड़ रुपए तय की थी।

**पिछले वित्त वर्ष किसे कितनी सैलरी**

| उद्योगपति | सालाना पैकेज |
| --- | --- |
| मुकेश अंबानी | 000 |
| गौतम अदाणी | 9.26 |
| सुनील मित्तल | 16.7 |
| राजीव बजाज | 53.7 |
| एसएन सुब्रमण्यन | 51.0 |
| सलिल पारेख | 66.0 |
| पवन मुंजाल | 80.0 |

*(सैलरी करोड़ रुपए में, सुनील भारती मित्तल की मिली सैलरी वर्ष 2022-23 की)*

***सीमेंट कंपनियों को मर्ज करने की तैयारी:*** अदाणी ग्रुप अपनी सभी सीमेंट कंपनियों को मर्ज करने का प्लान बनी रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अदाणी ग्रुप के अंबुजा सीमेंट्स ने मध्यम अवधि में ग्रुप की सभी सीमेंट कंपनियों को आपस में मिलाकर एक कंपनी बनाने की योजना बनाई है। अदाणी ग्रुप ने सितंबर 2022 में एसीसी व अंबुजा सीमेंट का अधिग्रहण 6.4 अरब डॉलर में किया था। एसीसी व सांघी इंडस्ट्रीज दो ग्रुप की दो कंपनियां हैं, जिनमें अल्पसंख्यक शेयरधारकों के साथ अंबुजा सीमेंट की हिस्सेदारी है।

**बॉन्ड मार्केट में बूम!** 2024 में अब तक भारतीय बॉन्ड्स में विदेशी निवेश 7 साल की ऊंचाई पर

# ₹65,000 करोड़ आया विदेशी निवेश, 28 जून को 16,500 करोड़ और आएगा!

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** भारत सरकार के 27 बॉन्ड्स 28 जून को जेपी मॉर्गन इमर्जिंग मार्केट्स बॉन्ड इंडेक्स में शामिल हो जाएंगे, इससे उसी दिन 2 अरब डॉलर यानी 16,500 रुपए विदेशी निवेश आने की उम्मीद है। इस इंडेक्स में शामिल होने से जून 2024 से मार्च 2025 के बीच भारतीय बॉन्ड मार्केट में हर माह 2 अरब डॉलर यानी कुल 20 अरब डॉलर (1.67 लाख करोड़ रुपए) विदेशी निवेश आ सकता है, क्योंकि जेपी मॉर्गन भारतीय बॉन्ड का वेटेज हर माह 1% बढ़ाकर अगले साल मार्च तक 10% पर ले जाएगा, जो चीन के बाद सबसे अधिक होगा।

जनवरी 2025 में भारतीय बॉन्ड ब्लूमबर्ग ग्लोबल इंडेक्स में शामिल होंगे। इन दोनों इंडेक्स में शामिल होने की घोषणा के बाद वर्ष 2024 में अब तक भारतीय बॉन्ड बाजार में 7.74 अरब डॉलर (65,000 करोड़ रुपए) का विदेशी निवेश आया है, जो वर्ष 2017 के बाद सर्वाधिक है। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस साल घरेलू बॉन्ड्स में रेकॉर्ड विदेशी निवेश आएगा।




**2024 में अब तक देश के बॉन्ड बाजार में आया विदेशी निवेश**

| माह | निवेश राशि |
| --- | --- |
| जनवरी | 19,837 |
| फरवरी | 22,419 |
| मार्च | 13,602 |
| अप्रेल | -10,949 |
| मई | 8,761 |
| जून | 10,575 |

*(निवेश राशि करोड़ रुपए में)*

**क्या होगा फायदा**

- ***वित्तीय स्थिरता:*** ग्लोबल बॉन्ड इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड के शामिल होने का मतलब है कि विदेशी निवेशकों के लिए देश पर्याप्त वित्तीय स्थिरता की स्थिति में पहुंच गया है।
- ***सस्ता कर्ज:*** इससे भारत सरकार और भारतीय कंपनियों के लिए कर्ज सस्ता हो जाएगा और वे बॉन्ड जारी कर कम ब्याज दर पर राशि जुटा पाएंगे।
- ***रुपए को मजबूती:*** ग्लोबल बॉन्ड इंडेक्स में भारत के शामिल होने से विदेशी निवेशकों को इंडेक्स के वेटेज के मुताबिक, भारतीय बॉन्ड्स में निवेश करना होगा। इसके लिए डॉलर को रुपए में बदलने की जरूरत होगी, जिससे रुपए में मजबूती आएगी।
- ***डेट फंड्स का बढ़ेगा रिटर्न:*** भारतीय बॉन्ड्स में निवेश बढ़ने से बॉन्ड की कीमतें बढ़ेंगी यील्ड में गिरावट आएगी, जिससे डेट फंड्स का रिटर्न बढ़ जाएगा।

**पर्सनल फाइनेंस @ पत्रिका**

**उधार:** नो-कॉस्ट ईएमआइ पर क्रेडिट कार्ड से ***खरीदारी 'जीरो कॉस्ट' नहीं***

## लाइफटाइम फ्री क्रेडिट कार्ड क्या सच में होता है फ्री?

***नई दिल्ली @ पत्रिका.*** *भारत में नो-कॉस्ट ईएमआइ पर क्रेडिट कार्ड से खरीदारी का चलन काफी तेजी से बढ़ा है। यह विकल्प आकर्षक है क्योंकि एकसाथ मोटी रकम चुकाने के बजाय आप 3 से 12 माह में बिना ब्याज चुकाए छोटी-छोटी ईएमआइ में बड़ी राशि चुकाते हैं। लेकिन नो-कॉस्ट ईएमआइ जीरो कॉस्ट नहीं है। इसमें कई फीस और एक्स्ट्रा कॉस्ट वसूल किया जाता है। क्रेडिट कार्ड का बकाया पूरा बिल यदि समय पर नहीं चुकाते हैं तो इसकी ऊंची ब्याज दरें आपको कर्ज के भंवर में धकेल सकती हैं। क्रेडिट कार्ड कंपनी कुल बिल का मिनिमम बैलेंस चुकाने पर सालाना 52% तक फाइनेंस चार्ज वसूलती हैं।*



**52% तक** सालाना फाइनेंस चार्ज वसूल रहे बैंक पूरे ***क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान नहीं करने पर***

**समझें नो-कॉस्ट ईएमआइ का गणित**

**मान लीजिए ₹62,000 का** फोन आपने नो-कॉस्ट ईएमआइ पर खरीदा

| ईएमआइ अवधि | वार्षिक ब्याज | ईएमआइ | कुल ब्याज |
| --- | --- | --- | --- |
| 09 माह | 16 फीसदी | ₹6,889 | ₹3,939 |

(यह ग्राहक के बदले ***मर्चेंट चुकाते हैं***) (यह राशि एक तरह से ***ग्राहकों को डिस्काउंट*** के रूप में मिलता है।)

**लगता है यह चार्ज**

**प्रोसेसिंग फीस: 235 रुपए** *(18% जीएसटी शामिल)*

**1.5%** एक्सट्रा चुकाना होगा 62,000 का फोन नो-कॉस्ट ***ईएमआइ पर लेने पर***

**ब्याज पर 18% जीएसटी: 709 रुपए,** *यानी 62,000 रुपए का फोन नो-कॉस्ट ईएमआइ पर लेने पर 944 रुपए अतिरिक्त चुकाने होंगे*

*ईएमआइ से खरीदारी पर अधिकतर क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड प्वाइंट नहीं देते।*

**इसके फायदे**

- 03 से 12 महीने के अंदर ***आसान किस्त में भुगतान*** करने का विकल्प।
- लोन की ब्याज दरें ***ग्राहकों के बदले व्यापारी या मैन्युफैक्चरर*** चुकाते हैं।
- यह नॉर्मल ***ईएमआइ पर खरीदारी से सस्ता।***

**इसके नुकसान**

- ऐसी चीजें खरीदने को करता है ***प्रेरित जो अफोर्डेबल नहीं हैं।***
- प्रोसेसिंग फीस, ***कई चार्ज व जीएसटी शामिल।***

**क्या हैं लाइफटाइम फ्री क्रेडिट कार्ड**

**विभिन्न** बैंकों से अक्सर ग्राहकों के पास कॉल आती रहती हैं कि आपके लिए एक स्पेशल लाइफटाइम फ्री क्रेडिट कार्ड का ऑफर है। मगर सवाल यह है कि क्या सच में लाइफटाइम फ्री क्रेडिट कार्ड फ्री होते हैं या कोई हिडेन चार्ज या टर्म्स एंड कंडीशंस अप्लाइड रहते हैं? दरअसल, बैंक क्रेडिट कार्ड पर एनुअल चार्ज और रिन्यूएबल फीस लगाते हैं। हालांकि, बैंक अपने कुछ क्रेडिट कार्ड पर किसी तरह का एनुअल या रिन्यूएबल फीस नहीं लगाते हैं और इसे लाइफटाइम फ्री क्रेडिट कार्ड के तौर पर कस्टमर्स को ऑफर करते हैं।

**क्या वाकई मुफ्त?**
लाइफटाइम फ्री क्रेडिट कार्ड में ग्राहकों को ज्वाइनिंग फीस, वार्षिक चार्ज और रिन्यूएबल फीस नहीं देनी होती हैं। हालांकि, समय पर पेमेंट नहीं करने पर फीस लगती है। कैश एडवांस फीस या ब्याज जैसे फीस आपके कार्ड का उपयोग करने के तरीके के आधार पर लागू होते हैं। यानी यह कार्ड तो फ्री हैं, पर इसके फीचर्स और इस्तेमाल करने के तरीके के आधार पर इस पर विभिन्न तरह के फीस लग सकते हैं। ये कार्ड सभी ग्राहकों को नहीं मिलते हैं। इसके लिए कुछ शर्तें पूरी करनी होती हैं।

**क्या हैं शर्तें...**

- ***क्रेडिट स्कोर:*** 750 या उससे ज्यादा का क्रेडिट स्कोर अच्छा माना जाता है और लाइफटाइम फ्री क्रेडिट कार्ड हासिल करने में उत्कृष्ट क्रेडिट स्कोर काफी मदद करता है।
- ***स्थिर आय:*** बैंक देखता है कि ग्राहक की सालाना आय स्थिर है या नहीं। इस कार्ड के लिए न्यूनतम वार्षिक आय की आवश्यकता होती है।
- ***प्रमोशनल ऑफर:*** कुछ बैंक मौजूदा कार्ड पर लाइफटाइम फ्री अपग्रेड देते हैं या प्रमोशन के दौरान नए ग्राहकों की फीस माफ करते हैं।

एनएचएआई की तैयारी | जुलाई में कंपनियों से बात

# फास्टैग नहीं, सेटेलाइट करेगा काम
## जितना दौड़ेगा वाहन, उतना ही कटेगा टोल

किसी एक नेशनल हाईवे पर परीक्षण होगा शुरू, 2 से 3 साल में सभी नेशनल हाईवे पर लागू होगी

अरविन्द सिंह शक्तावत
patrika.com

**जयपुर.** टोल प्लाजा पर लगने वाले समय को कम करने के लिए केन्द्र फास्टैग लेकर आया। कुछ दिनों तक यह कारगर साबित हुआ, पर अब फिर नेशनल हाईवे के टोल प्लाजाओं पर लम्बी-लम्बी लाइनें लगने लगी हैं। लम्बी लाइनों से छुटकारा दिलाने के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया अब जीएनएसएस (ग्लोबल नेविगेशन सेटेलाइट सिस्टम) लाने की तैयारी में जुट गया है।

आने वाले समय में देश में जीएनएसएस बेस्ट इलेक्ट्रोनिक टोल सिस्टम काम करेगा, जो बेरियर फ्री होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देश-विदेश की ऐसी कंपनियों को आमंत्रित किया है, जो जीएनएसएस की सहायता से टोल प्रणाली पर काम कर रही हैं। जुलाई में कंपनियों से बात होगी और इसके बाद प्रयोग के तौर पर किसी एक नेशनल हाइवे पर इसका परीक्षण शुरू होगा।

देश में बड़ी संख्या में हाईवे-एक्सप्रेस वे शुरू हुए हैं, लेकिन वाहनों की खरीद भी उतनी ही तेजी से बढ़ी है। फास्टैग कई बार काम नहीं करते। इससे अक्सर टोल पर टैक्स देने में समय लगता है। फास्ट टैग के बावजूद कई नेशनल हाइवेज पर 200-500 मीटर तक की लाइन लग जाती है।

**200-500** मीटर तक की लाइन लग जाती है कई नेशनल हाईवे पर फास्टैग के बावजूद।

**03** माह लग सकते हैं नए सिस्टम की प्रक्रिया में।

**21** करोड़ से ज्यादा दो पहिया, सात करोड़ से ज्यादा चार पहिया वाहन रजिस्टर्ड देश में

(2023 के आंकड़े)



**जीएनएसएस आधारित टोल वसूली**

**1,46,145** *किलोमीटर **देश** में नेशनल हाईवे की कुल लंबाई*

**11,000** *किलोमीटर लंबाई नेशनल हाईवे की **राजस्थान** में*

**ऐसे होगा लागू**

- **01** टोल प्लाजा में पहले सिंगल लेन में इसकी सुविधा देंगे। उसके बाद दायरा बढ़ाया जाएगा।
- **02** पहले फेज में वाणिज्यिक वाहन और फिर निजी कारों पर इस टेक्नोलॉजी से टोल काटा जाएगा।
- **03** केन्द्र का लक्ष्य है कि 2-3 साल में जीएनएसएस बेस्ड टोल वसूली राष्ट्रीय राजमार्गों पर लागू हो जाए।

**क्या है जीएनएसएस टेक्नोलॉजी**

**यह** प्रणाली वाहनों की गतिविधियों पर नजर रखने और टोल वाले राजमार्गों पर तय की गई दूरी के आधार पर टोल की गणना करने के लिए सेटेलाइट का उपयोग करती है। इसमें जीएनएसएस-सक्षम ऑन बोर्ड यूनिट्स (ओबीयू) वाहनों में लगाए जाएंगे। टोल वाले राजमार्ग पर यात्रा की दूरी के आधार पर शुल्क लेंगे।

**किस तरह से कटेगा टोल, यह भी तय होगा**

**जीएनएसएस** बेस्ड टोल प्रणाली से टोल किस तरह से कटेगा। यह भी कंपनियां बताएंगी। कार नम्बर से टोल कटेगा या फिर वाहनों पर कोई चिप लगानी होगी। इन सब सवालों के जवाब भी संभवत: इस साल के अंत तक मिल पाएंगे।

**यों समझें जीएनएसएस से टोल कटने की गणित**

**एक गाड़ी** जयपुर से किशनगढ़ छह लेन पर चल रही है। जयपुर में 200 फीट बाइपास के पास टोल रोड शुरू होता है। जैसे ही आपकी कार इस राजमार्ग पर आएगी, तो सीधे जीएनएसएस उसे केप्चर करेगा। इसके बाद उस राजमार्ग पर जितने किलोमीटर गाड़ी चलेगी। उसे उतना ही टोल देना होगा। उदाहरण के तौर पर आप इस राजमार्ग पर पचास किलोमीटर चले और नियमानुसार प्रति किलोमीटर एनएचएआई एक रुपया टोल वसूलती है तो आपसे पचास रुपए ही वसूले जाएंगे। अभी तक ऐसा नहीं है। अभी आप बीस किलोमीटर चलें या अस्सी किलोमीटर। यदि बीस किलोमीटर के अंदर ही टोल प्लाजा आया और उस पर टोल पचास रुपए हैं तो आपको पचास रुपए ही देने होंगे।

**फिलहाल फास्टैग भी चलता रहेगा**

**फास्टैग** प्रणाली को तत्काल खत्म नहीं किया जाएगा। एनएचएआई ने मौजूदा फास्टैग पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर जीएनएसएस-आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (ईटीसी) प्रणाली को लागू करने की योजना बनाई है। शुरुआत में एक हाइब्रिड मॉडल उपयोग किया जाएगा, जहां आरएफआईडी -आधारित ईटीसी और जीएनएसएस-आधारित ईटीसी दोनों साथ काम करेंगे।

### प्री-डीएलएड : प्रवेश पत्र जारी

**कोटा @ पत्रिका.** प्री-डीएलएड परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। यह परीक्षा वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा की ओर से आयोजित की जाएगी। समन्वयक डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष 6 लाख 45 हजार 454 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया है। परीक्षा 30 जून को दोपहर 12.30 से 3.30 बजे तक प्रदेश के 1917 केंद्रों पर होगी।

### फ्रंट-रनिंग मामले में क्वांट म्यूचुअल फंड के ठिकानों पर सेबी की छापेमारी-जब्ती

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** बाजार नियामक सेबी ने फ्रंट-रनिंग मामले में क्वांट म्यूचुअल फंड के ठिकानों पर छापेमारी की है। फ्रंटरनिंग का मतलब ऐसी अवैध गतिविधियों से है, जहां फंड मैनेजर/डीलर/ब्रोकर को भविष्य में होने वाले बड़े ट्रेड के बारे में पता होता है और इस आधार पर वे डील से पहले ऑर्डर करते हैं और मुनाफा कमाते हैं। इस मामले से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि संजय टंडन के मालिकाना हक वाले इस फंड के मुंबई और हैदराबाद स्थित ठिकानों पर छापेमारी और जब्ती की कार्रवाई की गई। सूत्रों ने बताया कि 21 जून को इस मामले से जुड़े क्वांट डीलर्स और अन्य लोगों से पूछताछ भी की गई थी। क्वांट म्यूचुअल फंड को 2017 में सेबी से म्यूचुअल फंड लाइसेंस मिला था। यह देश का सबसे तेजी से बढ़ने वाला म्यूचुअल फंड हाउस है।

**5 साल में 100 करोड़ से 90,000 करोड़ रुपए हुआ एसेट्स**

**वर्ष 2019** में इसका एसेट्स 100 करोड़ रुपए थी, जो फिलहाल 90,000 करोड़ रुपए है। इसके पोर्टफोलियो में 26 स्कीम और 54 लाख फोलियो शामिल हैं। अब तक फंड की परफॉर्मेंस काफी बेहतर रही है। इसका स्मॉलकैप फंड फिलहाल 20,000 करोड़ रुपए से भी ज्यादा फंड मैनेज करता है।

**साइबर जालसाजी:** पांच घंटे तक वीडियो कॉल पर बंधक बनाए रखा

## बैंक मैनेजर महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 17 लाख ठगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** डिजिटल अरेस्ट करके साइबर ठगी करने की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जालसाज वीडियो कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति को डरा धमका देते हैं और उसे कॉल कट भी नहीं करने देते हैं। जालसाजों के चंगुल में फंसने पर लोग लाखों करोड़ों रुपए गंवा रहे हैं। ताजा मामला में राजधानी की महेश नगर निवासी एसबीआई बैंक मैनेजर महिला को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर जालसाजों ने 17 लाख रुपए ठग लिए। परिवादिया ने इस संबंध में विशेष अपराध एवं साइबर क्राइम पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि 20 जून की सुबह 10.44 बजे पीड़िता के मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण का प्रतिनिधि होना बताते हुए खुद का नाम राजीव बताया। उसने डराया कि परिवादिया के आधार कार्ड से महाराष्ट्र में मोबाइल सिम जारी करवाई गई है और उससे अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। पीड़िता ने दूसरी सिम जारी करवाने से इनकार किया तो राजीव (जालसाज) ने मुम्बई पुलिस से बात करवाने की कहकर कॉल ट्रांसफर कर दी और कॉल रिसीव करने वाले ने अपना नाम विनय खन्ना नाम बताया। कुछ देर में कॉल कट गया, लेकिन फिर दूसरे नंबर से कॉल आया और उसने स्काइप सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करवाकर उस पर बातचीत की।



**एफडी तुड़वाकर पैसे दिए**

**पीड़िता** बैंक मैनेजर ने बताया कि जालसाज जैसे कहते गए...वैसे करती गई। कमरे में खुद को बंद कर लिया। उनको पैसे देने के लिए एफडी तुड़वा दी। बाद में म्यूचुअल फंड भी बंद करवा रही थी। लेकिन घरवालों ने फोन कटवा दिया। इससे शेष राशि बच गई। घरवालों ने बीच में टोका तो उन्हें सीबीआइ वाले कुछ पूछताछ कर रहे हैं, यह कहकर चुप कर दिया और कमरे में बंद हो गई।

**19 जून को राज्यपाल के हाथों कराया था लोकार्पण**

## स्तंभ पर संविधान की गलत जानकारी, विरोध के बाद विवि ने छिपाई

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राजस्थान विश्वविद्यालय के हाल ही शुरू किए गए संविधान पार्क में संविधान की जानकारी को लेकर गफलत सामने आई है। संविधान पार्क में स्तंभ पर गलत संविधान अंकित कर दिया। रविवार को जैसे ही खबर फैली छात्र नेताओं ने विरोध शुरू कर दिया। विरोध के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने गलत जानकारी को पट्टी लगा छुपा दिया। गौरतलब हैं कि राजस्थान यूनिवर्सिटी में 3 करोड़ रुपए की लागत से संविधान पार्क का निर्माण किया गया था। गत 19 जून को राज्यपाल कलराज मिश्र ने संविधान पार्क का उद्घाटन किया था। राज्यपाल के साथ उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम बैरवा, राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा भी मौजूद थे। इस मामले में राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलपति और रजिस्ट्रार से बात करनी चाही तो दोनों ने कॉल नहीं उठाया।

**चार दिन बाद सामने आई गलती**

**विशेषज्ञों** की मानें तो संविधान स्तंभ पर संविधान के भाग 17 में राज-काज की भाषा है जबकि संविधान के भाग 18 में आपातकालीन उपबंध का उल्लेख किया गया है। लेकिन यूनिवर्सिटी के संविधान पार्क में भाग 17 में ही आपातकालीन उपबंध लिख दिया गया है। इसको लेकर राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्रों ने विरोध शुरू कर दिया है। छात्रों का कहना है कि संविधान को गलत तथ्य लिखकर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने संविधान का अपमान किया है।

### प्रविष्टियों में संशोधन आज से

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने पुरालेखपाल, सहायक पुरालेखपाल, शोध अध्येता, रसायनज्ञ एवं शोध अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा-2024 के तहत प्रविष्टियों में ऑनलाइन संशोधन का अवसर दिया है। अभ्यर्थी सोमवार से आवश्यक संशोधन कर सकेंगे। अभ्यर्थी 3 जुलाई तक नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन कर सकेंगे।

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। **–वाल्तेयर**

राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# तीस्ता पर बांग्लादेश के लचीले रुख का संकेत

नदियों के पानी को लेकर भारत के राज्यों के बीच विवाद समय-समय पर उठते रहे हैं। ऐसे ही विवाद पड़ोसी देशों के साथ भी चल रहे हैं। चीन से ब्रह्मपुत्र, पाकिस्तान से झेलम-सतलुज-सिंधु, नेपाल से कोसी और बांग्लादेश से तीस्ता नदी के पानी के बंटवारे पर सर्वमान्य संधियों का अब भी इंतजार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच दिल्ली में तीस्ता को लेकर जो सहमति बनी है, उससे भविष्य में इस नदी के पानी पर संधि का रास्ता खुलने की संभावना बढ़ गई है। इसके तहत बांग्लादेश की तीस्ता जल प्रबंधन परियोजना पर बातचीत के लिए भारत की तकनीकी टीम जल्द ढाका का दौरा करेगी।

दोनों देशों के बीच बनी सहमति इसलिए भी अहम है क्योंकि परियोजना हथियाने के लिए चीन बांग्लादेश पर डोरे डाल रहा था। चीन का इरादा 'चिकन नेक' नाम के सिलिगुड़ी गलियारे के पास इस नदी पर विशाल जलाशय बनाने का था। वह परियोजना की आड़ में भारत के सीमावर्ती इलाकों में अपना जाल फैलाना चाहता था। परियोजना पर भारत और बांग्लादेश की सहमति ने उसके इरादों पर तुषारापात कर दिया है। दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी नदियों में से एक तीस्ता का उद्गम स्थल सिक्किम है। सिक्किम और पश्चिम बंगाल से बहती हुई यह बांग्लादेश पहुंचकर ब्रह्मपुत्र में मिल जाती है। सिक्किम और पश्चिम बंगाल के हित भी इस नदी से जुड़े हैं। यह सिक्किम के लगभग समूचे मैदानी इलाकों को कवर करती है। वहां के लाखों लोगों के लिए रोजगार का जरिया है। सिक्किम के लिए तीस्ता का महत्त्व इस राज्य के राजकीय गीत 'जहां बागचा तीस्ता रंगीत' (जहां तीस्ता और रंगीत नदी बहती हैं) से समझा जा सकता है। पश्चिम बंगाल के छह जिलों में तीस्ता की धारा को जीवन-रेखा माना जाता है। तीस्ता के पानी को लेकर विवाद 1971 में बांग्लादेश बनने से पहले से चल रहा है। बांग्लादेश बनने के 12 साल बाद 1983 में समझौता हुआ था कि तीस्ता के पानी का 36 फीसदी हिस्सा बांग्लादेश, जबकि 64 फीसदी भारत इस्तेमाल करेगा। बांग्लादेश इस समझौते पर पुनर्विचार की मांग उठाता रहा है।

नए सिरे से समझौते की भूमिका 2011 में बनी थी पर पश्चिम बंगाल के विरोध के कारण समझौता नहीं हो सका। तीस्ता जल प्रबंधन परियोजना में भारत को सहयोगी बनाकर बांग्लादेश ने लचीले रुख के संकेत दिए हैं। यह रुख कायम रहा तो तीस्ता के पानी के बंटवारे की नई पटकथा लिखी जा सकती है। सरकार को सिक्किम और पश्चिम बंगाल को भरोसे में लेना होगा। बांग्लादेश से तीस्ता पर जल संधि में दोनों राज्यों के हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

**ब्रिटेन :** भारत में लोकसभा चुनाव हो चुके हैं, लेकिन ब्रिटेन में चुनाव प्रक्रिया चल रही है

# मुक्त व्यापार समझौते में बाधक नहीं होगी नई सरकार



**हरेंद्रसिंह जोधा**
प्रवासी भारतीय और राजस्थान एसोसिएशन यूके के समन्वयक
@patrika.com

**समय सीमा चूकने और दो साल से अधिक समय से चल रही बातचीत के बावजूद, विशेषज्ञों का मानना है कि वार्ता की राह में कोई नई बाधा नहीं आएगी। चुनाव परिणाम चाहे जो भी हों संबंधों में निरंतरता बनी रहेगी।**

भारत में चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी तीसरी बार सत्ता संभाल चुके हैं। चुनावी चकल्लस से ध्यान अब गवर्नेंस और डिलीवरी पर आ गया है, लेकिन ब्रिटेन में अब डोर से डोर चुनाव प्रचार का माहौल बना हुआ है। लेबर पार्टी, कन्जर्वेटिव पार्टी और दूसरे सभी दल मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पूरी मशक्कत कर रहे हैं। ब्रिटेन में आगामी चुनाव का एक अहम पहलू देश के पहले भारतीय मूल के प्रधानमंत्री पर केंद्रित है। उल्लेखनीय है कि सत्तारूढ़ कन्जर्वेटिव पार्टी के भीतर राजनीतिक उथल-पुथल के बीच अक्टूबर 2022 में ऋषि सुनक ने पदभार ग्रहण किया था। अब वे मतदाताओं का सामना कर रहे हैं।

लगभग 78 साल पहले भारतीय उपमहाद्वीप से ब्रिटिश राज के चले जाने के बावजूद, भारत और यूनाइटेड किंगडम के संबंध लचीले बने हुए हैं। अचानक ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने 4 जुलाई को चुनाव करवाने की घोषणा कर दी। उनके निर्णय ने सभी को चौंका दिया। अंतरराष्ट्रीय विश्लेषक विश्वास व्यक्त करते हैं कि चुनाव परिणाम चाहे जो आएं, भारत और ब्रिटेन के द्विपक्षीय संबंध स्थिर रहेंगे। फिलहाल सुनक के नेतृत्व में एफटीए हासिल करने की छोटी खिड़की चुनाव के कारण बंद हो गई है। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ छोड़ने के बाद ब्रिटेन ने तीन नए व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ समझौते पर 2021 में और न्यूजीलैंड के साथ 2022 में हस्ताक्षर किए गए थे। ये समझौते मई 2023 के अंत में लागू हुए। वर्तमान में ब्रिटेन और भारत के बीच कोई व्यापार समझौता नहीं है। ध्यान रहे कि 17 जनवरी 2022 को मुक्त व्यापार समझौते के बारे में दोनों देशों में बातचीत शुरू हुई थी। भारत सरकार को उम्मीद थी कि यह बातचीत अक्टूबर 2022 तक पूरी हो जाएगी, लेकिन यह समय सीमा निकल चुकी है।

भारत और ब्रिटेन के बीच संबंध राजनीतिक परिदृश्य के हिसाब से आकार लेते रहते हैं। भारतीय प्रवासियों का प्रभाव और आर्थिक सहयोग की संभावना इस रिश्ते में महत्त्वपूर्ण कारक हैं। भारत-ब्रिटेन संबंधों पर ब्रिटिश चुनावों का प्रभाव बहुआयामी है, जिसमें ऐतिहासिक संबंध, प्रवासी प्रभाव और आर्थिक संभावनाएं शामिल हैं। आगामी चुनाव निस्संदेह इस द्विपक्षीय रिश्ते की दिशा को आकार देंगे। भारत के साथ ब्रिटेन के जुड़ाव को इंडो-पैसिफिक धुरी के बड़े संदर्भ में देखा जाना चाहिए। राजकोषीय बाधाओं के साथ प्रतिस्पर्धी विदेश नीति प्राथमिकताओं को भी समझना होगा। यूक्रेन और गाजा में संघर्ष बड़ी चुनौती है। यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को पुनर्जीवित करने की चुनौती भी बड़ी है।

भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देना है। जनवरी 2022 में शुरू हुई भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता ने द्विपक्षीय व्यापार को महत्त्वपूर्ण रूप से बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। यह व्यापार संबंध दोनों देशों के लिए अपार संभावनाएं रखता है। अधिकतर चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में अग्रणी विपक्षी लेबर पार्टी ने इन वार्ताओं को पूरा करने का वादा किया है। हालांकि, टाइम लाइन के प्रति अनिश्चितता बनी हुई है। ब्रिटेन में अचानक चुनाव की घोषणा से एफटीए को अंतिम रूप देने में बाधा जरूर उत्पन्न हो गई। राजनीतिक उतार-चढ़ाव के बावजूद लेबर पार्टी व्यापार समझौते के लिए अपने समर्थन के प्रति दृढ़ बनी हुई है। लेबर पार्टी इस बार सत्ता में आने के प्रति आश्वस्त नजर आ रही है। लेबर पार्टी का सकारात्मक दृष्टिकोण भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने का संकेत नजर आता है।

एफटीए में वस्तुओं, सेवाओं, निवेश और बौद्धिक संपदा अधिकारों सहित विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए 26 अध्याय शामिल हैं। भारतीय उद्योग यूके के बाजार में आइटी और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों के कुशल पेशेवरों के लिए अधिक पहुंच की वकालत करता है। इसके साथ ही, यूके स्कॉच व्हिस्की, इलेक्ट्रिक वाहन, मेमने का मांस, चॉकलेट और चुनिंदा कन्फेक्शनरी उत्पादों जैसी वस्तुओं पर आयात शुल्क में पर्याप्त कटौती चाहता है। प्रस्तावित एफटीए से ब्रिटेन को रसायनों, परिवहन उपकरण, इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड मोटर वाहनों और व्हिस्की सहित अन्य के निर्यात को बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। कपड़ा और जूते जैसे श्रम प्रधान भारतीय निर्यात को कम ब्रिटिश शुल्क से लाभ हो सकता है। अभी भारत और यूके के बीच व्यापार एक साल में 38.1 अरब पाउंड के करीब है। यदि निवेश गति पकड़ता है, तो दोतरफा द्विपक्षीय व्यापार प्रवाह में वृद्धि होना तय है।

भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए अध्याय-वार बातचीत लगभग बंद हो गई है और वस्तुओं और सेवाओं पर कार्यक्रम बातचीत के उन्नत चरण में है। भारतीय टीम ने लंबित मुद्दों को सुलझाने के उद्देश्य से 16-19 अप्रेल को यूके का दौरा किया। विशेषज्ञों का मानना है कि ब्रिटेन में जल्द चुनाव वार्ता के लिए सकारात्मक हैं। जुलाई की शुरुआत तक, यूके और भारत दोनों सरकारों के पास नए जनादेश होंगे। नया माहौल बातचीत को जल्दी और उद्देश्यपूर्ण ढंग से फिर से शुरू करने की अनुमति देगा।

भारत और यूके के बीच जनवरी 2022 में वार्ता शुरू होने के बाद, व्यापार समझौते के लिए से बातचीत चल रही है। दोनों पक्षों के बीच 14वें दौर की बातचीत खत्म हो चुकी है। समय सीमा चूकने और दो साल से अधिक समय से बातचीत चलने के बावजूद, विशेषज्ञों का मानना है कि वार्ता की राह में कोई नई बाधा नहीं आएगी। ब्रिटेन के चुनाव परिणाम चाहे जो भी हों, यूके-भारत संबंधों की निरंतरता बनी रहेगी। जैसे ही ब्रिटेन में नई सरकार बनेगी, एफटीए को लेकर फिर से सक्रियता बढ़ जाएगी। बहरहाल, उम्मीद है कि जैसे-जैसे बातचीत आगे बढ़ती है, दोनों देशों में पारस्परिक रूप से लाभप्रद व्यापार साझेदारी के नए रास्ते भी खुलेंगे, जो राजनीतिक बदलावों से परे होंगे और आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकेंगे। दोनों देशों के संबंध मजबूती से आगे बढ़ेंगे।

**नेतृत्व**

# कार्यस्थल पर आध्यात्मिकता है नई पीढ़ी की प्राथमिकता

### कर्मचारी वहीं संतुष्टि और जुड़ाव महसूस करते हैं जहां उन्हें लगता है कि उनकी आध्यात्मिक जरूरतें पूरी हो रही हैं

पिछले कुछ वर्षों में कार्यस्थल आध्यात्मिकता, यानी वर्कप्लेस स्पिरिचुअलिटी शोध और जांच के क्षेत्र में भी लोकप्रिय हुई है। बहुत से शोधों ने इसके कार्यान्वयन को समर्थन दिया है। ये अध्ययन न केवल इस दृष्टिकोण से जुड़े लाभों को मान्य करते हैं, बल्कि संगठनात्मक परिणामों पर सकारात्मक प्रभावों को भी दर्शाते हैं। ये कार्यस्थल पर आध्यात्मिकता बढ़ाने की व्यावहारिक प्रासंगिकता को मजबूत करते हैं। संगठनात्मक व्यवहार और प्रबंधन के क्षेत्र में हुई रिसर्च में भी बताया गया है कि कर्मचारी वहीं संतुष्टि और जुड़ाव महसूस करते हैं जहां उन्हें लगता है कि उनकी आध्यात्मिक जरूरतें पूरी हो रही हैं।



**प्रो. हिमांशु राय**
निदेशक, आइआइएम इंदौर
@patrika.com

एशमोस और डचॉन (2000) द्वारा के एक महत्त्वपूर्ण अध्ययन ने बताया गया कि जब व्यक्ति कार्यस्थल को आध्यात्मिक रूप से सहायक मानता है, तो वह जीवन से संतुष्ट और संगठन के प्रति प्रतिबद्ध रहता है। उन्हें तनाव भी कम होता है, और वे उस कार्यस्थल को छोड़ना नहीं चाहते हैं। यह कार्यस्थल में कार्यबल स्थिरता बढ़ाने में आध्यात्मिक प्रथाओं के मूल्य को रेखांकित करता है। शोध बताते हैं कि कार्यस्थल आध्यात्मिकता रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहित करती है। इससे कर्मचारियों को अपने मूल्यों, उद्देश्यों और जुनून सहित काम पर अपना पूरा ध्यान लगाने में सहायता मिलती है। फिर वे केवल वित्तीय पुरस्कारों से प्रेरित नहीं होते हैं, बल्कि उद्देश्य और व्यक्तिगत संतुष्टि की भावना से प्रेरित होते हैं। इससे समग्र प्रदर्शन भी बेहतर होता है।

जिन कंपनियों ने आध्यात्मिक सिद्धांतों, जैसे कि माइंडफुलनेस, करुणा और अखंडता को अपनाया है, वे अक्सर अपने ग्राहकों को भी संतुष्ट रख पाते हैं और उनकी ब्राण्ड लॉयल्टी भी मजबूत होती है। ये कंपनियां नैतिक व्यवहार और सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाती हैं – जो आज के सामाजिक रूप से जागरूक बाजार के माहौल में अत्यधिक मूल्यवान हैं। इसके अलावा, कॉर्पोरेट संस्कृतियों में आध्यात्मिकता का एकीकरण संगठनात्मक लचीलेपन और अनुकूलनशीलता में एक महत्त्वपूर्ण कारक साबित हुआ है। संकट या आर्थिक मंदी के समय में, आध्यात्मिक रूप से समृद्ध कंपनियां मनोबल और उत्पादकता बनाए रखने के लिए बेहतर स्थिति में होती हैं। उनके कर्मचारी अधिक लचीले होते हैं, कंपनी के मिशन से अधिक जुड़ाव महसूस करते हैं, और केवल वित्तीय सफलता की तुलना में अधिक प्रेरित होते हैं। लीडर के लिए भी आवश्यक है कि वे प्रभावी ढंग से इस अवधारणा को समझें।

## टिम्बर-फ्रेम: पर्यटकों को लुभा रहे काले व सफेद पैटर्न के ये घर

मध्य जर्मनी के पुराने शहर फ्रायडेनबर्ग के 17वीं सदी के ये घर दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। इस पर्यटन स्थल तक पहुंचने में फ्रैंकफर्ट से कार में लगभग 90 मिनट लगते हैं। लकड़ी के फ्रेम वाले इन घरों का निर्माण वर्ष 1666 में शहर में लगी एक बड़ी आग के बाद किया गया था। शहर के नजदीक स्थित पहाड़ी से देखने पर इन 86 घरों का मनोरम दृश्य ऐसा लगता है मानो वे किसी परीकथा के पन्नों से निकलकर बाहर आ गए हों। इन घरों के काले और सफेद पैटर्न का आकर्षण ही है कि आधुनिक बैकपैक, चाबी के छल्लों और सजावटी स्लेट प्लेटों पर भी इनके चित्र जगह बना चुके हैं। इसके चित्र सोशल मीडिया, खास तौर पर इंस्टाग्राम, पर भी वायरल हो रहे हैं। इस पुराने शहर को ऑल्टर फ्लेकन भी कहा जाता है। इसकी बर्फ के साथ या बिना बर्फ की दोनों तरह की तस्वीरों ने दुनिया भर के पर्यटकों के बीच इसके प्रति दिलचस्पी बढ़ाई है। 16वीं सदी में यहां एक किलेनुमा चर्च का भी निर्माण किया गया था, जिसका अब 'बैल टॉवर' ही ठीक-ठाक अवस्था में है। इन अद्वितीय घरों की वजह से ही फ्रायडेनबर्ग टाउन को 'अंतरराष्ट्रीय महत्त्व के भवन स्मारक' के रूप में मान्यता प्राप्त है।



# पर्यावरण की अनदेखी से बढ़ रहा तापमान

डॉ. नन्दकिशोर साह

पृथ्वी पर निवास करने वाले समस्त जीव-जंतु और वनस्पतियां प्रकृति की संतान हैं। पर्यावरण से अलग कुछ भी नहीं है। पर्यावरण में पर्वत, नदियां, वृक्ष, वन सभी को जीवंत एवं महत्त्वपूर्ण समझा जाता है। मानव के समान पशु-पक्षी भी ईश्वरीय कृति है। अतः सभी ईश्वरीय कृतियों को एक समान रूप से सम्मान पानी हकदार है। भारतीय संस्कृति में वृक्षों को भी देव तुल्य माना गया है। अनेक ग्रह, नक्षत्र, आकाश, जल, पृथ्वी, अग्नि, दिशा, नदी, पर्वत में जीव जंतु आदि सभी पर्यावरण से संबंधित तथ्यों को देव की कोटि में रखा गया है। बुद्ध ने भी वृक्षों के संरक्षण पर बहुत बल दिया था। उन्होंने कहा था कि वृक्षों में भी जीवन है। वह मूर्ख लोग हैं, जो पेड़ पौधे को काटते हैं। मनुष्य सभी प्राणियों के प्रति उसी प्रकार करुणा एवं दया का भाव रखें जैसे एक माता अपने इकलौते पुत्र के कल्याण के लिए दया भावना रखती है। पशु-पक्षी और कीड़े-मकोड़े भी पर्यावरण और प्रकृति का एक अभिन्न अंग हैं। जल, चंद्र, सूर्य, प्रकाश, पृथ्वी, अग्नि सभी प्रकृति के घटक हैं।

प्रदूषण आज सारे विश्व के लिए गंभीर समस्या बन कर उभरा है। इस प्रदूषण से भारत भी बुरी तरह से प्रभावित है। ऐसा नहीं है कि प्रदूषण की समस्या विगत कुछ वर्षों से हमारे सामने प्रकट हुई हो। हां, इतना जरूर है कि इस समस्या ने हाल के वर्षों में एक भयावह रूप लिया है। राजधानी नई दिल्ली और आसपास के शहरों में प्रदूषण का प्रकोप देखने को मिला है और अभी भारत भीषण गर्मी झेल रहा है। यदि वृक्षों को काटा जाता है और प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं होता है तो दुनिया को इसके दुष्परिणाम झेलने होंगे। आज अधिक से अधिक पेड़ लगाना समय की मांग है। प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन करना हमारा नैतिक दायित्व है। यह हमारे अस्तित्व के लिए भी जरूरी है, क्योंकि हम खुद प्रकृति का हिस्सा हैं। प्रकृति के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास हों। सिर्फ सरकार के भरोसे सब कुछ नहीं छोड़ सकते। पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज और सामाजिक संगठनों को आगे आना चाहिए।

( ईमेल पर प्राप्त आलेख )

**पेपर लीक प्रकरण:** यह टिप्पणी सीधे गाल पर मारा गया तमाचा है जिसे प्रत्येक सरकारी नौकर को महसूस करना चाहिए

# देश में फैले भ्रष्टाचार के कीचड़ के लिए अधिकारी जिम्मेदार



**रमेश मिश्रा**
लेखक मध्य प्रदेश में संयुक्त कलक्टर रह चुके हैं
@patrika.com



पेपर लीक;
सोचा-समझा देशद्रोह

**जीवन में नैतिकता का भी कोई मूल्य है और चरित्र वह चीज है जो समाज में जीने के लिए आवश्यक है। यह सिखाया ही नहीं जाता।**

इससे बड़ी टिप्पणी, इससे बड़ी गाली, इससे बड़ी जलालत नहीं हो सकती। इससे ज्यादा फजीहत किसी की नहीं की जा सकती। यह डूब मरने के लिए काफी है। वैसे मरेगा कोई नहीं क्योंकि सब चिकने घड़े हैं। नैतिकता, शर्म, हया, कर्त्तव्य बोध, चरित्र, राष्ट्र प्रेम जैसी चीजें बची कहां हैं। किसी के व्यक्तित्व को गिराना हो, किसी को निकम्मा बनाना हो, अत्याचारी बनाना हो तो उसे सरकार में नौकरी लगा दो... यह भीषण टिप्पणी है पत्रिका की। इसमें भृत्य से कैबिनेट सचिव तक सब शामिल हैं।

जब मैं विद्यार्थी था तब इतनी भीषण स्थिति नहीं थी। मुझे स्मरण है कि जब स्नातक प्रथम वर्ष में निर्धनता योग्यता छात्रवृत्ति के लिए आय प्रमाण पत्र बनवाने तहसीलदार के कार्यालय में 11 बजे आवेदन प्रतिवेदनों के साथ दिया और बाहर प्रतीक्षा करते 4 बज गए तो तहसीलदार से मिलने का प्रयास करने लगा, भृत्य ने पहले रोका फिर कुछ अपेक्षा की तो मैं उलझ गया। आवाज तहसीलदार तक पहुंच गई और उन्होंने मुझे बुला कर काम पूछा। तब तक बाबू ने नहीं बनाया था, तुरंत बनवा कर दिया। क्या आज कोई छात्र ऐसी अपेक्षा कर सकता है?

मैंने 36 वर्ष विभाग में सेवा की और नाना रूपों में भारतीय प्रशासनिक सेवा के सैकड़ों अधिकारियों से साक्षात्कार हुआ। केवल एक अधिकारी ने कहा – नाक कट जाएगी। बेहद कर्त्तव्यनिष्ठ, ईमानदार अधिकारी थे। दूसरा कोई ईमानदार नहीं मिला, बस मात्रा और तौर-तरीके का अंतर रहा। किसी ने नाक कटने की कभी बात नहीं की क्योंकि वह सेवा में आते ही कटा चुके होते हैं। कुछ भ्रष्टाचार में साथ न देने वाले के साथ भी अच्छे से चला लेते हैं तो कुछ ऐसे लोगों को प्रताड़ित भी करते हैं तो कुछ बाध्य भी करते हैं।

सामान्य तौर पर नेताओं को भ्रष्ट माना जाता है पर मैं इससे सहमत नहीं हूं। मेरा अनुभव यह है कि नेताओं को भ्रष्टाचार की अफीम अधिकारी चटाते हैं और एक बार स्वाद लगने के बाद नेता ऊपर हो जाते हैं और अधिकारी भीतर ही भीतर दीमक की भांति खाते रहते हैं। आज तक कोई भी भ्रष्टाचार ऐसा नहीं हुआ जिसे नेता ने अकेले किया हो, उसमें अधिकारी शामिल न हो।

बाबू, पटवारी, सिपाही, भृत्य, वन रक्षक, समयपाल से भले गलत करने की शुरुआत होती है पर इनका भ्रष्टाचार कोई मायने नहीं रखता क्योंकि इन्हें स्वयं कुछ करने का अधिकार नहीं होता। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी ही होते हैं। इस नैतिक पतन का कारण व्यक्ति का पालन पोषण है। बचपन से ही बच्चे को भौतिक सुखों की ओर मोड़ दिया जाता है और उसे पैसे कमाने की मशीन बनाया जाता है। जीवन में व्यक्तित्व भी कोई चीज है, नैतिकता का भी कोई मूल्य है और चरित्र वह चीज है जो समाज में जीने के लिए आवश्यक है। यह सिखाया ही नहीं जाता। बिना बीजारोपण कोई पौध तैयार नहीं हो सकती।

मुझे पिता जी, जो एक छोटे किसान थे, के वे शब्द आज भी याद हैं जो उन्होंने नौकरी के लिए चलते समय कहे थे। विभाग की निन्दा करते हुए उन्होंने सीख दी थी कि अपनी कलम से कभी कोई गलत काम नहीं करना। जब भी मेरे सामने बड़ा दबाव/प्रलोभन आया, पिता जी के शब्दों ने मेरी रक्षा की। सैकड़ों घटनाएं हैं जिनमें से दो का उल्लेख कर रहा हूं।

हजारों करोड़ की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा चल रहा था और उसकी 28 वर्ष से लंबित फाइल जब मेरे सामने आई और मैं निपटाने पर हुआ तो मेरे सामने पांच करोड़ का प्रस्ताव आया जो जीवन भर की नौकरी से नहीं मिलना था। पिता जी के शब्द याद आए और मैंने मेहनत की। 1860 तक के अभिलेख खंगाले और ऐसा आदेश बनाया कि सर्वोच्च न्यायालय तक से वह बदल नहीं सका और शासकीय सम्पत्ति की रक्षा हुई। दूसरा, विंध्य के एक दिग्गज नेता ने छठी बार फोन किया कि कर दो डरो नहीं मैं यहां हूं कुछ नहीं होगा तो मैंने कहा कि यहां तो आप देख लेंगे पर मैं अपनी आत्मा को क्या जवाब दूंगा कि इतना गलत क्यों किया। वे झुंझला कर बोले जब इतनी कमजोर आत्मा है तो इस विभाग की नौकरी क्यों की।

पत्रिका ने 'सोचा-समझा देशद्रोह' कहा है यह बिल्कुल सटीक है। घोड़े की जगह गधे को भर दो, देश का क्या होगा। एक तहसील में नकल का गढ़ था, हरियाणा तक के लड़के नकल करने आते थे, 45 केंद्र हुआ करते थे, मैंने 35 बंद करवा दिए। नकल करवाना यह देश के साथ सबसे बड़ा अन्याय है।

यह सब मैं इसलिए लिख रहा हूं कि सरकारी नौकरी करने वाले यह महसूस करें कि व्यक्तित्व, नैतिकता, चरित्र भी कोई चीज होती है जिसकी रक्षा की जानी चाहिए और पत्रिका की यह टिप्पणी सीधे गाल पर मारा गया तमाचा है जिसे प्रत्येक सरकारी नौकर को महसूस करना चाहिए और शर्मिंदा होना चाहिए। आज जो पूरे देश में चारों ओर भ्रष्टाचार का कीचड़ फैला हुआ है, उसके लिए 70% अधिकारी-कर्मचारी और 30% नेता जिम्मेदार हैं।

*(पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी के अग्रलेख 'पेपर लीक; सोचा-समझा देशद्रोह' पर सोशल मीडिया पर व्यक्त प्रतिक्रिया।)*

**आपकी बात**

## पानी का दुरुपयोग रोकें

भूमिगत जल स्तर घटता ही जा रहा है। असल में अंधाधुंध भूजल का दोहन हो रहा है। नए ट्यूबवेल बनाए जा रहे हैं। साथ ही पेड़ों की कटाई हो जा रही है। वन कम होते जा रहे हैं, जिससे बारिश भी कम हो रही है। पानी का दुरुपयोग रोका जाना चाहिए, वरना हालात और ज्यादा विकट हो जाएंगे।

**-दिलीप शर्मा,** भोपाल, मप्र

## अभियान महज खानापूर्ति

वर्षा जल रोककर भूमि को फिर से रिचार्ज करने के गंभीर प्रयास नहीं होने का प्रतिफल है कि भूजल स्तर नहीं बढ़ पा रहा है। हर साल चलाए जाने वाले सघन पौधरोपणअभियान भी महज खानापूर्ति साबित हो रहे हैं जिन्हें गंभीरता से लेना होगा ताकि अधिक बरसात हो और भूजल स्तर बढ़ सके।

**-पृथ्वी सिंह राजावत,** बूंदी

**आज का सवाल**

**भारत में भ्रष्टाचार पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है?**

ईमेल करें
edit@epatrika.com

**patrika.com** पर पढ़ें

## पाठकों की प्रतिक्रियाएं

इसे स्कैन करें

**पत्रिकायन** का सवाल था, 'भूमिगत जल स्तर बढ़ाने के प्रयास सफल क्यों नहीं हो रहे?' कई प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। कुछ ऑनलाइन भी दी जा रही हैं।

https://shorturl.at/LE2x0

# जमीन, बजट और टेंडर कर दें तो हर संभाग को मिल जाएगा

# एम्स जैसा इलाज

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** प्रदेश के हर संभागीय मुख्यालय पर एम्स की तर्ज पर छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (सीआईएमएस) खोले जाने हैं। भाजपा ने संकल्प पत्र में इसका वादा किया था। विशेषज्ञों के जरिए पत्रिका ने संकल्प पत्र के आधार पर सरकार के 100 दिन के कामकाज का रोडमैप बनाया। इसे 100 दिन में पूरा करने के रास्ते भी ढूंढ़े। पत्रिका बता रहा है जमीन चिह्नित करने से लेकर अधिग्रहण और आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर बजट का इंतजाम किया जाए तो कम से कम 20 फीसदी काम हो जाएगा। इससे तय समय में प्रोजेक्ट पूरा होगा। 100 दिन में सरकार किस तरह प्रोजेक्ट पर आगे बढ़ सकती है, **पत्रिका की रिपोर्ट...**



**डबल इंजन सरकार**
**ब्लू प्रिंट @100 दिन**
**17 जून - 24 सितंबर**




## 100 दिन में 20 फीसदी काम भी पूरे हुए अगले 5 सालों में संभागों में मिल जाएगी मुकम्मल सेहत की सुविधा

## कॉन्सेप्ट तय कर डीपीआर बनानी होगी पहले

1 **पहले** मेडिकल इंस्टीट्यूट का प्रोजेक्ट प्लान तय हो। इंस्टीट्यूट का कॉन्सेप्ट तय हो। प्रोजेक्ट की डीपीआर बनाकर जमीन, भवन, क्षमता, अमला, संसाधन, लक्ष्य व बजट तय हों। डीपीआर पर कैबिनेट से मंजूरी ली जा सकती है।

2 **प्रोजेक्ट** तय कर संभागीय मुख्यालयों पर जमीन चिह्नित करनी होगी। 5 संभागीय मुख्यालयों में देखना होगा, कि निजी जमीन अधिग्रहित करने की जरूरत है या नहीं। ऐसा हुआ तो अधिग्रहण प्रक्रिया भी इसी अवधि में पूरी की जा सकती है।

3 **विशेषज्ञों** की मानें तो एम्स जैसे इंस्टीट्यूट के लिए 400 से 500 करोड़ रुपए की जरूरत होती है। इसलिए केंद्रीय मदद के प्रस्ताव तुरंत भेजना होगा। राज्य स्तर पर भी बजट का इंतजाम करना होगा। जुलाई में अनुपूरक बजट में प्रावधान करना होगा।

### बड़ी योजनाओं को पूरा करने का जरिया भी बनेंगे संस्थान

- **संकल्प** पत्र में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) के तहत प्रति परिवार को 5 लाख की जगह 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा देने का वादा भी किया है। केंद्र सरकार ने इसे लागू करने की घोषणा की है। इसके आधार पर इसे प्रदेश में भी लागू किया जा सकता है। इससे 68 लाख परिवारों को लाभ मिलेगा।
- **संकल्प** पत्र में प्रदेश के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए सालाना निःशुल्क संपूर्ण शारीरिक स्वास्थ्य जांच करने का भी वादा किया गया है। इस पर नीतिगत फैसला लेकर आदेश जारी किया जा सकता है। इसके लिए बहुत ज्यादा फंड की भी आवश्यकता नहीं होगी। अस्पतालों में विशेष शिविर लगाकर इसकी जांच की जा सकती है।

### निर्माण की डगर है कठिन

पांच साल में एम्स जैसा इंस्टीट्यूट तैयार करना आसान नहीं है। एम्स को बनने में भी 11 साल का समय लगा था। ऐसे में मेडिकल इंस्टीट्यूट के लिए तुरंत काम शुरू होने के साथ काम की निगरानी के लिए मासिक समीक्षा व्यवस्था भी बनानी होगी। इससे काम में तेजी आएगी। निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करना होगा, क्योंकि बड़े भवन बनने में ही तीन साल से ज्यादा समय लग जाता है।

---

माशिमं

## 12वीं के पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना के रिजल्ट जारी




**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने रविवार को 12वीं (हॉयर सेकंडली) के पुनर्मूल्यांकन /पुनर्गणना के परिणाम जारी कर दिए। 12वीं में कुल 10960 परीक्षार्थियों ने पुनर्मूल्यांकन /पुनर्गणना के लिए आवदेन किए थे, जिसमें 4437 विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में बदलाव हुआ है। वहीं, 10वीं हाईस्कूल में पुनर्मूल्यांकन /पुनर्गणना के लिए मिले आवेदन पर जांच का काम तेजी से चल रहा है और इसी माह के अंत तक परिणाम जारी होने के आसार हैं।

## 18 लाख पीएम आवास पर श्वेतपत्र जारी करें सरकार : बैज

साय सरकार गरीबों को आवास देने के नाम पर कर रही धोखाधड़ी

**रायपुर @ पत्रिका.** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, साय सरकार 18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करें। भाजपा सरकार बनने के बाद 18 लाख आवास स्वीकृत होने का दावा किया गया था। जबकि, सच्चा यह है कि 18 लाख आवास में से अब तक एक भी आवास स्वीकृत नहीं हुआ है। साय सरकार गरीबों को आवास देने के नाम पर धोखाधड़ी की है। जो भी आवास बने हैं और जो बन रहे हैं वो कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत हुए थे। केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रधानमंत्री आवास के मकानों की संख्या को स्वीकृति ही नहीं दी है। राज्य सरकार खुद ही संख्या की घोषणा कर अपनी पीठ थपथपा रही है। कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में सच्चाई है तो स्वीकृत आवासहीनों के नाम सार्वजनिक किया जाए। मोदी सरकार बताएं 18 आवासों में से कितने आवास केंद्र स्वीकृत किया मोदी सरकार ने राज्य के 18 लाख आवासों में से 1 मकान की भी स्वीकृति नहीं दिया।

---

**नेशनल मेडिकल कमीशन** ने बीमारी की पहचान न होने तक एंटीबायोटिक दवा नहीं देने का दिया निर्देश

# आईसीयू में भर्ती गंभीर मरीजों के लिए एंटीबायोटिक दवाएं बेअसर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रायपुर.** आईसीयू में भर्ती कई गंभीर मरीजों पर एंटीबायोटिक दवाएं असर नहीं कर रही हैं। यही स्थिति सेप्टीसेमिया के मरीजों की हैं। डॉक्टरों के अनुसार, एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग के कारण ऐसा हो रहा हैं। ज्यादातर मरीज स्थानीय अस्पतालों या डॉक्टर से इलाज करवाकर बड़े अस्पताल में पहुंचते हैं। तब तक उन्हें डॉक्टर एंटीबायोटिक की हाई डोज दे चुके होते हैं। ऐसे में जरूरी दवा देने के बाद भी असर नहीं करती। इससे मरीजों के असमय मौत के मुंह में जाने का खतरा भी पैदा हो गया है। 19 जून को नेशनल मेडिकल कमीशन ने मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टर व सीनियर रेसीडेंट के लिए एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग के लिए गाइडलाइन जारी की हैं। इसमें बीमारी की पहचान न होने तक एंटीबायोटिक दवा न देने को कहा है।

राजधानी समेत प्रदेश में झोलाछाप ही नहीं, विशेषज्ञ व सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर भी धड़ल्ले से एंटीबायोटिक दवाएं लिख रहे हैं। वायरल इंफेक्शन में ये दवा नहीं देनी है, लेकिन ये भी धड़ल्ले से दी जा रही हैं। इन दवाओं का बेहताशा उपयोग केवल गांवों में नहीं, बल्कि बड़े सरकारी व निजी अस्पतालों में भी हो रहा है। चर्चा है कि कुछ डॉक्टर मल्टीनेशनल दवा कंपनियों के लालच में आकर मरीजों को हाई डोज एंटीबायोटिक दवाएं दे रहे हैं या इंजेक्शन लगा रहे हैं। इससे न केवल मरीजों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, वरन जान का खतरा भी बन रहा है। डॉक्टरों के अनुसार मरीजों को हाई डोज एंटीबायोटिक दवाएं देने के बाद दूसरी दवा का असर ही नहीं हो रहा है।

दरअसल, बॉडी में एंटी ड्रग रजिस्टेंस बन रहा है। मेडिकल री-अंबर्समेंट के लिए आने वाले मेडिकल बिल में हाई डोज एंटीबायोटिक व महंगी दवा लिखने की पुष्टि भी हो रही है। सीनियर डॉक्टर भी मेरोपेनम जैसे दवाएं एक माह के लिए लिख रहे हैं, जो गलत है। जर्नल जेएसी एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस के अनुसार दुनिया में इजिथ्रोमाइसिन सबसे ज्यादा खाई जाने वाली दवा है। 500 मिलिग्राम की दवा रोज 38.4 करोड़ डोज खाई जाती है।

**प्रोटोकाल के लिए बनी थी कमेटी, विवाद के बाद लागू नहीं :** राज्य सरकार ने 2018 में केंद्र सरकार के निर्देश के बाद प्रदेश में एंटीबायोटिक दवाओं का प्रोटोकॉल तय करने के लिए कमेटी बनाई गई थी। स्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन डिप्टी डायरेक्टर डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव की अध्यक्षता में इस कमेटी ने 2020 में रिपोर्ट सौंप दी थी, लेकिन यह लागू नहीं हो पाई है। विशेषज्ञों के अनुसार, कमेटी प्रोटोकॉल कैसे तय कर सकती है। इलाज करने वाले डॉक्टरों को कई बार मरीज की स्थिति व लक्षण के अनुसार दवाएं देनी पड़ती हैं। चूंकि



### जनवरी में दिया आदेश, बिना प्रिस्क्रिप्शन न दें

इस साल जनवरी में डायरेक्टेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विस (डीजीएचएस) ने फार्मासिस्ट एसोसिएशन को पत्र लिखकर एंटीबायोटिक दवाएं डॉक्टर के बिना प्रिस्क्रिप्शन के ना देने की अपील की थी। इसमें एंटी सेप्टिक, एंटी बायोटिक, एंटी वायरल, एंटी फंगल व एंटी पैरासाइटिक दवाएं शामिल हैं।

टॉपिक एक्सपर्ट

### लोग केमिस्ट की सलाह पर दवा खाते हैं...

एंटीबायोटिक एच शेड्यूल की दवाएं होती हैं। इसे बिना प्रिस्क्रिप्शन किसी भी मेडिकल स्टोर से बेचा नहीं जा सकता। लोग भी केमिस्ट की सलाह पर या मर्जी से ये दवाएं खा रहे हैं। इसका नुकसान ये हो रहा है कि जरूरत के समय ये दवाएं बीमारियों पर असर नहीं कर रही हैं। ज्यादा दवाओं के उपयोग से दवा के खिलाफ शरीर में रजिस्टेंस बन जाता है। **- डॉ. आरके पंडा,** एचओडी चेस्ट, आंबेडकर अस्पताल

### दवाओं का हाई डोज खतरनाक

कई बार देखने में आ रहा है कि आईसीयू में भर्ती गंभीर व सेप्टीसेमिया के मरीजों पर एंटीबायोटिक दवाएं असर नहीं कर रही है। इसका प्रमुख कारण ये है कि जब मरीज दूसरी जगह से अस्पताल आता है, तब उन्हें दवाओं का हाई डोज पहले ही दे चुके होते हैं। ऐसे में दवाओं से मरीज ठीक नहीं हो रहे हैं। कोई भी मेडिकल स्टोर से अपनी मर्जी से दवा खरीदकर न खाएं। **- डॉ. योगेंद्र मल्होत्रा,** प्रोफेसर मेडिसिन आंबेडकर अस्पताल, रायपुर

---

**जांजगीर-चांपा :** सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता में लगाए सास-ससुर पर प्रताड़ना के आरोप

# पूर्व सांसद कमला पाटले की बहू ने मांगी इच्छा मृत्यु

### कहा- रसूख के चलते नहीं लिखी जा रही उनकी रिपोर्ट

**पत्रिका ब्यूरो @जांजगीर-चांपा.** भाजपा की पूर्व सांसद कमला देवी पाटले की बहू मंजूषा पाटले ने रविवार को सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता लेकर अपने ससुरालियों के खिलाफ आरोपों की झड़ी लगा दी। सास पूर्व सांसद कमला देवी पाटले, ससुर इंद्रभूषण पाटले, पति प्रदीप पाटले सहित अन्य पर उनकी बहू मंजूषा पाटले ने प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई जा रही है लेकिन किसी थाने में उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके चलते वे मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने शासन प्रशासन से इच्छा मृत्यु की मांग भी कर डाली है। मंजूषा का आरोप है कि उनकी व उनकी दो छोटी बेटियों की भी कभी भी हत्या उनके लोगों द्वारा की जा सकती है, क्योंकि वे चाहते हैं कि प्रदीप पाटले उनको तलाक दे दें। उनका कहना है कि पूर्व सांसद का रसूख अब तक इतना बना हुआ है कि उनके दबाव में आकर पूरा पुलिस प्रशासन डरा हुआ है। दरअसल, मंजूषा पाटले ने शादी के बाद दो बेटियों को जन्म दिया। ससुरालियों की चाहत थी कि वंश को आगे बढ़ाने के लिए बेटों की भूमिका अहम है। तब से उसकी सास कमला देवी पाटले व उसके ससुर इंद्रभूषण पाटले (रिटायर्ड शिक्षक), पति प्रदीप पाटले ( जिला पंचायत सदस्य) ज्येष्ठ अमित पाटले (टीआई भाटापारा) सहित अन्य पर आरोप लगाते हुए कहा कि सभी साथ मिलकर उसे प्रताड़ित करते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिए। इसके बाद वह चांपा के एक कालोनी में दो छोटे-छोटे बेटियों के साथ रह रहीं हैं। इसके बाद भी उनके ससुराल पक्ष के लोग पीछा नहीं छोड़ रहे हैं।



मंजूषा पाटले कमला पाटले

हमारी बहू द्वारा कही गई बातें पूरी तरह से मिथ्या व झूठ है। वह खुद दूसरे के घर में अनाधिकृत रूप से रह रही हैं। ऐसे में उसके घर की बिजली कटेगी ही। मामला पति-पत्नी के झगड़े का है। लेकिन वह मेरे कैरियर को धूमिल करने में लगी हुई हैं।
**कमला देवी पाटले,** पूर्व सांसद

---

**तीनों जिलों में 2 करोड़ 2 लाख 90 हजार से अधिक फार्म आईडी बनाए**

# तीन जिलों में डिजिटल क्रॉप सर्वे का पायलट प्रोजेक्ट शुरू

### किसानों को फसल ऋण, विशेषज्ञों की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी

### आवश्यकतानुसार बैंक ऋण लेने की भी सुविधा मिलेगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रायपुर @ पत्रिका.** सरकार एग्रीस्टेक योजना पर कार्य कर रही है, इसके अंतर्गत जियो रिफरेंसिंग आधारित डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जाएगा। सर्वे में किसानों की फसलों की सभी जानकारियां भारत सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल में दर्ज होंगी। किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञों की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही, किसानों को आवश्यकतानुसार बैंक ऋण लेने की भी सुविधा मिलेगी। इस योजना के तहत प्रदेश के तीन जिलों धमतरी, महासमुंद और कवर्धा में डिजिटल क्रॉप सर्वे का पायलट प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इन जिलों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण के लिए जियो रिफरेंसिंग का कार्य अंतिम चरण में है।

महासमुंद जिले के 1150 गांवों में से 973, धमतरी जिले में 613 ग्राम में से 304, कवर्धा जिले में 1012 ग्रामों में से 809 ग्रामों में जियो रिफरेंसिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इन जिलों में 2 करोड़ 2 लाख 90 हजार से अधिक फार्म आईडी बनाए गए हैं। राज्य स्तर पर एग्रीस्टेक योजना के संचालन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संचालन समिति और क्रियान्वयन के लिए संचालक कृषि की अध्यक्षता में क्रियान्वयन समिति गठित की गई है।

### बोआई, उत्पादन सहित अन्य जानकारियां मिलेंगी

एग्रीस्टेक पोर्टल का उद्देश्य कृषि उत्पादकों (किसानों) और नीति निर्माताओं-केंद्र सरकार और राज्य सरकार को एक डिजिटल छतरी के नीचे लाना है। इस पोर्टल के जरिए किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। किसानों को भूमि फसल, मृदा स्वास्थ्य, मौसम की स्थिति के आधार पर नियमित रूप से सामयिक सलाह फसल की बुआई और उत्पादन के लिए विश्वसनीय डेटा के अलावा सूखा, बाढ़, खराब उत्पादन जैसे जोखिम से निपटने की तैयारी के बारे में जानकारी मिलेगी। एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन होने के बाद उन्हें एक फार्म तथा फार्मर आईडी दी जाएगी तथा जियो रेफरेन्सड मैप को किसान आईडी से लिंक किया जाएगा। किसानों द्वारा भूमि में लगाई गई फसल का जीआईएस आधारित डिजिटल सर्वेक्षण किया जाएगा।

प्रदेश के किसानों को उन्नत कृषि करने की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। एग्री स्टेक पोर्टल का उद्देश्य किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। **- रामविचार नेताम,** कृषि मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

## सीजीपीएससी से चयनित सहकारिता निरीक्षकों को मिली पदस्थापना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रायपुर @ पत्रिका.** राज्य सेवा परीक्षा वर्ष 2022 के परिणाम के आधार पर सहकारिता विभाग में चयनित अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। सहकारिता निरीक्षक के पद पर जिनकी नियुक्ति की गई है, उनमें शशांक तिवारी को कोरबा, गरिमा शर्मा को जांजगीर-चांपा, नितिन अग्रवाल को दुर्ग, अभिषेक कुमार सिन्हा को रायपुर, रूकसार बानो को मुंगेली, समृद्धि ताम्रकार को महासमुंद, मुकेश कुमार गुप्ता को रायपुर, मनीष कुमार रात्रे को बिलासपुर, सतानंद पाटले को मुंगेली, नितेश कुमार भगत को अंबिकापुर, इन्द्र कुमार को कांकेर, विनायक सिंह को बस्तर, शैलजा खलखो को सूरजपुर, घनेन्द्र कुमार साव को जशपुर और देवव्रत भार्गव को जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में पदस्थापना की गई है।

## सूरजपुर : करंट से दो किसानों की मौत

**सूरजपुर @ पत्रिका.** सूरजपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेलसरा में रविवार की सुबह खेत में गए दो किसानों की तरंगित तार की चपेट में आने से मौत हो गई। यह तार जानवरों से सुरक्षा के लिए लगाया गया था। तेलसरा के चंद्रपुर निवासी घरभरन नेताम उम्र (55) वर्ष व प्राणसाय मार्को (54) ने अपने खेतों में उड़द दाल की बोआई की थी। दोनों सुबह लगभग 4.30 बजे खेत में उसे देखने गए थे। इसी दौरान जानवरों से सुरक्षा के लिए लगाई गई झटका मशीन की तार की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ देर बाद खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने दोनों को तार में चिपके हुए मृत पाया। सूचना पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। जांच में पाया कि जानवरों से सुरक्षा के लिए लगाए गए झटका मशीन की तार में ट्यूबवेल के मोटर से जुड़े मेन लाइन के संपर्क में आने से करंट प्रवाहित हो गया था। इसकी वजह से दोनों की करंट लगने से मौत हो गई।

चुनाव संपन्न

## बिलासपुर के कमल सोनी छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष बने



**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** पांच साल बाद हुए छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव में एकता पैनल का दबदबा रहा। रायपुर के पुजारी पार्क में हुए इस चुनाव में एकता और जय सराफा पैनल आमने-सामने थे। एकता पैनल से बिलासपुर के कमल सोनी ने अपने निकटतम प्रत्याशी दुर्ग के प्रकाश सांखला को 65 वोटों से हराकर अध्यक्ष चुने गए। वहीं कड़े मुकाबले में महासचिव पद पर प्रकाश गोलछा 1 वोट से और कोषाध्यक्ष पद पर हर्षवर्धन जैन 8 वोटों से विजयी घोषित किए गए। इन्होंने जय सराफा पैनल के उत्तम गोलछा और सुरेश भंसाली को हराने में सफल रहे। मुख्य चुनाव अधिकारी मंगेलाल मालू और चुनाव संचालक हरख मालू ने बताया कि 273 मतदाताओं वाले छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन का चुनाव रविवार को सुबह 10.30 बजे से हुए।नतीजे शाम को घोषित किए गए। तीनों पदों के लिए 263 सदस्यों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। विजयी प्रत्याशियों को सर्टिफिकेट देकर विजेता घोषित किया गया। इनका कार्यकाल तीन साल के लिए होगा।

---

**नीट यूजी की परीक्षा** | परीक्षार्थियों को इस बार कोई शिकायत नहीं, बोले- सब ठीक

# नीट की दोबारा परीक्षा में शामिल हुए 115 परीक्षार्थी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दल्लीराजहरा/ भिलाई.** मेडिकल एंट्रेस एग्जाम नीट यूजी की परीक्षा दल्लीराजहरा के डीएवी इस्पात सीनियर सेकंडरी स्कूल में रविवार को हुई। परीक्षा में 115 परीक्षार्थी शामिल हुए और 70 अनुपस्थित रहे।

नीट यूजी की परीक्षा एनटीए ने 5 मई को आयोजित की थी। पहली बार एनटीए ने बच्चों को सुविधा प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में दो परीक्षा केंद्र बनाए थे। इसमें से एक केंद्र शासकीय आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल बालोद था। इस शाला में पहले 10 मिनट के बाद बच्चों को पेपर बांटे गए। लगभग एक घंटे के बाद परीक्षार्थियों से पुनः पेपर वापस लेकर दूसरा पेपर दिए गए। इस तरह परीक्षार्थियों का लगभग एक घंटे खराब हो गया था। समय के अभाव में परीक्षार्थियों के पेपर जैसे बनने चाहिए थे, वैसे नहीं बन पाए।

**इस बार बदला गया परीक्षा केंद्र :** एनटीए ने 23 जून को रि-नीट परीक्षा की तिथि घोषित की। बालोद के विद्यालय में गडबड़ी के बाद एनटीए ने बालोद जिले के दल्लीराजहरा के डीएवी इस्पात सीनियर सेकंडरी शाला को परीक्षा केंद्र बनाया। रविवार को परीक्षार्थियों ने पुनः नीट की परीक्षा दिलाई।



### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई दोबारा परीक्षा

परीक्षा केंद्र से बाहर आने के बाद परीक्षार्थियों ने इसकी जानकारी बाहर खड़े अपने अभिभावकों दी। अभिभावकों व परीक्षार्थियों ने इस बात को लेकर जमकर हंगामा किया। हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को उन जगहों पर रि-नीट करवाने के आदेश दिए। डीएवी दल्लीराजहरा को केंद्र बनाया गया।

परीक्षार्थी बोले

### परीक्षा ठीक से हुई

परीक्षार्थी **ओम सिन्हा** ने बताया कि दल्लीराजहरा में नीट की परीक्षा ठीक तरह से हुई। उन्हें समय व अन्य किसी बात को लेकर कोई परेशानी नहीं हुई। पेपर पिछली बार की अपेक्षा कुछ ज्यादा कठिन था।

परीक्षार्थी **दीपिका** ने बताया कि दल्लीराजहरा में हुई परीक्षा में समय व अन्य सभी चीजों का अच्छी तरह से ध्यान रखा गया था। बालोद में आयोजकों की गलती का खामियाजा परीक्षार्थियों का भुगतान पड़ा था।

### खल्लारी के आमझर-मुंहकोट के जंगल में फायरिंग

## डीआरजी-नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, नक्सली साहित्य बरामद

**धमतरी/नगरी @ पत्रिका.** धमतरी जिले के खल्लारी क्षेत्र के जंगल में डीआरजी जवानों का नक्सल विरोधी अभियान जारी है। इस बीच मुंहकोट-आमझर के जंगल में रविवार दोपहर 3.30 बजे डीआरजी और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस घटना में एक नक्सली मारा गया। सूत्रों ने बताया कि मृत नक्सली सीतानदी दलम में सक्रिय था। इस पर 5 लाख इनाम राशि भी घोषित होने की जानकारी मिल रही है। वहीं अन्य सहयोगी नक्सली मौके पर नक्सल सामाग्री छोड़कर भाग निकले। जंगल से एक एसएलआर हथियार भी बरामद किया गया है।

## कांग्रेस का आरोप मॉब लिंचिंग के आरोपियों का संबंध भाजपा से

**रायपुर @ पत्रिका.** आरंग में हुई मॉब लिंचिंग को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर का आरोप है कि मॉब लिंचिंग की घटना के आरोपियों का संबंध भाजपा से हैं, इसीलिए पुलिस आरोपियों को बचाने के लिए कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा, प्रदेश में अराजकता का माहौल है। कानून व्यवस्था खराब हो चुकी है। मॉब लिंचिंग मामले में तीन लोगों की मौत राज्य के माथे पर कलंक का टीका है। इस प्रकार का गिरोह बनाकर कानून को हाथ में लेने का दुस्साहस ऐसे लोगों के पास कहां से आया? सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। इस घटना से जुड़े लोग किस संगठन से जुड़े हैं? सरकार इसका खुलासा करें तथा इस प्रकार का गिरोहबाजी पर अंकुश लगाएं।

**जीएसटी की कार्रवाई**

## बिल्डरों ने जमा किए ₹10 करोड़ से अधिक टैक्स

**भोपाल @ पत्रिका.** राज्य कर विभाग (जीएसटी) की दबिश के बाद बिल्डरों से 10 करोड़ रुपए से अधिक टैक्स रिकव्हरी हुई। विभाग ने भोपाल, इंदौर, जबलपुर, सतना और दमोह में छापे मारे थे। यहां बिल्डरों ने ग्राहकों से वसूल की गई 18% जीएसटी जमा करने में गड़बड़ी मिली। कार्रवाई के बाद भोपाल के असनानी बिल्डर ने 1.25 करोड़, इंदौर के मानस कंस्ट्रक्शन ने 2.10, ओएस्टर बिल्डिंग ने 1.65, प्रथम प्रमुख कंपनी ने 2.93, जश रियल्टी ने 2 करोड़ जमा किए। वहीं जबलपुर की खन्ना प्रॉपर्टी ने 63 लाख और कल्याणिका प्रमोटर्स से एक दिन पहले 1.08 करोड़ वसूले। इंदौर में एमआर इंडिया में जांच जारी है।

**न्यूज विंडो**

### मां के गहने बेटे ने किए हजम, केस दर्ज

**रतलाम @ पत्रिका.** मां के गहने हजम करने पर रतलाम पुलिस ने बेटे के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोपी राजेश सोनी के खिलाफ उसकी मां मंजूबाई (70) ने ताल थाना में शिकायत की। आरोप लगाया कि उसके बेटे ने दो साल पहले सोने-चांदी के कीमती जेवर और नकदी उधार लिए। अब वह लौटाने में आनाकानी कर रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

### मरीजों के आहार पर अब ₹200 खर्च होंगे

**भोपाल @ पत्रिका.** प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज के अस्पतालों में मरीजों को पौष्टिक आहार देने की तैयारी है। मरीजों के डाइट में सुधार को लेकर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने वित्त विभाग को बजट ₹48 से बढ़ाकर ₹200 प्रति मरीज करने का प्रस्ताव भेजा है। मरीजों को मोटे अनाज व मेवा देने की सिफारिश की गई है, जोकि उनकी सेहत के लिए बेहतर होगा।

### लापता सैन्यकर्मी का अब तक नहीं मिला सुराग

**झाबुआ.** पिछले 14 दिनों से लापता राइफलमैन भूरे सिंह भाबर का अब तक पता नहीं चला है। त्रिपुरा में 7 बटालियन में पदस्थ राइफलमैन भूरे सिंह 9 जून को छुट्टी लेकर गांव जाने के लिए निकले थे। परंतु घर नहीं पहुंचे हैं। उनकी पत्नी का कहना है, मेरे पति देश की रक्षा करने अपना घर छोड़कर निकले थे। आज वो कहां हैं, कैसे हैं, कोई नहीं जानता। कोई भी जिम्मेदार उनकी तलाश के लिए कदम उठाने को तैयार नहीं है।

### दीवार गिरने से डेढ़ साल के मासूम की मौत

**ग्वालियर.** थाटीपुर की दर्पण कॉलोनी में पीडब्ल्यूडी के बंगले की जर्जर दीवार गिरने से डेढ़ साल के मासूम साहिल की मौत हो गई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे और बच्चे को मलबे से निकालकर अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### अपहरण कर भागे तीन बदमाश धराए

**उज्जैन.** 21 जून को विक्रम विवि से परीक्षा देकर लौट रही युवती का देवास रोड से अपहरण कर ले जाने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा है। इनमें से एक आरोपी आदर्श, पिता रमेश चंद्र नायक, निवासी तराना युवती से जबरदस्ती शादी करना चाहता था।

**एमपीपीएससी-24**

*461 केंद्रों पर प्री-लिम्स*

# चुनौतियों को पार कर 72% ने दी परीक्षा

**भोपाल @ पत्रिका.** राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 के लिए लोक सेवा आयोग ने प्रदेश के 55 जिलों में दो सत्रों में परीक्षा आयोजित की। 461 केंद्रों में 1.83 लाख अभ्यर्थी पंजीकृत थे। पहले सत्र में 72 और दूसरे में 71 फीसदी अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा के दौरान धार जिले के आनंद उमावि क्र. 2 में गड़बड़ी सामने आई। यहां गलत केंद्र में दाखिल हुई छात्रा को 40 मिनट तक ओएमआर शीट देकर परीक्षा में शामिल किया गया और खुलासे के बाद उसे बीच परीक्षा से बाहर कर दिया। वहीं पर्चा लीक मामले को भ्रामक पाकर आयोग ने टेलीग्राम ग्रुप पर केस दर्ज कराया है।



*भोपाल... सरोजनी नायडू स्कूल के परीक्षा केंद्र में कतार पर अभ्यर्थी।*



**इंदौर... हथकड़ी में आया अभ्यर्थी**
शहर के इल्वा स्कूल में नगर निगम घोटाला में आरोपी रामेश्वर परमार भी परीक्षा देने पहुंचा। परीक्षा केंद्र में उसे पुलिस अभिरक्षा में हथकड़ी के साथ लाया गया।



**जज्बा...** देवास की छात्रा बीमारी के बावजूद अस्पताल से सीधा परीक्षा केंद्र पहुंची।



**निगरानी** विदिशा के परीक्षा केंद्र में मंगलसूत्र, बालों के क्लचर भी उतरवाकर प्रवेश करने दिया गया।

**ये तो हद है...हर साल कंपनियों को 4000 करोड़ का घाटा,**

# मप्र में 18% बिजली चोरी, नुकसान भर रहे 1.70 करोड़ रुपए उपभोक्ता

*हर साल दाम बढ़ाकर कंपनियां कर रही नुकसान की भरपाई*

**हरिचरण यादव**
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में बिजली चोरों और जिम्मेदार अफसरों की बल्ले-बल्ले है। प्रदेश के हिस्से की 18% बिजली चोरी हो रही है। जिम्मेदार उन्हें रोक नहीं पा रहे। 3% बिजली तकनीकी रूप से बर्बाद हो रही है। यूं कहें तो 100 यूनिट में 18 यूनिट चोरी और 3 यूनिट तकनीकी रूप से बर्बाद हो रही हैं। बाकी 79 यूनिट बिजली 1.70 करोड़ उपभोक्ताओं को मिल रही है।

ये उपभोक्ता अपने खर्च का बिल तो चुका रहे हैं, चोरी हो रही 21% बिजली के नुकसान की भरपाई के लिए 4000 करोड़ रुपए भर रहे हैं। ऐसा इसलिए कि पूर्व, पश्चिम, मध्य क्षेत्र की वितरण कंपनियां 4 हजार करोड़ का घाटा पूरा करने हर साल बिजली के दाम बढ़ा रही हैं। यह बोझ 1.70 करोड़ ईमानदार उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है।



| राज्य | लाइन लॉस | बिलिंग | वसूली | देश की तुलना में मप्र लाइन लॉस |
|---|---|---|---|---|
| मध्यप्रदेश | 21 | 79 | 100 | 8.6 |
| सिक्किम | 37 | 74 | 86 | 0.1 |
| अरुणाचल | 58 | 56 | 76 | 0.3 |
| नागालैंड | 46 | 57 | 95 | 0.2 |
| उत्तरप्रदेश | 22 | 84 | 93 | 14.5 |
| बिहार | 25 | 81 | 93 | 4.4 |
| झारखंड | 30 | 70 | 100 | 2.0 |
| ओडिशा | 27 | 79 | 97 | 3.1 |
| मेघालय | 24 | 88 | 86 | 0.2 |
| त्रिपुरा | 28 | 75 | 95 | 0. 2 |
| मिजोरम | 26 | 74 | 100 | 0.1 |

(नोट: आंकड़े वित्तीय वर्ष 2023 के और सभी आंकड़े प्रतिशत में)

### इसलिए नहीं थम रही चोरी

- कंपनी के पास चोरी पकड़ने वाला अमला कम
- करोड़ों खर्च के बाद भी बिजली के तार कवर नहीं।
- जगह-जगह खुले तार और उपकरण।
- चोरी पकड़ने पर राजनीतिक दबाव।

### कंपनियों को अच्छी रेटिंग भी नहीं

**मप्र** में अफसर कंपनियों को अच्छी रेटिंग तक नहीं दिला सके। ऊर्जा मंत्रालय की 12वीं रेटिंग रिपोर्ट बताती है, मप्र की कंपनियों ने कुछ श्रेणियों में सुधार किया, लेकिन ए-प्लस रेटिंग वाली देश की 12 कंपनियों में जगह नहीं मिली। देशव्यापी रेटिंग में पश्चिम क्षेत्र को ए, मध्य क्षेत्र को बी, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को बी माइनस श्रेणी में रखा गया।

| कंपनी | लॉस | बिल | वसूली | चोरी |
|---|---|---|---|---|
| पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी | 13 | 87 | 100 | 2 |
| मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी | 23 | 77 | 100 | 3 |
| पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी | 27 | 73 | 100 | 3 |

**इंदौर में वर्चस्व की लड़ाई में खून**

# मंत्री कैलाश के समर्थक भाजयुमो नगर उपाध्यक्ष की गोली मारकर हत्या, आरोपियों के घर तोड़फोड़

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**इंदौर.** नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के समर्थक भाजयुमो नगर उपाध्यक्ष मोनू कल्याणे की शनिवार रात दो बजे गोली मार कर हत्या कर दी गई। वह आकाश विजयवर्गीय के साथ बल्ला कांड में आरोपी था। उसे नगर निगम की नौकरी से निकाल दिया था। वह रविवार को निकलने वाली भगवा यात्रा के लिए चिमनबाग रोड पर झंडे-होर्डिंग लगवा रहा था। उषा फाटक जेल रोड के रहने वाले का मोनू (40) के पास बाइक से अर्जुन व पीयूष पथरोड़ पहुंचे। मोनू से कहा, हम भी यात्रा में शामिल होंगे। मोनू ने कहा- क्यों नहीं? ये सुनते ही बोले-बड़ा नेता बनता है, रैली निकालेगा... अर्जुन ने गोली मार दी। एक गोली मोनू के हाथ व दूसरी सीने में लगी। समर्थक पहुंचे, तब तक वे हवाई फायरिंग करते भाग गए। मोनू समर्थकों ने अर्जुन व पीयूष के घर तोड़फोड़ की।





मोनू कल्याणे।



अर्जुन, आरोपी



पीयूष, आरोपी

### इन कारणों पर भी तफ्तीश

**बताते हैं,** दिवाली से पहले लोखंडे ओवरब्रिज पर लगने वाली 150 पटाखा दुकानों को लेकर मोनू की एक कांग्रेस नेता से लड़ाई हुई थी। हर दुकान से 15-20 हजार रुपए कमाई होनी थी। इस विवाद में केस हुआ था। इसमें नेता को फरार रहना पड़ा था। बाद में कांग्रेस नेता भाजपा में आ गए। फिर विधायक स्तर के नेता ने दोनों में समझौता कराया। दोनों के बीच क्षेत्र में वर्चस्व की लड़ाई थी। विजयवर्गीय ने मोनू को भाजयुमो का नगर उपाध्यक्ष बना कद बढ़ाया। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है।

**गोवंश हत्या: अफसरों को सीएम की दो टूक**

## गोवंश सुरक्षा पर कानून का सख्ती से पालन करें, आप निगरानी में हैं

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**भोपाल.** सिवनी में गोवंश हत्या के मामले में कलेक्टर-एसपी पर गिरी गाज के बाद रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार के तेवर साफ कर दिए। उन्होंने कहा, गोवंश की तस्करी या अवैध कारोबार करने वालों को ध्वस्त कर देंगे। उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। सीएम ने यह भी कहा कि कलेक्टर और एसपी को गोवंश की तस्करी रोकने के लिए कानून का सख्ती से पालन कराने को कहा है। बोले- हर गतिविधि पर सरकार की नजर है। सिवनी कांड में आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के लिए एडिशनल डीजी की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद आरोपियों के घर पर बुलडोजर भी चलाए जा सकते हैं।



### 50 गोवंश के मिले थे अवशेष

सिवनी में 19 जून को तीन स्थानों पर 50 से ज्यादा गोवंश के अवशेष मिले थे। इसे सीएम ने गंभीरता से लिया और शनिवार देर रात सिवनी के कलेक्टर और एसपी को हटा दिया। वे मामले की खुद निगरानी कर रहे हैं। मामले में अब तक पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई है। तीन पर रासुका के तहत कार्रवाई की गई है।

**बैतूल: मां ने वीडियो बना मांगी मदद**

## बेटे-बहू ने बूढ़े माता-पिता को बनाया बंधक, कमरे के सामने खड़ी कर दी दीवार

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**बैतूल.** जिले में बेटे-बहू ने अमानवीयता की हदें पार कर दीं। गंज हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बेटे-बहू ने माता-पिता को घर में बंधक बना लिया। नेवी में तैनात जतिन भार्गव ने पत्नी प्राची के साथ मिलकर बीमार माता-पिता के कमरे के सामने दीवार खड़ी कर दी। बूढ़े माता-पिता कमरे में कैद हो गए। मां ने सोशल मीडिया पर वीडियो बना मदद मांगी तो कलेक्टर ने मुक्त कराया। मां की रिपोर्ट पर बेटे-बहू पर केस दर्ज किया गया है।

कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने बताया, सास-ससुर और बहू में विवाद है। बहू ने पति के साथ मिलकर सास लता और ससुर महादेव भार्गव (70) के कमरे के सामने घर में ही दीवार खड़ी कर दी।



बेटे-बहू को समझाते कलेक्टर।

### मां का वीडियो...

मां लता ने सोशल मीडिया पर वीडियो में कहा, पति 9 साल से बिस्तर पर हैं। बहू ने हमें जान से मारने के लिए घर में दीवार बना दी है। इलाज को बाहर नहीं जा पा रही हूं। बेटे जतिन ने भी वीडियो बनाकर कहा, कमरे में जाने का रास्ता है। मां झूठ बोल रही है।

### करंट लगने से 12 साल के बालक की मौत

**पन्ना @ पत्रिका.** जिले में केवटपुरवा गांव में करंट लगने से 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, खेत के बगल में नाला से पानी लाने के लिए मोटर पंप लगाया गया था। सुबह 12 साल का अखिलेश केवट मोटर पंप में कुछ कर रहा था, तभी उसे करंट लगा। परिजन उसे तत्काल अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने बालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम उपरांत मृत बालक का शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

## 12 फीट लंबे, 300 किलो वजनी मगर का रेस्क्यू, परियट जलाशय में छोड़ा



**जबलपुर @ पत्रिका.** जिले के मझगंवा में 12 फीट लंबे और 300 किलो वजन के मगरमच्छ का वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया। मगद मझगंवा रोड के नीचे पाइप के पास बैठा था। शनिवार रात 12 बजे टीम पहुंची और मोबाइल व टॉर्च की रोशनी में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ा गया। बाद में टीम ने उसे परियट जलाशय में छोड़ दिया।

**नर्मदापुरम**

### अनियंत्रित बस पलटी, 11 यात्री घायल

**नर्मदापुरम.** पिपरिया की तरफ आ रही बस मटकुली के पास पलट गई। बस एक पेड़ के तने से टकराकर रूक गई। नहीं तो लगभग 10 फीट गहरी खाई में गिर जाती। बस चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में 11 यात्री घायल हो गए। घायलों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया है। पुलिस के मुताबिक चालक लापरवाही से बस चला रहा था।

**कटनी**

### पंखा चालू करने के दौरान लगा करंट, मौत

**कटनी.** शनिवार रात घर में पंखा चालू करने के दौरान युवक करंट से झुलस गया। भाई जिला अस्पताल लेकर गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, राकेश कुमार (24) राजस्थान ग्राम टिकरिया में किराए के मकान में रहता था। वह रोड मार्किंग का काम करता था। उसने पंखा चालू करने के लिए जैसे ही स्विच दबाया करंट से झुलस गया।

**मानवता शर्मसार: कचरा वाहन से अस्पताल भेजा शव, नपा का स्वच्छता प्रभारी निलंबित**



**खिलचीपुर (राजगढ़) @ पत्रिका.** खेत में फांसी पर लटके मिले युवक के शव को नगरपालिका की कचरा गाड़ी से अस्पताल ले जाया गया। इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली इस घटना का वीडियो वायरल हुआ तो सीएमओ अशोक पांचाल ने स्वच्छता प्रभारी मोहनलाल विश्वकर्मा को निलंबित कर दिया। मामला रविवार सुबह का है। पुलिस के अनुसार शव राजगढ़ के टोडरी गांव निवासी 30 वर्षीय हेमराज सौंधिया का है। वह पिछले पांच दिन से लापता था।

**प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में सुविधा की दरकार, अधिक उम्र में खर्च ज्यादा, जटिलताएं भी**

# आइवीएफ सुविधा सरकारी हो तो खर्च होगा आधा

पत्रिका अभियान
नि:संतान दंपती का दर्द

**भोपाल.** नि:संतान दंपती कम लागत में भी सरकारी अस्पतालों में आइवीएफ प्रक्रिया का लाभ ले सकते हैं। पीजीआई चंडीगढ़, एम्स दिल्ली सहित देश के अन्य सरकारी अस्पतालों में यह सुविधा है। लेकिन मप्र में यह व्यवस्था नहीं है। निजी सेंटर में आइवीएफ पर औसतन एक से दो लाख का खर्च आता है। सरकारी अस्पतालों में सुविधा से खर्च आधा हो जाएगा।

**आइवीएफ पर औसतन एक से दो लाख का खर्च**



### देरी से संभावना कम और खर्च ज्यादा

**आ**र्थिक रूप से कमजोर नि:संतान दंपतियों को 21 माह से सरकारी आइवीएफ सेंटर का इंतजार है। आइवीएफ की प्रक्रिया अपनाने में जितनी देरी होती है, उतनी ही उसके सफल होने की संभावना कम और खर्च बढ़ जाता है। यदि 30 साल से कम आयु के दंपती इस तकनीक को निजी सेंटर में अपनाते हैं तो खर्च एक लाख के करीब और सफलता दर 70 फीसदी तक होती है। वहीं 45 साल से अधिक आयु में खर्च दो लाख से अधिक और सफलता दर गिर कर 20 फीसदी तक आ जाती है।

**आयु के साथ बढ़ जाता है खर्च**

| आयु | संभावना | निजी खर्च | सरकारी खर्च |
|---|---|---|---|
| 21 से 30 | 65 से 70% | 1 लाख | 40 से 45 हजार |
| 30 से 35 | 50 से 55% | 1.5 लाख | 50 से 55 हजार |
| 35 से 45 | 30 से 35% | 2 लाख | 60 हजार |
| 45 से 50 | 20 से 30% | 2 लाख से ज्यादा | 80 हजार |

नि:संतान दंपती के लिए आइवीएफ तकनीक वरदान है। समय से प्रक्रिया अपनाने से सफलता दर ज्यादा होती है।
**डॉ.मोनिका सिंह,** आइवीएफ विशेषज्ञ व सचिव, एमपी आइएसएआर

**लगातार**



वादा करके भूले जिम्मेदार नि:संतानता दे रही दर्द
6 मेडिकल कॉलेजों में खुलने थे सेंटर

पत्रिका
प्रकाशित खबर

### एम्स में लैब शुरू

पत्रिका सरकारी अस्पतालों में आइवीएफ का मुद्दा लगातार उठा रहा है। एम्स, भोपाल में आइवीएफ स्किल लैब शनिवार को शुरू हो गई। जो डॉक्टरों को बांझपन और आवश्यक हिस्टेरोस्कोपी और भ्रूण स्थानांतरण का अभ्यास करने में सक्षम बनाएगी।

### घर के बाहर खेल रही दो साल की बच्ची की गड्ढे में डूबने से मौत

**भिण्ड.** शहर के 17वीं बटालियन में रविवार शाम दो साल की बच्ची की गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। बच्ची खेलते समय गड्ढे में गिर गई थी। मां ऋतु को जब बेटी नहीं दिखी तो परिजन ने आसपास तलाश किया तो बच्ची वाटर प्रोजेक्ट के लिए निर्माणाधीन टंकी के लिए खोदे गए गड्ढे में मिली। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी अनुसार हिमांशी पुत्री संतोष जाटव निवासी फूफ रविवार को अपने रिश्तेदार के यहां आई थी। शाम को घर से 60 मीटर दूरी पर टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके लिए पास में ही गड्ढा खोदकर पानी भरा गया था। हिमांशी खेलते-खेलते उसी गड्ढे में गिर गई थी।

**सफल इलाज: युवती के मुंह के रास्ते निकाली गांठ**

## मेडिकल अस्पताल में दूरबीन से कैंसर की गांठ की जटिल सर्जरी

**जबलपुर@पत्रिका.** मेडिकल अस्पताल में 30 वर्षीय युवती के गले में मौजूद कैंसर की गांठ की दूरबीन विधि से सर्जरी कर मुंह के रास्ते निकाला गया। नोट्स थायराइड कैंसर सर्जरी जटिल दूरबीन सर्जरी मानी जाती है। मेडिकल अस्पताल के स्तन कैंसर थायरॉइड और एंडोक्राइन विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार यादव ने बताया कि इससे पहले पीजीआई लखनऊ में ऐसी सर्जरी की गई थी। मध्य भारत में ये पहली सर्जरी है। मेडिकल अस्पताल जबलपुर थायरॉइड कैंसर और लिम्फ नोड सर्जरी नोट्स करने वाला मध्य भारत का पहला संस्थान है। युवती की जांच में उसके गले में कैंसर की गांठ का पता लगा था। चिकित्सकों ने गले में चीरा लगाकर ऑपरेशन की बात कही थी। मेडिकल अस्पताल में दूरबीन से दाग रहित सर्जरी की गई।

### निजी अस्पताल में 5 लाख तक खर्च

डॉ. यादव ने बताया कि नोट्स थायरॉइड कैंसर सर्जरी सबसे जटिल दूरबीन सर्जरी में से एक है। देश के चुनिंदा शहरों के अस्पतालों में इस प्रकार की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। प्राइवेट अस्पतालों में इस प्रकार की सर्जरी में 4 से 5 लाख रुपए तक का खर्च आता है।

बीबीएमपी को छोटे निगमों में विभाजित करने के प्रस्ताव का मामला

# दिल्ली में विफल रहा था 'विभाजन' का प्रयोग, बेंगलूरु में भी विरोध

कितना कारगर होगा **लंदन मॉडल**


बीबीएमपी मुख्यालय (फाइल फोटो)।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेंगलूरु.** राज्य सरकार के राजधानी बेंगलूरु के स्थानीय शहरी निकाय बृहद बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) को छोटे निगमों में विभाजित करने के प्रस्ताव पर नए सिरे से विचार करने की चर्चाओं के बीच इसके औचित्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व नौकरशाहों से लेकर पूर्व वार्ड पार्षद तक बेहतर प्रशासन के लिए बीबीएमपी के छोटे निगमों में बांटने के प्रस्ताव से असहमति जता रहे हैं। प्रस्ताव का विरोध करने वालों का तर्क है कि जब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यह प्रयोग विफल रहा और बारह साल बाद निगमों का एकीकरण करना पड़ा तो फिर बेंगलूरु में यह प्रयोग कितना और किस तरह सफल रहेगा। विरोध करने वालों का कहना है कि देश दो अन्य पुराने और बड़े महानगरों- मुंबई और चेन्नई में भी एकल नगर निगम ही राजधानी क्षेत्र का स्थानीय प्रशासन संभालता हैं।

### दिल्ली में विभाजन, फिर एकीकरण

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को पहले विभाजित किया गया और 12 साल बाद फिर एकीकृत कर दिया गया। टोक्यो महानगर क्षेत्र के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी नगर निगम एमसीडी को जनवरी 2012 में तीन भागों-दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी), उत्तरी दिल्ली नगर निगम (उत्तरी डीएमसी) और पूर्वी दिल्ली नगर निगम (ईडीएमसी) में विभाजित किया गया था। तब एमडीसी में 272 वार्ड और 12 प्रशासनिक जोन थे। तत्कालीन शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने सरकार एमसीडी को तीन भागों में विभाजित करने के पीछे बढ़ती आबादी और विशाल भौगोलिक फैलाव को कारण बताया था। सरकार का तर्क था कि इससे नागरिक सेवाओं के बेहतर प्रबंधन और प्रशासन के विकेंद्रीकरण में मदद मिलेगी। इसके लिए सरकार ने दिल्ली में दो अन्य छोटे स्थानीय निकाय नई दिल्ली नगर परिषद और दिल्ली छावनी बोर्ड का भी हवाला दिया था, जिनके पास छोटे क्षेत्रों का जिम्मा हैं। विभाजन के बाद दक्षिणी डीएमसी और उत्तरी डीएमसी में 104-104 वार्ड थे जबकि पूर्वी डीएमसी 64 वार्डों के साथ बहुत छोटा निगम बना। दिल्ली में भी इस विभाजन के पीछे प्रशासनिक कारकों से ज्यादा सरकार की राजनीतिक मंशा को लेकर सवाल उठे थे।

### दिल्ली में इसलिए रहा था विफल

तीन भागों में विभाजन के कारण कार्यालयों, समितियों और विभागों की संख्या में तीन गुना वृद्धि हुई। विभाजन के बाद तीनों नगर निगमों के अलग-अलग कार्यालय बने। महापौर, आयुक्त के साथ ही कर्मचारियों और समितियों की संख्या भी बढ़ गई। बंटवारे के तीन से चार साल बाद वित्तीय समस्या गहराने लगी। अधिक अधिकारियों और समितियों के कारण वेतन व्यय में वृद्धि हुई। राजस्व स्रोतों के असमान वितरण ने भी नए निगमों के लिए मुश्किलें पैदा कर दी। वर्ष 1957 में एमसीडी के अस्तित्व में आने से लेकर तीन भागों में बंटवारे तक वेतन में कोई देरी नहीं हुई मगर विभाजन के बाद कई बार भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारियों ने हड़ताल किया। एकल निगम होने से राजस्व स्रोतों का असमान वितरण एक-दूसरे क्षेत्र को संतुलित करता था। लेकिन त्रिविभाजन के बाद स्थिति बदतर होती चली गई। विभाजन के एक दशक बाद यह स्थिति थी कि सबसे छोटा निगम ईडीएमसी अपने राजस्व के 60 प्रतिशत के लिए राज्य सरकार के अनुदान पर निर्भर था जबकि उत्तरी और पूर्वी एमसीडी की अधिकांश कमाई वेतन देने में खर्च हो जाती थी, जिससे विकास परियोजनाओं के लिए बहुत कम बचता था। कम राजस्व और अधिक खर्च के कारण निगमों की देनदारियां भी बढ़ती गई। अंततः मई 2022 में दिल्ली के तीनों निगमों का फिर से एकीकरण किया गया और एमडीसी अस्तित्व में लौट आया।

### गार्डन सिटी के लिए भी वही तर्क, वही चुनौती

प्रस्ताव का विरोध करने वालों का कहना है कि जो तर्क दिल्ली में नगर निगम विभाजित करने के लिए दिया था, वही बात बीबीएमपी के प्रस्तावित विभाजन के समर्थन में भी कही जा रही है। बीबीएमपी के विभाजन के बाद चुनौती भी दिल्ली जैसी ही होगी। बेंगलूरु में भी अलग-अलग क्षेत्रों में राजस्व संग्रहण और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति अलग-अलग है। अलग-अलग इलाकों में विकास की आवश्यकताएं भी भिन्न-भिन्न हैं। बीबीएमपी के पुनर्गठन पर पूर्व नौकरशाह बी.एस. पाटिल समिति की पांच निगमों में विभाजित करने की सिफारिशों पर पिछली कांग्रेस सरकार के आगे नहीं बढ़ने का एक कारण राजस्व का असंतुलन को लेकर उपजने वाली समस्या भी थी। तब कहा गया था कि जिन निगमों के क्षेत्र में आईटी-बीटी कंपनियां होगी, उसका राजस्व ज्यादा होगा। जिन निगमों के दायरे में आईटी-बीटी कंपनियों के दफ्तर कम होंगे या वाणिज्यिक गतिविधियां सीमित होंगी, उनके पास राजस्व भी सीमित होगा और इसका असर विकास पर पड़ेगा।

### खामियां दूर करें, समन्वय बढ़ाएं

एक सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी ने कहा कि वे बीबीएमपी को विभाजित करने के विचार से सहमत नहीं हैं। मुंबई और चेन्नई का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि बीबीएमपी शहर को अधिक कुशलता से चला सकता है क्योंकि यह बेंगलूरु में सेवाओं का एकमात्र प्रदाता नहीं है। उन्होंने कहा, पानी, बिजली और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी सेवाएं बीबीएमपी के दायरे से बाहर हैं और इसके लिए अलग सरकारी एजेंसियां हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलूरु के बुनियादी ढांचे की समस्याओं का मूल कारण है, बीबीएमपी के प्रशासन की खामियां और सरकारी एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय का अभाव है।

दिव्यांगजनों की सुविधाओं के लिए 11 करोड़ से अधिक का खर्च शामिल

# पश्चिम रेलवे में यात्री सुविधाओं पर खर्च होंगे 2206 करोड़ रुपए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सूरत.** पश्चिम रेलवे ने यात्रियों के लिए सुविधाओं के उन्नयन के साथ-साथ उनके समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई यात्री-केंद्रित कार्यो के लिए 2206 करोड़ की एक व्यापक योजना की घोषणा की है। इस योजना में 11 करोड़ से अधिक की लागत से दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं का विस्तार करना भी शामिल हैं।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि पश्चिम रेलवे का लक्ष्य 11.7 करोड़ के परिव्यय से दिव्यांगजनों के अनुकूल बुनियादी ढांचा तैयार करना हैं। इसके तहत कई कार्यो की योजना बनाई गई है। इसमें व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं और गतिशीलता में कमी वाले यात्रियों के लिए आसान आवाजाही की सुविधा के लिए प्रमुख स्टेशनों पर रैंप और रेलिंग लगाना शामिल हैं। मानसून सीजन के बाद 13 और लिफ्टों को लगाने का कार्य किया जाएगा।

अत्याधुनिक सुविधाएं दिव्यांग यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई हैं। अभिषेक ने बताया कि 33 स्टेशनों पर पहले से ही 121 एस्केलेटर उपलब्ध हैं। राम मंदिर स्टेशन पर जल्द ही एक और एस्केलेटर चालू किया जाएगा। इसके अलावा, अतिरिक्त 12 एस्केलेटरों के प्रावधान को भी मंजूरी दी गई है। प्लेटफॉर्म विस्तार कार्य, प्लेटफॉर्म सतहों का सुधार और उन्नयन, प्लेटफॉर्म कवर शेड प्रावधान, प्रतिस्थापन, विस्तार आदि भी किए जा रहे हैं। अमृत भारत स्टेशनों के तहत गैर-उपनगरीय स्टेशन पर बेहतर बैठने की व्यवस्था और एयर कंडीशनिंग के साथ प्रतीक्षालय का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए 100 वाटर वेंडिंग मशीनें लगाने की प्रक्रिया में हैं, जिनमें से 34 पहले ही स्थापित हो

पश्चिम रेलवे यात्रियों को सुलभ सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत


**स्टेशनों** पर दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई गई सुविधा।



नंदुरबार स्टेशन

### स्टेशनों के सुधार और कायाकल्प पर 513 करोड़ रुपए का खर्च

**पश्चिम रेलवे** के मुंबई मंडल ने अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत कई स्टेशनों के सुधार और कायाकल्प का काम शुरू कर दिया है। लगभग 513 करोड़ रुपए की लागत से 56 कार्य किए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत 08 उपनगरीय स्टेशन मरीन लाइंस, चर्नी रोड, ग्रांट रोड, लोअर परेल, प्रभादेवी, मलाड, जोगेश्वरी कोचिंग टर्मिनल, पालघर हैं और 11 गैर-उपनगरीय स्टेशनों में उमरगाम रोड, संजान, वापी, बिलिमोरा, बिलिमोरा (एनजी), सचिन, भेस्तान, बारडोली, नंदुरबार, अमलनेर, धरनगांव आदि शामिल हैं। 17 स्टेशनों पर रिटेल कियोस्क, लिफ्ट और एस्केलेटर के साथ रूफ प्लाजा के रूप में 12 मीटर चौड़े एफओबी की योजना बनाई जा रही है।

फोटो स्टोरी **लबालब झील**


**बेलगावी.** हाल के दिनों में हुई बारिश के बाद लबालब शहर की सिद्धेश्वर झील का दृश्य।

लोको पायलट ने दिखाई सतर्कता, इमर्जेंसी ब्रेक लगाई

# रेलवे ट्रैक पार कर रहे दो शेरों को ट्रेन की चपेट में आने से बचाया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** भावनगर मंडल के लोको पायलट ने शनिवार रात को रेलवे ट्रैक पार कर रहे दो शेरों को ट्रेन की चपेट में आने से बचा लिया।

भावनगर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक माशूक अहमद के अनुसार शनिवार को ट्रेन (नंबर 09540) जूनागढ़-अमरेली मीटर गेज पैसेंजर ट्रेन के लोको पायलट रमेश पी. ने चलाला-धारी सेक्शन के बीच दो शेरों को रेलवे ट्रैक पार करते देखा।

उन्होंने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया, जिससे दोनों शेरों की जान बच गई। शेरों के ट्रैक पार कर जाने के बाद लोको पायलट ट्रेन को गंतव्य स्टेशन की ओर ले गया।





लोको पायलट की ओर से इसकी सूचना ट्रेन मैनेजर तथा मंडल कार्यालय कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलने पर मंडल रेल प्रबंधक रवीश कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु शर्मा एवं अन्य अधिकारियों ने लोको पायलट के कार्य की सराहना की।

खाद्य एवं औषध विभाग का नवसारी में छापा

# घी में पामोलिन तेल मिलाने की शंका पर 14 लाख का सामान जब्त



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** राज्य के खाद्य एवं औषध विभाग की टीम ने नवसारी में पामोलिन तेल की मिलावट से घी बनाने की आशंका पर दबिश देकर 14 लाख का सामान जब्त किया है। नवसारी में शिव फूड प्रोडक्ट नामक इकाई से घी के आठ नमूने लेकर जांच को भेजे हैं।

खाद्य एवं औषध विभाग (गुजरात) के आयुक्त डॉ. एच.जी. कोशिया ने बताया कि पूर्व सूचना के आधार पर रविवार को खाद्य एवं औषध विभाग व स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) की टीमों ने संयुक्त रूप से नवसारी जिले के बारडोली रोड पर औंची गाम स्थित शिव फूड प्रोडक्ट नामक कंपनी में छापा मारा। घी बनाने वाली इस कंपनी में सुखवंत ब्रांड के घी में पामोलिन तेल की मिलावट की आशंका थी। मौके पर पामोलिन तेल के 10 पीपे भी बरामद किए गए हैं। इस कंपनी में 100 मिलीमीटर, 500 मिलीमीटर तथा 15 किलो घी पैकिंग वाले डिब्बों के अलावा पामोलिन तेल से भी नमूने लिए गए। कंपनी के मालिक विकी चोखावाला की उपस्थिति में घी के आठ नमूने लेकर लैब में भेजे गए हैं। मौके से कुल 3000 किलो घी व पामोलिन तेल जब्त किया है जिसकी कीमत 14 लाख के आसपास बताई गई है। नमूनों की रिपोर्ट के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

पार्टी कार्यकर्ता ने लगाया था आरोप, सरकार ने सीआइडी को सौंपी जांच

# विधान पार्षद सूरज रेवण्णा यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


पुलिस हिरासत में सूरज रेवण्णा।

**बेंगलूरु.** पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा के पोते सूरज रेवण्णा को रविवार को पुलिस ने यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। इस बीच, सरकार ने मामले की जांच सीआइडी को सौंप दी। सूरज के खिलाफ शनिवार को एक पार्टी कार्यकर्ता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। हासन जिले के होलीनरसीपुर ग्रामीण थाने में दर्ज शिकायत में पीड़ित युवक ने सूरज पर कथित तौर पर अप्राकृतिक यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। हालांकि, शुक्रवार को सूरज के एक करीबी ने पीड़ित युवक के खिलाफ अप्राकृतिक यौन उत्पीड़न का आरोप लगाकर ब्लैकमेल करने की शिकायत दर्ज कराई थी।

### क्या है पूरा मामला

पुलिस महानिदेशक को लिखित शिकायत में एक वाणिज्य स्नातक और हासन के अरकलगुड तालुक के निवासी युवक ने आरोप लगाया कि सूरज ने 16 जून को एक फार्महाउस में उसका यौन उत्पीड़न किया। युवक ने 21 जून को लिखित शिकायत दी। सूरज के खिलाफ होलेनरसीपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया। हासन के पुलिस अधीक्षक को मामले से संबंधित फाइलें सीआईडी अधिकारियों को सौंपने के लिए कहा गया है।

शिकायत में पीड़ित ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में दोनों की मुलाकात हुई थी। वह सूरज से नौकरी मांगने फार्म हाउस में गया था, जहां सूरज ने कथित तौर पर उसका यौन शोषण किया। आरोप हैं कि सूरज ने मामले को उजागर करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

शिकायत में पीड़ित ने आरोप लगाया कि वह डर-शर्म के कारण चुप रहा। उसने आरोप लगाया कि सूरज के सहयोगी शिवू ने उन्हें मामले को सार्वजनिक न करने के लिए नकदी की पेशकश की, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। पीड़ित ने शिकायत की एक प्रति सीएम सिद्धरामय्या और गृह मंत्री डॉ जी. परमेश्वर को भी भेजी। सूरज के करीबी सहयोगी शिवकुमार ने 21 जून को होलेनरसीपुर टाउन पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित और उसके बहनोई (पहचान ज्ञात नहीं) पर सूरज को पैसे के लिए ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया। शिवकुमार ने दावा किया कि उनके पास वॉयस रिकॉर्ड हैं, जिसमें पीड़ित ने सूरज से पैसे की मांग की और पुलिस से कहा कि वह सभी सबूत उन्हें सौंप देगा।

### एक भाई पहले से जेल में

**पूर्व मंत्री** और जद-एस विधायक एच.डी. रेवण्णा के बेटे सूरज वर्ष 2022 से हासन स्थानीय निकाय क्षेत्र से विधान परिषद के सदस्य हैं। महिलाओं के यौन शोषण के कई मामलों में आरोपी सूरज के छोटे भाई और हासन के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवण्णा पहले ही से ही जेल में हैं जबकि उनके पिता एच.डी. रेवण्णा एक पीड़िता के अपहरण के मामले में गिरफ्तारी के बाद जमानत पर हैं जबकि मां भवानी रेवण्णा को अपहरण मामले में अग्रिम जमानत मिल चुकी है। प्रज्वल को 31 मई को 35 दिन बाद विदेश से लौटने पर हवाई अड्डे से 31 मई के तड़के गिरफ्तार किया गया था। इस बीच, सूरज के पिता रेवण्णा ने मामले को राजनीतिक साजिश करार देते हुए कहा कि उन्हें ईश्वर और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। मामले पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए उन्होंने कहा कि उपयुक्त समय आने पर वे बोलेंगे।

### 17 विधान पार्षद आज लेंगे शपथ

**बेंगलूरु@पत्रिका.** विधान परिषद के निर्वाचित 17 सदस्य सोमवार को शपथ लेंगे। विधानसभा के बैंक्वेट हॉल में समारोह में सभापति बसवराज होरट्टी पार्षदों को शपथ दिलाएंगे। इनमें से 11 सदस्य विधान सभा कोटे और 3-3 स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से इसी महीने हुए चुनाव में चुने गए थे। नए सदस्यों में कांग्रेस के एन. बोस राजू, के.गोविंजराजू, ए.वसंतकुमार, डॉ यतींद्र सिद्धरामय्या, आईवन डिसूजा, जगदेव गुत्तेदार, बिल्किस बानू, डी.टी.श्रीनिवास, रामोजी गौडा, डॉ चंद्रशेखर सहित कई शामिल हैं।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों की सुध ले रहे हैं एसीबीकर्मी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सूरत.** भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए केयर प्रोग्राम के अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

इसके अमल में आने के बाद से भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के सूरत क्षेत्रीय कार्यालय में शिकायतकर्ताओं को परेशान करने से जुड़ी एक भी शिकायत नहीं मिली है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के सहायक निदेशक आरआर चौधरी ने बताया कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाती है। उसके बाद केयर प्रोग्राम के तहत शिकायतकर्ता की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाता है। ब्यूरोकर्मी स्वयं शिकायतकर्ता के घर जाकर उनसे मिलते हैं। उनसे यह जानते हैं कि शिकायत करने के बाद उन्हें किसी तरह से परेशान तो नहीं किया जा रहा है। यदि उन्हें किसी तरह की समस्या आ रही हो तो संबंधित लोगों से मिलकर उसे दूर करने का प्रयास करते हैं।

मुंद्रा के समुद्र किनारे की घटना | ग्रामीणों की मदद से कारों को निकाला, वीडियो वायरल

# रील के चक्कर में युवकों ने समंदर में उतार दीं दो कार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भुज.** सोशल मीडिया पर रील बनाकर चर्चा में आने के शौक के चलते युवा ऐसा कुछ कर बैठते हैं, जिसके चलते उन्हें पछताना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला गुजरात के कच्छ जिले में सामने आया है। कच्छ जिले में समुद्र किनारे रील के लिए कार से स्टंट करना दो युवकों को भारी पड़ गया।

मुंद्रा तहसील में भद्रेश्वर गांव के पास समुद्र किनारे जान जोखिम में डालकर दो युवकों ने अपनी दो महंगी कारों को पानी में उतार दिया। रील बनाने के चक्कर में की गई यह हरकत उन्हें भारी पड़ गई। हाई टाइड के चलते दोनों कारों को समुद्र की लहरों ने चपेट में ले लिया और दोनों कारों को वह और गहरे पानी में खींच ले गई, जहां दोनों कारें फंस गईं। इसका वीडियो वायरल हो गया। युवाओं ने पास के ग्रामीण लोगों की मदद मांगी और उनकी मदद से दोनों वाहनों को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। लेकिन एक गाड़ी के इंजन में खराबी आ गई। इस घटना का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकल वायरल हो रहा है।


समंदर में पानी में कार उतारने के चलते गहराई में जा फंसी।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

**सोशल मीडिया** पर वीडियो वायरल होने पर कच्छ पुलिस भी हरकत में आई। मुंद्रा मरीन पुलिस ने संज्ञान लेते हुए जांच की और दोनों कारों के मालिक के खिलाफ आईपीसी की धारा 279, 114 और मोटर वाहन अधिनियम की धारा 177, 184 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों कारों को कब्जे में ले लिया गया है और कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

चोलापुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसा: एक की मौत, 20 से अधिक यात्री घायल, दो की हालत गंभीर

# बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलटी बस



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाराणसी.** चोलापुर थाना क्षेत्र में बलरामगंज पेट्रोल पंप के ठीक सामने रोडवेज की अनुबंधित बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत और 20 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा गया है। कुछ लोगों को बीएचयू भी ले जाया गया है। 108 एंबुलेंस के जिला प्रभारी विकास तिवारी के नेतृत्व में 8 गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। विकास ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दो मरीजों को जिला अस्पताल भेजा गया है। बाकी मरीजों को सीएचसी चोलापुर ले जाया गया है। सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि सीएचसी चोलापुर में इलाज कराया जा रहा है। जिला अस्पताल में आए मरीजों को जरूरत पड़ने पर बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भी रेफर किया जाएगा।

## कन्नौज में एक्सप्रेस वे से नीचे गिरी बस, 14 घायल

**कन्नौज @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश के कन्नौज में रविवार सुबह सवारियों से भरी डबल डेकर लग्जरी बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से नीचे गिर गई। दुर्घटना में 25 यात्री घायल हुए जिनमें से 14 की हालत गंभीर बनी हुई है। जौनपुर से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कन्नौज के सौरिख थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 159 के पास अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी। घटना सुबह 4 बजे की है। हादसे की सूचना मिलने पर छिबरामऊ सीओ ओमकार नाथ शर्मा पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। गंभीर रूप से घायल 14 लोगों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जबकि मामूली घायल 11 लोगों को सीएचसी सौरिख में भर्ती कराया है। हादसे के समय बस में कुल 45 लोग सवार थे। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों के अनुसार चालक को झपकी आने से हादसा हुआ है।

➲ **बुलंदशहर का इनामी बदमाश ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार: बुलंदशहर.** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर पुलिस ने 25000 रुपए के इनामी व फरार चल रहे शातिर बदमाश को रविवार को ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि जिले के ग्राम दोराऊ थाना डिबाई का निवासी शातिर बदमाश प्रताप पुत्र राजेंद्र का लंबा आपराधिक इतिहास है उसके विरुद्ध संगीन अपराध करने लगभग आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

➲ **आतंक का पर्याय बना तेंदुआ पिंजरे में हुआ कैद : बहराइच.** बहराइच के कतर्नियाघाट के धर्मापुर रेंज में आतंक का पर्याय बने तेंदुए को आखिराकार पिंजरे में फंसाने में वन विभाग के कर्मचारी सफल रहे हैं। तेंदुआ शनिवार देर रात पिंजरे में हुआ कैद हो गया। सूत्रों के अनुसार इस तेंदुए ने पिछले दिनों इलाके के एक दर्जन से अधिक बच्चों व बड़ों पर हमला कर उन्हें घायल किया था जिसे पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम काफी दिनों से पिंजरा लगाए बैठी रहती थी।

➲ **अंतिम संस्कार में शामिल होने गया युवक गंगा में डूबा: भदोही.** जिले के गोपीगंज क्षेत्र में बिहरोजपुर गंगा घाट पर रविवार को अंतिम संस्कार में भाग लेने गया युवक नदी में डूब गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र के बिरोजपुर गंगा घाट पर रविवार को दाह संस्कार में शामिल होने गया युवक कार्यक्रम की समाप्ति के बाद नदी में स्नान करने लगा। इस दौरान गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश जारी है।

➲ **गंगा में डूबे युवकों के शव बरामद: रायबरेली.** गदागंज इलाके में गंगास्नान को गए और सेल्फी लेने के चक्कर में नदी में डूबे दो युवकों के शव रविवार सुबह बरामद किए गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार दोपहर तीन युवक गंगा नदी में स्नान करने गए थे। सेल्फी लेने के चक्कर मे तीनों तौहीद (18) फहाद (20) और शान (21) नदी में डूबने लगे। केवल फहाद ही बच सका, शेष दो लापता युवकों के शव आज सुबह गोताखोरों की मदद से बरामद हुए हैं।

➲ **दीवार गिरने से एक बालिका की मौत, दूसरी गंभीर घायल: भदोही.** भदोही जिले के चौरी क्षेत्र में हैंडपंप पर पानी पीते समय दीवार गिरने से एक बालिका की मौत हो गई है जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के चौरी थाना क्षेत्र के भकोड़ा गांव में शनिवार की रात में हैंड पंप पर पानी पीते समय पड़ोसी के मकान की दीवार भर भराकर गिर गई जिसकी जद में आने से एक बच्ची की मौत हो गई जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का दावा

# विस उप चुनाव में इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इटावा.** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने रविवार को दावा किया कि संसदीय चुनाव की तरह ही उत्तर प्रदेश विधानसभा की 10 सीटों के उपचुनाव में भी इंडिया गठबंधन मिलकर तो लड़ेगा साथ ही सभी दस सीटों को जीत कर रेकॉर्ड भी बनाएगा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने रविवार को अपने गृह जिले इटावा में एक होटल का शुभारंभ करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि संसदीय चुनाव में इंडिया गठबंधन को उत्तर प्रदेश में मिली खासी कामयाबी से बेहद उत्साहित हैं, इस कामयाबी के चलते समाजवादी पार्टी और सहयोगी कांग्रेस दल के कार्यकर्ता बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह उत्साह आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश में होने वाले 10 विधानसभा सीटों के उपचुनाव पर भी व्यापक पैमाने पर नजर आएगा। यादव ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की छोड़ी हुई मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी और समाजवादी पार्टी इस विधानसभा सीट पर रेकॉर्ड मतों से न केवल जीत हासिल करेगी बल्कि विपक्षी दलों की जमानत भी जप्त कर देगी। इंडिया गठबंधन लोकसभा में मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा करेगा ऐसा भरोसा हमको इसलिए है क्योंकि इंडिया गठबंधन को संसदीय चुनाव में खासी तादाद में सीटें हासिल हुई हैं अब संसद में भाजपा और उनके सहयोगी दल अपनी मनमर्जी नहीं कर पाएंगे।

### आरोप: नीट परीक्षा के मामले की जांच में देरी कर रही सरकार



उत्तर प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष से जुड़े हुए सामान को लेकर के समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का निर्णय पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और वरिष्ठ नेता मिल करके आम सहमति के बाद घोषित करेंगे। वहीं, नीट परीक्षा को लेकर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सरकार जांच में देरी कर रही है, जब पर्चा लीक हुआ था तभी जांच करा कर दंडित किया जाना चाहिए था लेकिन सरकार आरोपियों को बचाने के चक्कर जांच में ढिलाई बरतने में जुटी हुई है।

### सपा के गठन के बाद पहली बार जौनपुर और मछलीशहर के सांसद एक साथ पहुंचेंगे संसद

**जौनपुर @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के गठन के बाद पहली बार इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी के जौनपुर और मछलीशहर (सुरक्षित) के सांसद एक साथ संसद भवन में जाएंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रदेश में जब से समाजवादी पार्टी का गठन हुआ है जौनपुर जिले से समाजवादी पार्टी के सांसद के रूप में पारसनाथ यादव संसद जा चुके हैं, इसके साथ ही मछलीशहर (सुरक्षित) से समाजवादी पार्टी के सांसद के रूप में सी एन सिंह और तूफानी सरोज भी संसद में जा चुके हैं। पहली बार ऐसा संयोग बना है कि 2024 में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में बाबू सिंह कुशवाहा ने भाजपा के कद्दावर नेता कृपा शंकर सिंह को पराजित कर सांसद चुने गए हैं जबकि मछलीशहर (सुरक्षित) से इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी के रूप में पूर्व सांसद एवं केराकत के वर्तमान विधायक तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं मछलीशहर के सांसद रहे बीपी सरोज को पराजित कर सांसद चुनी गई है। प्रिया सरोज इस बार चुनी गई सबसे कम उम्र की महिला सांसदों में से एक हैं। सोमवार को संसद का सत्र शुरू होने वाला है, जिसमें यह संयोग बनेगा कि जौनपुर जिले के दो सांसद जो समाजवादी पार्टी से निर्वाचित हुए हैं समाजवादी पार्टी के गठन के पश्चात पहली बार एक साथ संसद में प्रवेश करेंगे।

## सोनभद्र: बालू साइट पर ट्रक से दबकर सभासद पति की मौत

**सोनभद्र.** जिले के जुगैल थाना क्षेत्र के महलपुर बालू साइट पर ट्रकों पर बालू लोड करवाने गए सभासद पति की ट्रक से दबकर मौत हो गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चोपन नगर पंचायत के हाइडिल कालोनी वार्ड के सभासद के पति 32 वर्षीय रमेश बिंद शनिवार देर रात्रि महलपुर बालू साइट पर ट्रकों पर बालू लोड करवाने गए थे। रात्रि 11:30 बजे वह बालू लदे ट्रकों को निकलवा रहे थे इसी बीच एक ट्रक एकाएक गिर गया और वह ट्रक के नीचे दब गए जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मौके पर उपस्थित गुस्साई भीड़ ने मुआवजा देने को लेकर बवाल शुरू कर दिया।

घटना की सूचना के बाद जुगैल, चोपन और ओबरा थानाध्यक्ष व पुलिस क्षेत्राधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और काफी देर के बाद लोगों को समझाकर और मुआवजा दिलाने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार जीजा, साले की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**संभल.** उत्तर प्रदेश में संभल जिले के असमोली क्षेत्र में एक कार के टक्कर मार देने से बाइक सवार जीजा साले की मौत हो गई।

गांव गरवारा मिलक के निवासी ओम प्रकाश (50) अपने बहनोई ग्राम ऐंचोडा की मढैया के निवासी शंकर के साथ रविवार को बाइक से जा रहा था। रास्ते में तलवार शहवाजपुर गांव में एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल ओम प्रकाश एवं शंकर को उपचार के लिए असमोली सामुदायिक स्वास्थ्य ले गई जहां पहुंचने से पहले ही ओम प्रकाश की मौत हो गई। चिकित्सक ने घायल शंकर को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय संभल भेज दिया, जहां चिकित्सक ने शंकर को मृत घोषित कर दिया।

# योगी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी।

हजरतगंज स्थित सिविल अस्पताल परिसर में डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 1947 में देश की आजादी और 1950 में संविधान लागू होने के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने अनुच्छेद 370 लागू करके राष्ट्रीय अखंडता को कमजोर करने का प्रयास किया। इसके जवाब में डॉ. मुखर्जी, जो उस समय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में कार्यरत थे, ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और एक बड़ा आंदोलन शुरू किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा, महान देशभक्त, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, प्रतिष्ठित शिक्षाविद और राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि! भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित उनका संपूर्ण जीवन और बलिदान सभी देशवासियों के लिए एक महान प्रेरणा है।

### डॉ. मुखर्जी ने कश्मीर सत्याग्रह का अभियान चलाया

उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह का अभियान चलाया और अपने प्राणों की आहुति दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की राजग सरकार ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाकर एक राष्ट्र, एक प्रधान और एक विधान की भावना का सम्मान किया है। यह कश्मीर, देश की अखंडता और सीमा सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों को सच्ची श्रद्धांजलि है।



सोशल मीडिया पर बहस | बड़े नेता कुछ भी बोलने को तैयार नहीं

# राजूदास के प्रकरण में मझधार में फंसी भाजपा



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अयोध्या.** हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास और डीएम नितीश कुमार के बीच हुई बहस और सुरक्षा हटाए जाने के प्रकरण में भाजपा मझधार में फंस गई है। पार्टी के बड़े नेता इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। जबकि कार्यकर्ता आत्म सम्मान का सवाल उठा रहे हैं। संगठन ने इस मसले पर प्रदेश अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट भेज दी है। इन सबके बीच सोशल मीडिया पर बहस का दौर थम नहीं रहा है। प्रदेश सरकार के दो मंत्रियों सूर्य प्रताप शाही और जयवीर सिंह की मौजूदगी में सरयू अतिथि गृह में पुजारी और डीएम के बीच हुई तनातनी पर चर्चाओं का दौर थम नहीं रहा है। भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ प्रशासनिक अधिकारियों और आम लोग इसी बात पर चर्चा कर रहे हैं कि अब आगे इस पर क्या होगा? इस बीच राजू दास, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर पूरे मामले पर अपना पक्ष रख आए हैं। उधर, डीएम पहले ही स्वीकार कर चुके हैं कि पुजारी के आपराधिक प्रवृत्ति का होने के चलते उन्होंने उनके साथ बैठने से मना कर दिया था।

### सोशल मीडिया पर पक्ष और विपक्ष में बयानबाजी जारी

घटना के चार दिन बाद भी सोशल मीडिया पर पक्ष और विपक्ष में बयानबाजी जारी है। उदाहरण के तौर पर भाजपा से जुड़े एक व्यापारी नेता अपनी पोस्ट में लिखते हैं कि पुजारी राजू दास के प्रकरण में पता चल जाएगा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ है कि अधिकारियों के साथ।

### प्रदेशाध्यक्ष को भेज दी रिपोर्ट

**भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह** ने बताया कि संगठन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को विस्तृत रिपोर्ट भेज दी गई है। इसमें सभी बातों का उल्लेख किया गया है। अब पार्टी नेतृत्व को निर्णय करना है, हमने अपना काम कर दिया है। साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि जब यह घटनाक्रम हुआ था, तब वहां पर प्रदेश सरकार के दो मंत्री मौजूद थे। उन्होंने भी सरकार और संगठन को प्रकरण में तथ्यों की जानकारी दी होगी।

## यूपी में खामियों को मिलकर करेंगे दूर: भूपेंद्र चौधरी

**बहराइच @ पत्रिका.** भाजपा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ने भूपेंद्र चौधरी कहा कि उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव के परिणाम हमारे अनुकूल नहीं आए, सब मिलकर खामियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। जिले के महसी विधानसभा क्षेत्र में रविवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के परिणाम हमारे अनुकूल नहीं आए। ऐसा क्यों हुआ इसकी हम लोग लगातार समीक्षा कर रहे हैं। क्या खामियां रही इस पर मंथन चल रहा है।

एक सप्ताह में पुल ढहने की तीसरी घटना

# बिहार में एक और पुल गिरा, तोड़फोड़ की आशंका



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मोतिहारी.** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड में अमवां कुंडवा चांदपुर मार्ग पर शनिवार रात एक निर्माणाधीन पुल ढह गया। बिहार में एक सप्ताह के अंदर अररिया और सीवान के बाद पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड में निर्माणाधीन पुल ढह गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अमवां कुंडवा चांदपुर मार्ग पर बन रहा 18 मीटर लंबा पुल अपने दो स्पैन में से एक की ढलाई के तुरंत बाद ढह गया। यह घटना एक स्पैन की ढलाई के कुछ ही घंटों बाद हुई लेकिन मौके पर किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

ढाका में तैनात ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्यूडी) के कार्यपालक अभियंता एस. एन. मंडल ने दावा किया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने पुल के नए बने हिस्से के सेंट्रिंग को बिगाड़ दिया था जिससे पुल ढह गया। उन्होंने कहा कि तोड़फोड़ में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

इस बीच स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुल के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था जिसके कारण पुल ढह गया। उन्होंने यह भी बताया कि निर्माण कार्य तकनीकी मूल्यांकन में निर्धारित अनुमान और अलाइनमेंट के अनुसार नहीं किया जा रहा था। ग्रामीणों ने पुल ढहने की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

गौरतलब है कि बिहार के सीवान जिले में गंडक नदी नहर पर बना 45 साल पुराना पुल शनिवार को ढह गया था। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि जल संसाधन विभाग द्वारा पुल के पिलर के पास मिट्टी काटने के कारण पुल ढह गया। इससे पहले अररिया जिले में बकरा नदी पर बना एक और पुल 18 जून को ढह गया था। ढहे सभी पुलों का निर्माण बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग ने किया था।

### सारण में नक्सली प्रेम मांझी गिरफ्तार

**छपरा @ पत्रिका.** बिहार में सारण जिले की अमनौर थाना और विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने नक्सली प्रेम मांझी उर्फ रामदेव मांझी को गिरफ्तार कर लिया।

सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने रविवार को यहां बताया कि जिले के डेरनी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी नक्सली प्रेम मांझी उर्फ रामदेव मांझी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली के विरुद्ध सारण जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में नक्सली वारदात से जुड़े छह मामले दर्ज हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली से पूछताछ की जा रही है।

## मोरारी बापू की राम कथा में शामिल हुईं कल्पना सोरेन



**रांची @ पत्रिका.** झारखंड में गाण्डेय की विधायक कल्पना सोरेन ने मधुबन में आयोजित 9 दिवसीय रामकथा के समापन के दिन पहुंच कर मुरारी बापू की राम कथा में शामिल हुईं।

इस दौरान उन्होंने मोरारी बापू से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी उपस्थित रहे। बाद में विधायक सोरेन ने रविवार पवित्र धर्मस्थली मरांग बुरु पहुंच कर पूजा अर्चना की व राज्यवसियों की खुशहाली की कामना की।

## नीट परीक्षा: जांच करने आई सीबीआइ टीम पर हमला

### लोगों ने नकली पुलिस समझकर पीटा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नवादा.** नवादा में नीट यूजी पेपर लीक मामले की जांच करने दिल्ली से बिहार के नवादा पहुंची सीबीआइ टीम की ग्रामीणों ने पिटाई कर दी है। रजौली पुलिस के पहुंचने के बाद सीबीआइ टीम के अधिकारियों को बचाया जा सका।

नवादा के पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि नीट पेपर लीक मामले में सीबीआइ की टीम नवादा जिले के रजौली थाना के कसियाडीह गांव पहुंची थी। ग्रामीणों ने टीम को नकली पुलिस बताकर उनके साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद नवादा पुलिस पहुंची और अधिकारियों को बचाया। मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई कर रही है। चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**टावर लोकेशन के आधार पर जांच करने पहुंची थी टीम:** बताया जा रहा है कि नीट पेपर लीक मामले की जांच के लिए दिल्ली से सीबीआइ की टीम नवादा जिले के रजौली थाना के कसियाडीह गांव पहुंची थी। पेपर लीक में शामिल एक व्यक्ति के मोबाइल लोकेशन के आधार पर सीबीआइ टीम कसियाडीह पहुंची थी, लेकिन सीबीआइ टीम को नकली बताकर ग्रामीणों ने उनके साथ मारपीट कर दिया। सीबीआइ के अधिकारियों के गाड़ियों में भी तोड़फोड़ कर दिया। सीबीआइ टीम के ड्राइवर के साथ भी मारपीट की गई।

### सारण: भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**छपरा .** बिहार में सारण जिले के डोरीगंज थाना की पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है।

सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने बताया कि सूचना मिली थी कि चकिया गांव के समीप गंगा नदी के तट पर कुछ लोग विदेशी शराब की खेप मंगवा रहे हैं। इस सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस और एंटी लिकर टास्क फोर्स की टीम ने एक नाव से 1816.32 लीटर विदेशी शराब बरामद करने के साथ ही नाव को जब्त कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छापेमारी की भनक मिलते ही शराब कारोबारी फरार हो गये। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब दो लाख 25 हजार रुपए है।

### पटना में प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** बिहार में पटना जिले के आलमगंज थाना क्षेत्र में बदमाशों ने रविवार की सुबह एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जल्ला रोड स्थित मलिया महादेव मंदिर के समीप बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर अरुण कुमार (40) की गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## सारण में महिला समेत तीन लोगों का शव बरामद

**छपरा@पत्रिका.** सारण जिले के जलालपुर, मकेर और दरियापुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों का शव बरामद किया।

पुलिस सूत्रों ने जिले के मकेर थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव के समीप उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप से 25 वर्षीय महिला का शव बरामद किया गया है। महिला की पहचान नहीं की जा सकी है। सूत्रों ने बताया कि जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के नूर नगरकाही नहर के समीप से पुलिस ने 30 वर्षीय युवक का अधजला शव बरामद किया है।

### चाकू से गोदा गया शव बरामद

वहीं जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र के समसपुर गांव के समीप से पुलिस ने मोहर लाल सिंह (70) का चाकू से गोदा गया शव बरामद किया है। इस संबंध में मृतक के परिजनों ने अपने पट्टीदार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

## बुरुडीह डैम को राष्ट्र स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के दिशा-निर्देश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**रांची.** झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रविवार पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित बुरुडीह डैम का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने अवलोकन के क्रम में बुरुडीह डैम को राष्ट्रीय स्तर पर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के कई नए पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रकृतिक सुंदरता के दृष्टिकोण से एक बहुत ही आकर्षक राज्य है। यहां पर्यटन की प्रबल संभावनाएं हैं यही कारण है कि हमारी सरकार राज्य में चिन्हित कई धार्मिक, आध्यात्मिक स्थलों सहित पहाड़, डैम, फॉल आदि आकर्षक जगहों को विकसित करने के उद्देश्य से कार्य योजना बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आंदोलन के समय ही व्यक्तिगत रूप से मैं जंगल से घिरे हुए इस ऐतिहासिक बुरुडीह डैम की खूबसूरती से परिचित हूं, इस डैम का सर्वांगीण विकास हो, यह पहले से ही मेरे मन में था।

इस डैम का पानी बुरुडीह आस-पास क्षेत्र के किसान वर्ग को मिले इसी उद्देश्य से हमारी सरकार आगे बढ़ रही है।

**आइसीसी टी-20 विश्व कप सुपर आठ:** ग्रुप-1 के मुकाबले में अफगान टीम ने कंगारुओं को 21 रन से शिकस्त दी और इतिहास रच दिया

# अफगानिस्तान ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया को दी पटखनी

## खुशी की लहर...मैदान, ड्रेसिंगरूम से लेकर काबुल तक जश्न ही जश्न





1. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को जीत दर्ज करने के बाद अफगान टीम के खिलाड़ी खुशी मनाते हुए।

2. अफगान टीम की ऐतिहासिक जीत पर काबुल में हजारों की संख्या में प्रशंसक सड़कों पर निकल आए और उन्होंने जीत का जोरदार जश्न मनाया।

3. अफगान टीम जब ड्रेसिंगरूम पहुंची तो वहां कप्तान राशिद खान और अन्य खिलाड़ियों ने जमकर डांस किया।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सेंट विंसेंट.** अफगानिस्तान की टीम ने रविवार को आइसीसी टी-20 विश्व कप में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को 21 रन से शिकस्त दे दी। यह अफगानिस्तान की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्रिकेट इतिहास में किसी भी प्रारूप में पहली जीत है। इस जीत के साथ अफगानिस्तान ने सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को भी कायम रखा है।

अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज गुलबदीन ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। ग्रुप-1 के मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अफगानिस्तान ने छह विकेट पर 146 रन बनाने के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कंगारू टीम को 19.2 ओवर में सिर्फ 127 रन पर ऑलआउट कर दिया।

### अफगानिस्तान की जीत के हीरो रहे ये चार खिलाड़ी

1 **गुलबदीन नैब (तेज गेंदबाज):** गुलबदीन नैब ने चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। उन्होंने एक शानदार कैच भी लपका।

2 **नवीन उल हक (तेज गेंदबाज):** मीडियम पेसर नवीन उल हक ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट झटके। उन्होंने ओपनर ट्रेविस हेड और कप्तान मिचेल मार्श को आउट किया।

3 **रहमानुल्लाह गुरबाज (ओपनर):** सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह ने 49 गेंदों में चार चौकों और चार छक्कों के साथ 60 रन ठोके। उन्होंने करियर का 10वां अर्धशतक लगाया।

4 **इब्राहिम जादरान (ओपनर):** जादरान ने 48 गेंदों में छह चौकों संग 51 रन बनाए और पहले विकेट के लिए 118 रन भी जोड़ी। उन्होंने करियर का आठवां अर्धशतक ठोका।

### ग्रुप-1 का समीकरण उलझा, हर टीम के पास मौका...

**ग्रुप-1** में सेमीफाइनल का समीकरण रोचक हो गया है। भारत लगातार दो जीत से तालिका में शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया दो मैचों में एक हार व एक जीत से दूसरे स्थान पर है। अफगानिस्तान दो मैचों में एक जीत व एक हार से तीसरे नंबर पर है क्योंकि उसका नेट रन रेट कंगारू टीम से खराब है। बांग्लादेश दो मैच हारने से सेमीफाइनल की होड़ से लगभग बाहर है।

**भारत:** भारतीय टीम को आखिरी मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलना है। टीम इंडिया यदि यह मैच जीती तो वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी।
☐ टीम इंडिया रेस से तभी बाहर होगी, जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 या इससे ज्यादा रन के अंतर से हार जाए। वहीं, ***अफगानिस्तान की टीम बांग्लादेश को 83 या इससे ज्यादा रन से हरा दे।***

**ऑस्ट्रेलिया:** कंगारू टीम को अपने आखिरी सुपर-आठ मैच में भारतीय टीम के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।
☐ ***कंगारू टीम सेमीफाइनल की रेस से तभी बाहर होगी जब वह भारत से हार जाए*** और अफगानिस्तान की टीम बांग्लादेश के खिलाफ किसी भी अंतर से जीत हासिल कर ले।

**अफगानिस्तान:** अफगानिस्तान को सेमीफाइनल की होड़ में कायम रहने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।
☐ अफगानिस्तान की टीम यदि बांग्लादेश से हार जाए और ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत के खिलाफ जीत दर्ज कर ले ***तो सेमीफाइनल में भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीम ही पहुंचेगी।***

**बांग्लादेश:** यदि आखिरी मैच में बांग्लादेश की टीम अफगानिस्तान को हरा दे और भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को हरा दे तो समीकरण रोचक हो जाएगा।
☐ बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के 2-2 अंक होंगे और ऐसे में ***जिसका नेट रन रेट अच्छा होगा, वो टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी।***

**मेहनत पर फिरा पानी...**

### कमिंस विश्व कप में दो हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने



**ऑस्ट्रेलियाई** पेसर पैट कमिंस ने अफगानिस्तान के खिलाफ हैट्रिक बनाई और मैत में कुल तीन विकेट लिए। वह टी-20 विश्व कप में दो हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने। कमिंस ने पिछले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ भी हैट्रिक बनाई थी।

**आज का मुकाबला :** इस मैच को जीतने के साथ सेमीफाइनल में पहुंचना चाहेगी भारतीय टीम

### टीम इंडिया कंगारुओं को हरा दे तो शीर्ष पर पहुंच जाएगी

**प्रसारण:** रात 8.00 बजे

**आमने-सामने**

**05** भारत ने विश्व कप में ***ऑस्ट्रेलिया से खेले***

**03** टी-20 मैच भारत ने जीते ***जबकि 2 में हार मिली***

**सेंट लूसिया @ पत्रिका.** भारतीय टीम आइसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में लगातार दो मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल के करीब पहुंच गई है। ग्रुप-1 में टीम इंडिया का सामना सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम से होगा। यह मैच दोनों ही टीमों के लिए बेहद अहम है।

भारतीय टीम यदि यह मैच जीत जाती है तो वह तालिका में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल का टिकट कटा लेगी। वहीं, अफगानिस्तान से हारने के बाद कंगारू टीम भी इस मैच में जीत के साथ वापसी करना चाहेगी।



रोहित शर्मा, भारतीय कप्तान।

*प्रसारण : सुबह 6.00 बजे से*

### दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज में भिड़ंत

**एंटिगुआ @ पत्रिका.** मेजबान वेस्टइंडीज की टीम जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सोमवार को विश्व कप के ग्रुप-2 मैच में उतरेगी तो उसके सामने हर हाल में जीत हासिल करने की चुनौती होगी।

### सुपर-8 अंक तालिका

| GROUP-A स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | बेनतीजा | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भारत | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +2.425 |
| 2. | ऑस्ट्रेलिया | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.223 |
| 3. | अफगानिस्तान | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.650 |
| 4. | बांग्लादेश | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -2.489 |

| GROUP-B स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | बेनतीजा | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इंग्लैंड | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +1.992 |
| 2. | दक्षिण अफ्रीका | 02 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.9625 |
| 3. | वेस्टइंडीज | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +1.814 |
| 4. | अमरीका | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -3.906 |

*अंकतालिका 23 जून के दूसरे मैच तक की है।*

**टॉप बैटर** 238 रन रहमानुल्लाह अफगानिस्तान

**टॉप गेंदबाज** 15 विकेट फजलहक फारुकी अफगानिस्तान

**वर्ल्ड मेडिकल गेम्स**

### डानिया जेम्स ने चार स्वर्ण पदक जीते



**सेंट ट्रोपेज (फ्रांस) @ पत्रिका.** भारत की आर्म्ड फोर्स मेडिकल सर्विसेज की कैप्टन डानिया जेम्स ने यहां खेले गए 43वें वर्ल्ड मेडिकल एंड हेल्थ गेम्स में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अंडर-35 महिला वर्ग में चार स्वर्ण पदक के अलावा तीन रजत और दो कांस्य जीते।

**टी-20 विश्व कप:** मौजूदा चैंपियन ने ग्रुप-2 के मैच में अमरीकी टीम को 10 विकेट से दी करारी शिकस्त

## इंग्लैंड ने पांचवीं बार कटाया सेमीफाइनल का टिकट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ब्रिजटाउन.** मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड ने यहां खेले गए ग्रुप-2 के मैच में अमरीका को 10 विकेट से हराकर पांचवीं बार टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले गेंदबाजी करते हुए अमरीकी टीम को 18.5 ओवर में 115 रन पर ढेर कर दिया। इसके बाद ओपनर जोस बटलर (नाबाद 83 रन) के अर्धशतक से इंग्लैंड ने 9.4 ओवर में बिना विकेट गंवाए 117 रन बनाए और जीत दर्ज कर ली।



***जॉर्डन हैट्रिक लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज***

*क्रिस जॉर्डन विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने पारी के 20वें ओवर में चार विकेट चटकाए और हैट्रिक भी बनाई। उन्होंने 2.5 ओवर में 10 रन ही दिए।*

### प्लेयर ऑफ द मैच बने राशिद ने 2 विकेट लिए

**इंग्लैंड** के स्पिनर आदिल राशिद ने शानदार गेंदबाजी की और चार ओवर में सिर्फ 13 रन देकर दो विकेट चटकाए। वह प्लेयर ऑफ द मैच बने। उनके नाम इस टूर्नामेंट में सात मैचों में नौ विकेट हो गए हैं।

***ग्रुप-2 में शीर्ष पर:*** इंग्लैंड की टीम के तीन मैचों में चार अंक हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के दो मैचों में दो अंक हैं लेकिन बेहतरन नेट रन रेट के कारण इंग्लैंड की टीम ग्रुप-2 में शीर्ष पर कायम हो गई है।

**अच्छी पहल**

### ओलंपिक अनुसंधान व शिक्षा केंद्र का आरआरयू में शुभारंभ

**गांधीनगर @ पत्रिका.** राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) के गांधीनगर स्थित परिसर में रविवार को देश के पहले भारत ओलंपिक अनुसंधान एवं शिक्षा केंद्र (बीकोर) का शुभारंभ हुआ।

इस केंद्र का उद्घाटन करते हुए भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और पूर्व धाविका पीटी ऊषा ने कहा कि यह केंद्र खेलों के लिए अच्छी पहल है, जो भारतीय खेल में ज्ञान, नवाचार और प्रदर्शन के केंद्र के रूप में काम करेगा।

**आज का पोल**

**क्या भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त देने में सफल होगी?**

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। 𝕏 @PatrikaNews

**रविवार का जवाब**

हां 39% नहीं 61%

***पिछला सवाल:*** क्या अफगान टीम ऑस्ट्रेलिया को टी-20 मैच में हरा पाएगी?

**टेनिस:** फाइनल में टोमजानोविच को दी शिकस्त

## पुतिनत्सेवा बनीं चैंपियन

**03** खिताब कजाक खिलाड़ी ने कुल करियर में जीते, वह विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर

**ट्रॉफी की चमक...**



**बर्मिंघम.** कजाकिस्तान की यूलिया पुतिनत्सोवा ने बर्मिंघम क्लासिक खिताब जीत लिया। यूलिया पहली बार यहां चैंपियन बनीं हैं। उन्होंने महिला एकल के फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एजला टोमजानोविच को 6-1, 7-6 से मात दी। यह छह मैचों में पुतिनत्सोवा की एजला के खिलाफ कुल पांचवीं जीत है।

**महिला क्रिकेट:** मेजबान भारतीय टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 3-0 से जीती

## भारत ने द. अफ्रीका का किया क्लीन स्वीप

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेंगलूरु.** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे और आखिरी वनडे में छह विकेट से हराया और तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली। द. अफ्रीका ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 215 रन बनाए। जवाब में भारत ने 40.4 ओवर में चार विकेट पर 220 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। स्मृति मंधाना लगातार तीसरा शतक लगाने से चूक गई और उन्होंने 11 चौकों के साथ 90 रन बनाए।

**जीत की सेल्फी...**




रविवार को सीरीज जीतने के बाद भारतीय टीम ट्रॉफी के साथ।

**यूरो कप फुटबॉल** // ग्रुप-एफ के मुकाबले में तुर्की की टीम को 3-0 से दी करारी शिकस्त, 2012 के बाद पहली बार ग्रुप में दो मैच जीते

## लगातार दो जीत के साथ पुर्तगाल ने अंतिम-16 में बनाई जगह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**डोर्टमंड.** कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो की कप्तानी में पुर्तगाल ने यहां खेले जा रहे यूरो कप फुटबॉल में लगातार दूसरी जीत के साथ अंतिम-16 में जगह पक्की कर ली है। इस जीत से ग्रुप-एफ में पुर्तगाल की टीम शीर्ष पर पहुंच गई है और उसने 2012 के बाद पहली बार यूरो कप के ग्रुप मुकाबलों में लगातार दो मुकाबले जीते हैं।

वहीं, तुर्की की टीम को दो मैचों में पहली हार का सामना करना पड़ा है। उसने दो मैचों में एक जीते और एक हारा है। वह ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। तुर्की को ग्रुप स्टेज में कुल 11वीं हार झेलनी पड़ी। वह डेनमार्क (13) के बाद ग्रुप स्टेज में सर्वाधिक मैच हारने वाल दूसरी टीम है।

**2012** के बाद पुर्तगाल ने ***यूरो कप के शुरुआती दो मैच जीते***

### सिल्वा और ब्रूनो ने दागे पुर्तगाल के लिए गोल

**रोनाल्डो** भले ही इस मैच में भी गोल करने में विफल रहे लेकिन इसकी भरपाई बर्नाडो सिल्वा और ब्रूनो फर्नानडेज ने कर दी। सिल्वा ने मैच के 21वें जबकि ब्रूनो ने 56वें मिनट में शानदार गोल किया।

***अकायदीन का आत्मघाती गोल:*** तुर्की को अपनी गलती का खामियाजा भी भुगतना पड़ा, जब उसके खिलाड़ी समेट अकायदीन मैच के 28वें मिनट में आत्मघाती गोल कर बैठे। इस गोल से पुर्तगाल की बढ़त 2-0 हो गई थी।



मैच के दौरान मैदान में घुस आए बच्चे से मिलते हुए रोनाल्डो।

**प्रशंसकों ने रोनाल्डो की सुरक्षा में लगाई सेंध**

**मैच** के दौरान पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो की सुरक्षा में सेंध लगी। मैच के दौरान एक बच्चे समेत चार लोग मैदान के अंदर घुस गए और रोनाल्डो के पास पहुंचकर उनकी सेल्फी लेनी की कोशिश करने लगें। हालांकि इस दौरान मैदान में आए बच्चे का रोनाल्डो ने हंसकर स्वागत किया और सेल्फी भी खिंचवाई।

***बेल्जियम ने रोमानिया को हराकर की जोरदार वापसी:*** यूरो कप के ग्रुप-ई में पहला मैच हारने वाली बेल्जियम ने वापसी की और रोमानिया के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज कर ली। इस जीत से बेल्जियम ने नॉकआउट दौर में जाने की उम्मीदों को जिंदा रखा है।

### CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7024...



**बाएं से दाएं...** 1. घरौंदा, आशियाना (4), 4. बलिदान, कुर्बानी (4), 6. धन, संपत्ति (2), 7. आदत, स्वभाव (3), 8. साथ, संग, सहित (2), 9. अभिनेता, हुनरमंद (4), 12. छत, अटारी (2), 14. अवधि सूचक शब्द (2), 16. जांच, परीक्षण, छानबीन (3), 17. मस्तिष्क, दिमाग (3), 18. मोह, वात्सल्य, आत्मीयता (3), 20. गिरावट, अवनति (3), 21. नेक, अच्छा (2), 22. संबंध, विषय (3), 24. रहम, कृपा (2), 25. शर्म, लज्जा (2), 27. गीलापन, आर्द्रता (2), 28. इच्छा, इरादा (3), 29. दूर हटाने वाला (4)

**ऊपर से नीचे...** 1. आंखें लड़ाने वाला, पारखी (3-2), 2. सिंह, वनराज (2), 3. सीख, सदुपदेश, अच्छी शिक्षा (4), 4. सौ (3), 5. आवश्यकता, जरूरत (4), 10. गुमशुदा, खोया हुआ (3), 11. रक्षक (4), 13. धर्म (4), 15. अधिक छोटा (4), 19. चित्त, दिल, जी (2), 21. डरावना, खौफनाक (4), 22. वर्षा जल से सींची गई जमीन (3), 23. अंतर्गत, अधीन (3), 26. समीर, पवन (2)

**हल 7023**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ग | ठ | न | ■ | स | रो | व | र |
| गी | ■ | हा | ल | त | ■ | जा | य | ज |
| त | ब | का | ■ | ब | हा | ना | ■ | वा |
| ■ | द | ■ | श | ■ | ज | ■ | घ | ड़ा |
| शं | ■ | शा | ह | ■ | त | प | ना | ■ |
| क | वा | य | द | ■ | गा | र | ■ | अ |
| र | ■ | द | ■ | मा | ह | ■ | फ | र्जी |
| ■ | द | ■ | द | म | ■ | मा | त | ■ |
| ज | वा | ह | र | ला | ल | ने | ह | रू |

### SUDOKU 6759...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 3 | | 8 | | 7 | |
| | | | | | 7 | | 3 | |
| | | 5 | 1 | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |
| 2 | | | | | | 1 | | 3 |
| | | | 4 | | 1 | 6 | | 8 |
| | 7 | | | 9 | | 4 | | |
| | 8 | | | | 2 | | | |
| | 6 | | | | | | | |

**हल 6758**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 5 | 3 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 3 | 8 | 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 1 |
| 7 | 1 | 2 | 3 | 8 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 3 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 3 |
| 4 | 7 | 6 | 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 7 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 3 | 7 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ हर 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

## पत्रिका पोल

Q क्या प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल-धोखाधड़ी रोकने के लिए नया कानून कारगर साबित होगा?

**कल का सवाल था**

लोकसभा के उदघाटन सत्र में क्या 'इंडिया' गठबंधन सरकार का घेरने में सफल रहेगा?

जवाब

77% हां 23% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया @ शॉर्ट रीड

### कश्मीर सेना ने घुसपैठिया मार गिराया

**श्रीनगर @ पत्रिका.** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास चल रहे घुसपैठ विरोधी अभियान के दौरान सेना ने रविवार को एक घुसपैठिए को मार गिराया। मारे गए घुसपैठिए की अभी तक पहचान नहीं की जा सकी है।

### आंध्र प्रदेश फायरिंग में तेलुगू युवक की मौत

**नेल्लोर @ पत्रिका.** अमरीका में डलास के सुपरमार्केट में हुई फायरिंग की घटना में एक तेलुगू युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान आंध्र प्रदेश के बापटला जिला निवासी दसारी गोपीकृष्ण (32) के रूप में हुई है। वह सुपरमार्केट में काम करता था।

### दिल्ली राहुल ने वायनाड को लिखी भावुक चिट्ठी

**दिल्ली @ पत्रिका.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को वायनाड के लोगों को एक भावुक पत्र लिखकर कहा कि आपने मुझे तब प्यार और सुरक्षा दी, जब मुझे इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। राहुल ने वायनाड व रायबरेली लोकसभा क्षेत्रों से जीत हासिल की थी। संसद में प्रतिनिधित्व के लिए उन्हें एक सीट खाली करनी होगी। वह वायनाड सीट छोड़ रहे हैं और उनकी बहन प्रियंका गांधी उपचुनाव में यहां से चुनाव लड़ेंगी।

### दिल्ली पिता ने जुड़वां नवजात बच्चियों को मारा

**दिल्ली @ पत्रिका.** राजधानी में नवजात जुड़वां बच्चियों को पिता और उसके परिवार की ओर से मारकर दफनाने का मामला सामने आया है। एक महिला ने पुलिस में एफआइआर दर्ज करवाते हुए कहा कि उसके पति व ससुराल वाले लड़कियों के जन्म से नाखुश थे और जन्म के बाद बच्चियों को ले गए, बाद में कहा कि उनकी बीमारी से मौत हो गई। पुलिस ने बच्चियों के शवों को निकलवा लिया है, मामला दर्ज किया गया है।

### तमिलनाडु शराब त्रासदी, 56 हुई मृतकों की संख्या

**कल्लकुरिची @ पत्रिका.** कल्लकुरिची में जहरीली शराब त्रासदी में मरने वालों की संख्या बढ़कर 56 हो गई है। इस बीच राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के निदेशक एस रविवर्मन ने कल्लकुरिची सरकारी अस्पताल का दौरा कर जहरीली शराब पीड़ितों की कुशलक्षेम पूछी।

## वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

### जाम्बिया हाथी ने पर्यटक को खींचा, कुचला

**लुसाका @ पत्रिका.** एक अमरीकी पर्यटक को जाम्बिया में एक हाथी ने मार डाला। सफारी ड्राइव के दौरान हाथी ने 64 वर्षीय जुलियाना ग्ले टूरनेउ को जीप से बाहर खींच लिया और उसे रौंद दिया। यह घटना लिविंगस्टोन में मरम्बा कल्चरल ब्रिज के पास हुई। मार्च में, मिनेसोटा की 79 वर्षीय महिला गेल मैटसन जाम्बिया के काफू नेशनल पार्क में गेम ड्राइव के दौरान इसी तरह की घटना में मारी गई थी।

### ताइवान वास्तविक युद्ध की तरह युद्धाभ्यास

**ताइपे @ पत्रिका.** इस वर्ष ताइवान का वार्षिक युद्धाभ्यास वास्तविक युद्ध के करीब होगा। एक अधिकारी के अनुसार अब उद्देश्य क्षमताओं की परख नहीं बल्कि चीन से बढ़ते 'शत्रु खतरे' को देखते हुए वास्तविक जंग की तरह अभ्यास करना है। पांच दिवसीय हान कुआंग अभ्यास 22 जुलाई से शुरू होगा। उधर, चीन सीधी जंग की बजाय ताइवान को थकाने के लिए लगभग रोजाना लड़ाकू विमान भेजने जैसी रणनीति अपना रहा है।

### कोलंबिया कार बम विस्फोट, तीन की मौत

**बोगोटा @ पत्रिका.** कोलंबिया के नारिनो में हुए एक कार बम विस्फोट में एक पुलिसकर्मी सहित तीन लोगों की मौत हो गई तथा आठ अन्य घायल हो गए। घटना उस क्षेत्र में हुई जहां एस्टाडो मेयर सेंट्रल (ईएमसी) नामक एफएआरसी असंतुष्ट समूह सक्रिय है। यह एक वामपंथी चरमपंथी समूह है। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सख्त कदम उठाने की बात कही है।

### रूस यूक्रेनी हमलों से परमाणु संयंत्र को खतरा

**मॉस्को @ पत्रिका.** जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) के गृह शहर एनरगोडार पर यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा हाल में किए गए ड्रोन हमलों ने परमाणु सुविधा की सुरक्षा के बारे में गंभीर चिंताएं बढ़ा दी हैं। जेडएनपीपी के निदेशक यूरी चेर्निचुक ने कहा कि ड्रोन हमलों के कारण जेडएनपीपी के कई डिवीजनों में बिजली नहीं रही, जिसमें प्रिंटिंग हाउस, पीने के पानी की आपूर्ति करने वाले पंप स्टेशन आदि बाधित हुए हैं।

### अमरीका तीन हूती ड्रोन बोट को किया नष्ट

**वाशिंगटन @ पत्रिका.** अमरीकी सेंट्रल कमांड ने 24 घंटों में लाल सागर में ईरान समर्थित तीन हूती मानवरहित नौकाओं को नष्ट करने का दावा किया। इन्हें ड्रोन बोट भी कहा जाता है। वहीं, हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में तीन जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हालांकि, इनसे हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमरीका-ब्रिटेन गठबंधन के किसी जहाज या अन्य जहाजों को किसी बड़ी क्षति की खबर नहीं मिली है।

### इराक हवाई हमले में 7 आइएस आतंकी ढेर

**बगदाद @ पत्रिका.** इराकी सेना ने बगदाद के उत्तर में सलाहुद्दीन प्रांत में आइएस आतंकियों के ठिकानों पर दो हवाई हमलों में सात आइएस आतंकियों को मारने का दावा किया है। खुफिया रिपोर्टों के आधार पर इराकी युद्धक विमानों ने एक पहाड़ी इलाके में आइएस के ठिकानों और आतंकियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सुरंग पर दो हवाई हमले किए।

## यूक्रेनी हमले में पांच की मौत

**मास्को @ पत्रिका.** रूस ने कहा है कि रविवार को क्रीमिया पर यूक्रेन द्वारा किए गए हमले के लिए अमरीका सीधे तौर पर जिम्मेदार है। रूस का आरोप है यह हमला पांच अमरीकी मिसाइलों से, अमरीकन इंटेलीजेंस की मदद से किया गया। इस हमले में तीन बच्चों सहित कम से कम पांच लोग मारे गए तथा 124 अन्य घायल हो गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि अमरीका द्वारा भेजे गए क्लस्टर वारहेड से लैस आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम (एटीएसीएमएस) मिसाइलों में से चार को वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराया गया तथा पांचवें मिसाइल का गोला-बारूद मध्य हवा में ही फट गया। रूस ने कहा है कि, इन मिसाइलों के टारगेट अमरीकी विशेषज्ञों ने अमरीकी जासूसी उपग्रहों से प्राप्त जानकारी के आधार पर तय किए थे। इसका अर्थ है कि वाशिंगटन सीधे तौर पर इसके लिए जिम्मेदार है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि क्रीमिया में सेवस्तोपोल के नागरिकों पर जानबूझकर किए गए इस मिसाइल हमले की जिम्मेदारी मुख्य रूप से वाशिंगटन की है, जिसने यूक्रेन को यह हथियार उपलब्ध कराए। साथ ही इसके लिए कीव शासन भी जवाबदेह है, जिसके क्षेत्र से यह हमला किया गया।

### रूस ने लिया संकल्प, देंगे जवाब

रूस के स्वास्थ्य मंत्री मिखाइल मुराशको ने बताया कि हमले में कम से कम 124 लोग घायल हुए, जिनमें 27 बच्चे भी शामिल हैं, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रूस रविवार के हमले का जवाब देगा।

**खाड़ी क्षेत्र:** कुवैत का विमान लेबनान पहुंचा, कनाडा ने भी शुरू की तैयारी

# युद्ध के कगार पर हिजबुल्लाह और इजरायल, विदेशियों की निकासी शुरू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**हिजबुल्लाह ने रविवार को भी किए इजरायल पर हमले, एक सैनिक घायल**

**तेलअवीव.** इजरायल और ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के बीच पूर्ण युद्ध की गहराती आशंकाओं के बीच कुवैत ने अपने नागरिकों को लेबनान से निकालने के लिए पहला विमान रवाना कर दिया। राष्ट्रीय विमान सेवा कुवैत एयरवेज की ओर से कहा गया है कि आने वाले दिनों में नागरिकों की निकासी के लिए बेरुत के लिए कई उड़ानों का संचालन करेगा। कनाडा भी लेबनान से अपने 45,000 नागरिकों को निकालने की तैयारी में है। इजरायल के विदेश मंत्री इसराइल कैट्ज और कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली के बीच इस बारे में चर्चा के बाद कनाडा ने अब तक की सबसे बड़ी निकासी की तैयारी के लिए क्षेत्र में सैन्य बल भेज दिए हैं। बिगड़ते सुरक्षा हालातों के बीच कई देशों के राजनयिकों के पहले ही लेबनान की राजधानी बेरूत छोड़ कर जा चुके हैं।

वहीं, हिजबुल्लाह ने रविवार को भी उत्तरी इजरायल में ड्रोन और रॉकेटों से हमले किए, जिनमें एक इजरायली सैनिक घायल हो गया। हिजबुल्लाह ने कहा है कि जब तक गाजा में युद्ध विराम नहीं हो जाता, तब तक वह हमले करता रहेगा।



**इजरायल** के पूर्वी लेबनान में हवाई हमले के बाद कार में सवार एक इस्लामिक समूह के कमांडर अयमान हाशम गजमे की मौत हो गई।

### बेकाबू होंगे हालात: यूएन महासचिव

**गौरतलब** है कि एक दिन पहले ही यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी थी कि दोनों पक्षों में किसी की भी छोटी सी भी गलती के चलते लेबनान में एक और गाजा के हालात पैदा हो सकते हैं। इसके बाद शुरू हुआ युद्ध सिर्फ इजरायल और लेबनान की सीमाओं के बीच नहीं रहेगा। इस तरह के एक और युद्ध को दुनिया बर्दाश्त नहीं कर पाएगी। अमरीकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भी शनिवार को चेतावनी दी थी कि हिजबुल्लाह से पूर्ण युद्ध के बारे में इजरायल बेहद गंभीर है।

### इजरायल के रक्षा मंत्री अमरीका रवाना

गाजा युद्ध के अगले चरण और लेबनान के साथ सीमा पर बढ़ती शत्रुता पर चर्चा के लिए इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट रविवार को वाशिंगटन रवाना हो गए। गैलेंट ने वाशिंगटन रवाना होने से पहले एक बयान में कहा, हम गाजा, लेबनान और अन्य क्षेत्रों में किसी भी आवश्यक कार्रवाई के लिए तैयार हैं।

### पत्रिका एक्सप्लेन: क्या है हिजबुल्ला

**लेबनान** पर 1978 में हमले और इजरायल के कब्जे को हटाने के लिए लेबनान के शिया मौलवियों ने ईरान की इस्लामिक क्रांति से प्रेरणा लेकर हिजबुल्लाह (अल्लाह की पार्टी) का गठन किया था।

- **ईरान का खुला समर्थन :** इसके गठन, नामकरण से लेकर प्रशिक्षण और हथियार आपूर्ति तक में ईरान खुले तौर पर हिजबुल्लाह की मदद करता आया है।
- **लेबनान में मजबूत पकड़ :** दक्षिण लेबनान के शिया समुदाय के समर्थन से सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने अब लेबनान में मजबूत राजनीतिक हैसियत बना ली है।

लेबनानी संसद में इसकी 50% से ज्यादा सीटें हैं। लेबनान ने अधिकारिक तौर पर इस संगठन की मौजूदगी स्वीकार कर ली है।

- **लेबनानी सेना से भी ताकतवर:** कई अनुमानों में हिजबुल्लाह की सैन्य ताकत को लेबनानी सेना से भी अधिक आंका गया है। लेबनान में करीब 25% शिया, 25% सुन्नी, 47% ईसाई आबादी है।

**गुजरात**

### गुलाब कोठारी का सूरत में 'संवाद सेतु' कार्यक्रम आज



**सूरत @ पत्रिका.** पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी सोमवार को गुजरात के सूरत में संवाद सेतु कार्यक्रम के तहत शहर के प्रमुख मुद्दों व विकास की संभावनाओं को लेकर गणमान्य लोगों से बातचीत करेंगे। कार्यक्रम में राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक संस्थाओं आदि से जुड़े लोग शामिल होंगे। देशभर में ऐसे कार्यक्रमों से कोठारी समाज के हर वर्ग के लोगों से संवाद करते रहे हैं। कार्यक्रम जनता व सरकार के बीच संवाद का सेतु बनने का प्रयास है।

**पड़ोसी देश:** पाकिस्तान की कैबिनेट का फैसला

### प्रदर्शन से घबराकर पीओके में छह अर्धसैन्य बल तैनात

**इस्लामाबाद @ पत्रिका.** पाकिस्तान की संघीय सरकार ने रविवार को पीओके में अर्धसैनिक बल 'फ्रंटियर कांस्टेबुलरी' की छह टुकड़ियों की तैनाती को मंजूरी दे दी। यह तैनाती 3 महीने के लिए है।

पीओके में फ्रंटियर कांस्टेबुलरी को तैनात करने का फैसला तब किया गया है, जब एक दिन पहले ही पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ा नया अभियान शुरू करने का एलान किया था। इस अभियान को अज्म-ए-इस्तेहकाम (मजबूत प्रतिबद्धता) नाम दिया गया है। पीओके में तैनात इन टुकड़ियों का काम पुलिस की मदद के अलावा नीलम-झेलम, मंगला और गुलपुर पनबिजली परियोजनाओं के लिए पुख्ता सुरक्षा प्रदान करना होगा।

#### पाक रेंजर्स ने किया था विरोध का दमन

**गौरतलब** है कि पीओके में पिछले महीने ही महंगाई और बिजली की बढ़ी हुई कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए थे। चार दिवसीय विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पुलिसकर्मी सहित कई लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनों घायल हो गए थे। प्रदर्शन और बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति के चलते पीओके सरकार को स्थिति नियंत्रण में करने के लिए पाक रेंजर्स को बुलाना पड़ा था।

**भाजपा की रणनीति**

### ममता से मुकाबले में महिला को कमान देने की अटकलें

**कोलकाता @ पत्रिका.** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भी अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के बाद भाजपा राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी का तोड़ निकालने में लगी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद महिला नेत्री को कमान देने की अटकलें तेज हो गई हैं। केंद्रीय मंत्री देवश्री चौधरी का नाम सबसे आगे है। संघ से निकटता के कारण देवश्री प्रदेश अध्यक्ष बनने की दौड़ में आगे हैं। पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी भी दौड़ में हैं। सूत्रों ने बताया कि भाजपा अगले सप्ताह दिल्ली में संगठनात्मक बैठक में बंगाल का अपना प्रदेशाध्यक्ष तय कर सकती है।

**आस्था:** चेन्नई में भक्तों ने खींचा पार्थसारथी स्वामी का रथ



**चेन्नई @ पत्रिका.** पार्थसारथी स्वामी मंदिर की रथ यात्रा निकालते भक्त। चेन्नई में रविवार को निकाली गई रथ यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान का रथ खींचा। पार्थसारथी मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित 6वीं शताब्दी का हिंदू वैष्णव मंदिर है। इसे भगवान विष्णु को समर्पित 108 दिव्य देशमों में से एक के रूप में जाना जाता है।

**यूनानी द्वीप का मामला**

### नाव से आतिशबाजी से चीड़ के जंगलों में आग, 13 गिरफ्तार

**एथेंस @ पत्रिका.** यूनानी हाइड्रा द्वीप पर आग से चीड़ के जंगल तबाह हो गए हैं। यह आग नौका से की गई आतिशबाजी के कारण लगी है, पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन अग्निशमन दल को पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। समुद्र के रास्ते बाधित होने के कारण टीम ने हेलिकॉप्टर से पानी गिराकर आग पर काबू पाया।

एथेंस के दक्षिण-पश्चिम में स्थित हाइड्रा विदेशी पर्यटकों और नौकाओं पर यात्रा करने वालों के बीच काफी लोकप्रिय है। नौका से की गई आतिशबाजी के बाद द्वीप पर एकमात्र चीड़ के जंगलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है।

**अरुणाचल:** बादल फटने से आई बाढ़



**ईटानगर.** अरुणाचल प्रदेश की राजधानी में रविवार को बादल फटने के बाद बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। कई जगह वाहन फंस गए।

**केरल:** हाथी ने महावत को कुचला



**इडुक्की.** नीलेश्वरम के 62 वर्षीय महावत बालकृष्णन को आदिमाली के पास कल्लर में एक अवैध निजी सफारी सेंटर केरल फार्म में हाथी ने कुचलकर मार डाला। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है।

**राजनीति:** मायावती ने भतीजे को सौंपी कमान

### बसपा की खोई सियासी जमीन तलाशने निगाह फिर 'आकाश' पर



आकाश को अपना उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद दिया आशीर्वाद।

अनुराग मिश्रा
patrika.com

**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में खाता खोलने से वंचित और 10 फीसदी वोट गंवाने वाली बहुजन समाज पार्टी फिर से खोई जमीन तलाशने में लगी है।

खिसकते जनाधार और कार्यकर्ताओं के टूटते मनोबल से जूझ रही बसपा की सुप्रीमो मायावती ने पार्टी को फिर से खड़ा करने के लिए डेढ़ माह बाद एक बार फिर अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी बना कर कमान सौंप दी है। मायावती ने रविवार को पार्टी के हार के कारणों की समीक्षा के लिए हुई बैठक में मंच पर आकाश को आशीर्वाद दिया और संयोजक के पद पर बहाली की। यह भी घोषणा की कि हिमाचल प्रदेश व उत्तर प्रदेश में उपचुनाव तथा 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव में आकाश की अहम भूमिका होगी। उन्होंने पार्टी काडर को प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने को कहा।

#### ऐसे घटा यूपी में बसपा का जनाधार

| लोकसभा चुनाव | सीटें | वोट% |
|---|---|---|
| 2004 | 19 | 24.6 |
| 2009 | 20 | 27.4 |
| 2014 | 00 | 19.6 |
| 2019 | 10 | 19.4 |
| 2024 | 00 | 9.3 |

#### तब अपरिपक्व बता कर हटाया था...

**लोकसभा** चुनाव प्रचार के ऐन बीच आकाश को राष्ट्रीय संयोजक व मायावती के उत्तराधिकारी पद से हटा दिया था। भाजपा के खिलाफ तीखा हमले करने पर आकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। इसके अलावा टिकट वितरण में आनंद की भूमिका पर शिकायतें थीं। इस पर मायावती ने यह कदम उठाया था और कहा था कि आकाश अभी अपरिपक्व हैं और परिपक्व होने पर मौका दिया जाएगा।

**कार्यकर्ताओं में लोकप्रिय युवा चेहरा...** तीखे तेवरों के कारण आकाश बसपा काडर में लोकप्रिय हो रहे थे और अचानक उन्हें हटा दिया गया। पार्टी चुनाव में 10 से शून्य पर आ गई। अंदरखाने आकाश को लाने की मांग हो रही थी। सूत्रों के अनुसार हार की समीक्षा के लिए कॉर्डिनेटरों की बैठक में भी मायावती को दिए फीड बैक में किसी युवा चेहरे की आवश्यकता पर बल दिया। इसके लिए कांग्रेस में राहुल गांधी व सपा में अखिलेश के युवा नेतृत्व का भी हवाला दिया गया। सूत्रों के अनुसार ऐसे हालात में डेढ़ महीने में आकाश आनंद 'अपरिपक्व' से 'परिपक्व' हो कर पुरानी भूमिका में लाए गए हैं।

## ट्रेंडिंग न्यूज



### चीन के आगे नहीं झुकेंगे: फिलीपीन्स

**फिलीपीन्स** के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने चीन पर निशाना साधते हुए कहा है कि उनका देश 'किसी भी विदेशी ताकत' के आगे नहीं झुकेगा, लेकिन कभी युद्ध की शुरुआत नहीं करेगा।

### ईरान: सरकार विरोधी रैपर की फांसी रद्द



**महसा** अमिनी की मौत के बाद सरकार विरोधी असंतोष की प्रमुख आवाज बने रैपर तुमाज सालेही की मौत की सजा ईरानी सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी है। उन्हें धरती पर भ्रष्टाचार के दोष में निचली अदालत ने मौत की सजा दी थी। वकीलों ने इसे मानवाधिकारों की जीत माना है।

### पुतिन के हमले के लिए नाटो जिम्मेदार



ब्रिटेन की दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके पार्टी के नेता निगेल फराज ने कहा है कि यूरोपीय संघ और नाटो के पूर्व की ओर विस्तार ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन पर आक्रमण करने के लिए उकसाया। फराज के इस बयान पर बवाल मचा है।

# कबूतरों की आबादी का सफाया करने पर आमादा हुआ एक शहर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बर्लिन.** जर्मनी के एक शहर लिम्बर्ग एन डेर लाहन में कबूतरों की पूरी आबादी को खत्म करने के लिए हुए जनमत संग्रह के नतीजों ने एक नई बहस छेड़ दी है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में हुए जनमत संग्रह में निवासियों ने पक्षियों को मारने के पक्ष में मतदान किया। पशु-पक्षी अधिकार कार्यकर्ता इसकी आलोचना कर रहे हैं। वहीं, अधिकारी अभी भी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि जनमत संग्रह के परिणामों के आधार पर आगे बढ़ना है या नहीं।

लोगों का फैसला है कि दो वर्षों में कबूतरों की संख्या को बाज के सहारे घटाएं। बाज पालक की नियुक्ति हो।



### क्यों मारना चाहते हैं कबूतरों को

**निवासियों** और दुकानदारों ने दावा किया कि वे वर्षों से कबूतरों की बीट से परेशान हैं। पिछले वर्ष नवम्बर में नगर परिषद ने निर्णय लिया था कि कबूतरों को मारने के लिए जाल में फंसाया जाए और लकड़ी की छड़ी से वार कर कबूतरों की गर्दन तोड़ दें! इस निर्णय का कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध किया और इसके बाद जनमत संग्रह का आयोजन किया गया। अब जनमत संग्रह भी कबूतरों को मारने के पक्ष में गया है।

### जब एमू पक्षियों के खिलाफ तन गई थीं मशीनगनें

**वर्ष** 1932 में, ऑस्ट्रेलिया ने एमू पक्षियों के खिलाफ जंग छेड़ दी थी। यह एक मजाक की तरह लगता है, लेकिन पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की 'ग्रेट एमू वॉर' वास्तविक थी। उड़ने में असमर्थ पक्षियों से लड़ने और उन्हें मारने के लिए बाकायदा मशीनगनों से लैस सैनिकों को तैनात किया गया था।

एमू ने ऐसा क्या किया था कि उन्हें इस तरह के सशस्त्र युद्ध का सामना करना पड़ा? दरअसल, पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई किसान महा-मंदी के बाद अपनी फसलों को बचाने में लगे हुए थे। वहीं, दूसरी ओर प्रजनन के मौसम में अंतर्देशीय प्रवास करने वाले लगभग 20,000 एमू के पश्चिम आस्ट्रेलिया चले आने से उनकी मुश्किलें दस गुना बढ़ गईं। ऐसे में उन्हें मारने की ठानी गई।



#### एमू ने ही जीती यह जंग

**वर्ष** 1922 तक इन पक्षियों को एक देशी प्रजाति के रूप में संरक्षित किया गया था, बाद में उन्हें फसल को नुकसान पहुंचाने वाले के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया। किसानों ने चिंता जताई तो सरकार ने प्रथम विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों को बुलाया, जिन्होंने इनसे लड़ने के लिए मशीनगनों का इस्तेमाल किया। हालांकि, वे कुछ को ही मारने में सफल हो पाए। सरकार को समझ आ गया कि एमू से जीतना मुश्किल है। ऐसे में 1932 की एमू वॉर में एमू ही विजयी हुए।

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII, सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।
सम्पादकीय प्रभारी: सुरेश व्यास-पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी''